खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 18°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 9 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 111 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 21 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में महिलाओं के खिलाफ अपराध के सबसे अधिक मामले: एनसीआरबी पेज 2



आईपीएल 2026: टॉप-4 की जंग में उतरेंगे राजस्थान और गुजरात खेल टाइम्स




अफसोसजनक है राजनीति में बदले की भावना सम्पादकीय



अमेरिका ने फिर की ईरान पर बमबारी कहा: हमने पलटवार किया पेज 12

# राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीति को लगा बड़ा झटका

वाशिंगटन, वार्ता



■ अमेरिकी अदालत ने खारिज किया नया टैरिफ आदेश, कहा- व्यापार कानून का हुआ गलत इस्तेमाल

■ ट्रम्प की घोषणा यह साबित करने में विफल रही कि कानून के जरिये आवश्यक शर्तें पूरी हुई हैं: अदालत

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीति को बड़ा झटका लगा है। अमेरिकी संघीय व्यापार अदालत ने ट्रम्प प्रशासन द्वारा लगाए गए नए वैश्विक आयात शुल्क को खारिज कर दिया है।

अदालत ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने 1974 के ट्रेड एक्ट के तहत मिली सीमित शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया और कानून से बाहर जाकर 10 प्रतिशत आयात अधिभार (इंपोर्ट सरचार्ज) लगाने की कोशिश की। अमेरिकी कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने 2-1 के फैसले में कहा कि ट्रम्प प्रशासन 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 का इस्तेमाल व्यापक व्यापार घाटे और चालू खाता घाटे के आधार पर नहीं कर सकता। अदालत के मुताबिक, यह कानून 1970 के दशक की विशेष बैलेंस ऑफ पेमेंट्स यानी भुगतान संतुलन संकट से निपटने के लिए बनाया गया था, न कि आधुनिक दौर के सामान्य व्यापार घाटे के लिए। जज मार्क ए. बार्नेट और क्लेयर आर. केली ने अपने फैसले में कहा कि ट्रम्प की घोषणा यह साबित करने में विफल रही कि कानून के जरिये आवश्यक शर्तें पूरी हुई हैं। बता दें कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फरवरी में ये टैरिफ लगाए थे। अदालत ने यह भी चेतावनी दी कि अगर राष्ट्रपति को इतनी व्यापक व्याख्या की अनुमति दे दी जाए, तो उन्हें लगभग असीमित टैरिफ लगाने की शक्ति मिल जाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना संवैधानिक सवाल खड़ा कर सकता है, क्योंकि टैरिफ और व्यापार नीति तय करने का अधिकार मुख्य रूप से कांग्रेस के पास है। दरअसल, इस साल की शुरुआत में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प की पहले वाली टैरिफ व्यवस्था को भी खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने आपातकालीन शक्तियों वाले कानून के तहत लागू किया था। इसके बाद फरवरी में ट्रम्प ने धारा 122 का इस्तेमाल करते हुए नया टैरिफ लागू किया।

## ईरान ने अमेरिका के विध्वंसक जहाजों पर किया हमला

**तेहरान।** ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की नौसेना ने शुक्रवार सुबह अमेरिकी विध्वंसक जहाजों पर हमले किए। ईरान का दावा है कि यह कार्रवाई संघर्ष विराम के उल्लंघन और उसके एक तेल टैंकर के खिलाफ अमेरिकी सेना की आक्रामक गतिविधियों के जवाब में की गई है। यह घटना ईरान के दक्षिणी बंदरगाह 'जास्क' के पास हुई। ईरानी नौसेना के अनुसार, जब अमेरिकी युद्धपोत 'होर्मुज स्ट्रेट' की ओर बढ़ रहे थे, तब आईआरजीसी ने जवाबी हमला किया। इस अभियान में ईरान ने एंटी-शिप बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ-साथ विस्फोटक वारहेड वाले ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। ईरानी नौसेना ने बताया कि खुफिया निगरानी से पता चला है कि इस हमले में अमेरिकी सैन्य जहाजों को काफी नुकसान पहुंचा है। ईरान का दावा है कि हमले के बाद अमेरिकी सेना के तीन जहाज होर्मुज स्ट्रेट से तेजी से पीछे हट गए हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में सैन्य तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है।

## अमेरिका-ईरान के बीच फायरिंग में भारतीय जहाज डूबा, एक की मौत

**दुबई/द्वारका।** ईरान और अमेरिका की नेवी के बीच बीती रात हार्मुज स्ट्रेट में हुई फायरिंग की चपेट में गुजरात का एक मालवाहक जहाज डूब गया। हादसे में जहाज के इंजन रूम में काम कर रहे अल्ताफ तालब केर नाम के भारतीय क्रू की मौत हो गई, बाकी 17 क्रू को बचा लिया गया। मालवाहक जहाज डैट एल फैज नूरे सुलेमानी दुबई से कार्गो लेकर यमन के मुकाला बंदरगाह जा रहा था। उस पर एक गनमैन समेत कुल 18 क्रू सवार थे। 7 मई की सुबह जहाज हार्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा था। इसी दौरान ईरान अमेरिकी नेवी के बीच आमने-सामने फायरिंग शुरू हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### देशभर में अपराध छह फीसदी घटे: NCRB

**नई दिल्ली।** देशभर में 2024 में दर्ज अपराधों की संख्या में 6 फीसदी की गिरावट आई है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक, 2023 में 62.41 लाख मामलों के मुकाबले 2024 में 58.85 लाख केस दर्ज हुए। यह जानकारी बुधवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, क्राइम रेट यानी प्रति एक लाख आबादी पर दर्ज मामलों की संख्या भी कम हुई है। यह 2023 में 448.3 से घटकर 2024 में 418.9 रह गई। इससे साफ है कि कुल मामलों के साथ अपराध दर में भी गिरावट आई है। 2024 में हत्या के कुल 27,049 मामले दर्ज हुए। यह 2023 के मुकाबले 2.4 फीसदी कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, हत्या के मामलों में सबसे बड़ा कारण आपसी विवाद रहा। इसके बाद बदला या दुश्मनी और लालच जैसी वजहें सामने आईं।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

**इम्फाल।** मणिपुर में सेनापति और चुराचांदपुर जिलों में चलाए गए अलग-अलग अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और सामरिक उपकरण बरामद किए। सुरक्षा बलों ने सेनापति जिले के सेनापति पुलिस थाना अंतर्गत मरेमई-हेंगबुंग पहाड़ी श्रृंखलाओं में एक तलाशी अभियान शुरू किया और वहां से विभिन्न प्रकार के हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए। बरामद किए गए सामानों में मैगजीन के साथ दो-22 राइफलें, मैगजीन के साथ एक -303 राइफल, मैगजीन के साथ एक एमपी-5 राइफल, मैगजीन के साथ एक एके-47 राइफल, चार स्थानीय स्तर पर बनी बोल्ट-एक्शन राइफलें, एक स्थानीय निर्मित शॉटगन, मैगजीन के साथ तीन -32 पिस्तौलें और मैगजीन के साथ दो -22 पिस्तौलें शामिल थीं।

### 'आश्चर्य का तत्व' विकसित करें कमांडर: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजी से बदलते भू-राजनीतिक सुरक्षा परिदृश्य में हर तरह की स्थिति से निपटने को तैयार रहने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वायत्त प्रणालियों, डेटा विश्लेषण और सुरक्षित संचार नेटवर्क में क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि भविष्य के संघर्ष हाइब्रिड खतरों, सूचना प्रभुत्व तथा साइबर, अंतरिक्ष और विद्युतचुंबकीय क्षेत्रों में एक साथ संचालित अभियानों से प्रभावित होंगे। श्री सिंह ने संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन कमांडरों को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए की त्वरित, सटीक और संयुक्त जवाबी कार्रवाई का प्रतीक बताया।

### मुझे डांटकर चैम्बर से बाहर निकाल दिया था : सीजेआई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शुक्रवार को अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा एक किस्सा सुनाया। केस की सुनवाई के दौरान सीजेआई ने बताया कैसे एक जज ने उन्हें डांट लगाते हुए चैंबर से बाहर निकल जाने को कहा था।

# बंगाल में सुवेंदु व तमिलनाडु में विजय आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

कोलकाता, वार्ता



■ सुवेंदु अधिकारी राज्यपाल से मिलने पहुंचे, सरकार बनाने का दावा पेश किया

**सुवेंदु अधिकारी** पश्चिम बंगाल के नए सीएम होंगे। कोलकाता में कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। बैठक के बाद अमित शाह ने उनके नाम का ऐलान किया। इसके बाद सुवेंदु राज्यपाल से मिलने लोकभवन पहुंचे और सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सुवेंदु शनिवार सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे। उधर शाह ने विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ममता जी के शासन में अपराधी राजनेता बन गए, तो विकास की गुंजाइश ही नहीं रही। हम घुसपैठ, हिंसा, कट मनी खत्म करेंगे। महिला सुरक्षा टॉप प्रायोरिटी होगी। 56 साल के सुवेंदु ने सीएम ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वे नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीती हैं। अमित शाह ने सुवेंदु के नाम का ऐलान करने के बाद उन्हें सबसे पहले माला पहनाई।

## विजय को गवर्नर ने दिया सरकार बनाने का न्योता



**चेन्नई।** तमिलनाडु में सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय शुक्रवार को तीसरी बार लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल से मिले। विजय द्वारा समर्थन पत्र सौंपने के बाद राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया। सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात संक्षिप्त रही।

शनिवार सुबह 11 बजे विजय मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। विजय की शपथ में राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस और वामपंथी दलों से समर्थन मिलने के बाद विजय ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। वामपंथी दलों द्वारा बिना शर्त समर्थन देने के कुछ घंटों बाद विजय शुक्रवार को तीसरी बार राजभवन पहुंचे, उन्होंने सरकार बनाने के जरूरी आंकड़े का समर्थन पत्र सौंपा। टीवीके ने चुनाव में कुल 108 सीटें जीतकर मजबूत प्रदर्शन किया है। राज्य में सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 118 सीटों का है। ऐसे में विजय को सरकार गठन के लिए अभी और विधायकों के समर्थन की जरूरत है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, सीपीआई, वीसीके और मार्क्सवादी (सीपीआई- एम) के पास 2-2 विधायक हैं। वहीं कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन टीवीके को पहले से मिला हुआ है।

## कर्नल सोफिया पर विजय शाह की टिप्पणी

# मप्र सरकार पर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कर्नल सोफिया मामले में एमपी सरकार को फटकार, कहा: बहुत हुआ, आदेश का पालन करें

**नई दिल्ली।** सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अभियोजन स्वीकृति देने में हो रही देरी पर राज्य सरकार को फटकार लगाई। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने कड़े शब्दों में कहा कि बस बहुत हुआ, अब हमारे आदेश का पालन कीजिए। कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। सुनवाई के दौरान जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मंत्री का बचाव करते हुए कहा कि शायद उनके बयान को गलत समझा गया और वे महिला अधिकारी की प्रशंसा करना चाहते थे, तो सीजेआई सूर्यकांत ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। एक राजनेता के तौर पर उन्हें अच्छी तरह पता है कि किसी महिला अधिकारी की प्रशंसा कैसे की जाती है। कोर्ट ने एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट का हवाला देते हुए टिप्पणी की कि मंत्री को इस तरह के कमेंट करने की आदत है। यह विवाद पिछले साल भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ की गई क्रॉस-बॉर्डर सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद शुरू हुआ था।

# ग्रेटर नोएडा के निर्माणाधीन हॉस्टल में दो मालियों के शव मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मेरठ के रहने वाले थे दोनों मृतक

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिला क्षेत्र ग्रेटर नोएडा के नॉलेजपार्क थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक निजी इंस्टीट्यूट के निर्माणाधीन हॉस्टल में दो व्यक्तियों के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस हत्या की आशंका के आधार पर मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस ने बताया गया कि उसको डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक निजी संस्थान के निर्माणाधीन हॉस्टल के कमरे में दो लोगों के शव पड़े हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना नॉलेजपार्क पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पूछताछ के दौरान मृतकों की पहचान इंद्र पुत्र निवासी अब्दुल्लापुर, मेरठ तथा शीशपाल निवासी ग्राम इंचौली, मेरठ के रूप में हुई। दोनों की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है। दोनों व्यक्ति करीब दो से तीन दिन पहले ही संस्थान में माली का कार्य करने के लिए आए थे और निर्माणाधीन हॉस्टल परिसर में ही रह रहे थे।

## कांग्रेस और द्रमुक के अलग हुए रास्ते

**नई दिल्ली।** द्रमुक सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर संसद में द्रमुक सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की है। कनिमोझी ने अपने पत्र में लिखा कि वह लोकसभा में द्रमुक सांसदों की सीटिंग व्यवस्था में उपयुक्त बदलाव करने का सम्मानपूर्वक अनुरोध करती हैं। बदले हुए राजनीतिक हालात और कांग्रेस के साथ गठबंधन समाप्त हो जाने के बाद सदन में कांग्रेस सांसदों के साथ मौजूदा सीटिंग व्यवस्था में बैठना अब उचित नहीं माना जा सकता।



चेन्नई: टीवीके प्रमुख विजय के समर्थन में पोस्टर दिखाती एक कांग्रेस कार्यकर्ता।

# स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली 'तारा' का सफल परीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ डीआरडीओ ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की

**नई दिल्ली।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वदेशी रूप से विकसित ग्लाइड वेपन सिस्टम टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन (तारा) का पहला सफल परीक्षण उड़ान किया गया है।

ओडिशा तट के पास गुरुवार को किए गए इस परीक्षण को भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की प्रिसिजन स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 'तारा' भारत का पहला स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम है। इसे बिना दिशा-निर्देश वाले वारहेड को अत्यधिक सटीक निशाना साधने वाले प्रिसिजन गाइडेड हथियार में बदलने के लिए विकसित किया गया है। इस तकनीक के जरिये पारंपरिक और कम लागत वाले हथियारों की मारक क्षमता और सटीकता को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। मंत्रालय ने बताया कि इस प्रणाली को हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की प्रमुख प्रयोगशाला रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) ने अन्य डीआरडीओ लैब्स के सहयोग से विकसित किया है। इसका उद्देश्य कम लागत में ऐसे अत्याधुनिक हथियार तैयार करना है, जो दुश्मन के जमीनी ठिकानों को बेहद सटीकता के साथ निशाना बना सकें। विशेषज्ञों के मुताबिक, ग्लाइड वेपन सिस्टम पारंपरिक बमों को आधुनिक गाइडेंस तकनीक से लैस करता है, जिससे वे लंबी दूरी तक जाकर लक्ष्य को अधिक सटीकता से भेद सकते हैं। 'तारा' प्रणाली में अत्याधुनिक लेकिन कम लागत वाली तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे भविष्य में भारतीय सशस्त्र बलों को कम खर्च में उच्च क्षमता वाले प्रिसिजन हथियार उपलब्ध हो सकेंगे।

# यूपी में आंधी-बारिश से पारा 10 डिग्री तक गिरा

■ गुजरात और महाराष्ट्र में गर्मी और उमस वाला मौसम बना

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड और गंगा से सटे बंगाल के इलाकों में आंधी-बारिश का अलर्ट है।

दक्षिण में केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के कई जिलों में भी अगले 7 दिन तक भारी बारिश होगी। शुक्रवार को एमपी में आंधी-बारिश के बाद तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यूपी में भी बारिश से राहत रही। 7 दिन पहले जिस बांदा में तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस था, वह 7 मई को 38 डिग्री तक पहुंच गया। हालांकि, गुजरात और महाराष्ट्र में गर्मी और उमस वाला मौसम बना हुआ है। गुजरात का राजकोट देश में सबसे गर्म रहा, यहां का तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुश्किलों में हम नहीं छोड़ते साथः अखिलेश

**लखनऊ।** सपा मुखिया और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने तमिलनाडु के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके स्टालिन संग तस्वीर साझा की है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट में उन्होंने पश्चिम बंगाल की निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ भी तस्वीर शेयर की है। अखिलेश ने ममता और स्टालिन की तस्वीर साझ करते हुए लिखा- हम वो नहीं, जो मुश्किलों में साथ छोड़ दें। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की तमिलनाडु इकाई ने डीएमके के साथ गठबंधन खत्म कर टीवीके साथ जाने का ऐलान किया है। कांग्रेस हाईकमान ने राज्य इकाई पर यह फैसला छोड़ा था कि वह टीवीके को समर्थन देना चाहती है या नहीं। कांग्रेस ने डीएमके के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा था। हालांकि नतीजों के बाद कांग्रेस ने पाला बदल लिया।

### पुलिस ने नशीले पदार्थों के आरोपी की संपत्ति गिराई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नशामुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस ने नशीले पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए कई प्रमुख तस्करों की अवैध संपत्तियां गिराते हुए दुकानें सील की और करोड़ों की संपत्ति जब्त की है। बारामूला पुलिस ने जीडीए के साथ मिलकर तंगमार्ग क्षेत्र में नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की। संयुक्त अभियान में फिरोजपोरा तंगमार्ग के कुख्यात नशीले पदार्थों के तस्कर इम्तियाज अहमद मीर की एक दुकान को पुलिस ने गिरा दिया।

## उप्र में लापरवाह डॉक्टरों पर सरकार की बड़ी कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही, अनियमितताओं और कर्तव्य पालन में कोताही के मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए पांच डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है तथा कई स्वास्थ्य अधिकारियों और डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार लंबे समय तक बिना सूचना ड्यूटी से अनुपस्थित रहने और चिकित्सा कार्य से दूर रहने के आरोप में पांच चिकित्सा अधिकारियों को सेवा से हटाया गया है।

बर्खास्त किए गए डॉक्टरों में गोरखपुर जिला अस्पताल की डा. अलकनंदा, कुशीनगर सीएमओ कार्यालय में तैनात डा. रामजी भारद्वाज, बलरामपुर के डा. सौरभ सिंह, अमेठी के सीएचसी जगदीशपुर के डा. विकलेश कुमार शर्मा और औरैया के सीएचसी दिबियापुर की डा. मोनिका वर्मा शामिल हैं। बयान के अनुसार सरकार ने



■ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पांच डॉक्टर किए बर्खास्त, दो डाक्टरों की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश

अंबेडकर नगर में निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण में कथित अनियमितताओं के मामले में सीएमओ डा. संजय कुमार शैवाल और डिप्टी सीएमओ डा. संजय वर्मा समेत 16 चिकित्सा अधिकारियों के खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं। प्रारंभिक जांच में इन अधिकारियों पर सरकारी मानकों के उल्लंघन, पद के दुरुपयोग और निजी हितों के लिए फाइलों को मंजूरी देने के आरोप सही पाए गए। जांच एक अपर जिलाधिकारी समेत तीन सदस्यीय समिति ने की थी। हरदोई में अवैध निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई न करने और जिम्मेदारियों की अनदेखी के आरोप में चिकित्सा अधीक्षक डा. मनोज कुमार सिंह के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिले में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद एक जूनियर डॉक्टर को वरिष्ठ जिम्मेदारी सौंपने पर सीएमओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

इस बयान में कहा गया है कि इलाज में लापरवाही, प्रशासनिक चूक, अनुचित मेडिको-लीगल जांच और सहकर्मियों से दुर्व्यवहार जैसे मामलों में भी कई डॉक्टरों पर कार्रवाई शुरू की गई है। इनमें प्रयागराज के डा. शमीम अख्तर, सुल्तानपुर के सीएचसी लंभुआ में तैनात एक डाक्टर और फार्मासिस्ट तथा मथुरा जिला अस्पताल के दो डॉक्टर शामिल हैं। चिकित्सा कर्तव्यों में कथित लाप. रवाही के लिए बलरामपुर, वाराणसी, बदायूं, लखीमपुर खीरी और संभल समेत कई जिलों में तैनात डॉक्टरों के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

## सीईओ के खिलाफ इंटर्न ने यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया

नई दिल्ली, वार्ता

राजधानी दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी रेडक्यूब डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अजय प्रकाश के खिलाफ कंपनी की इंटर्न ने यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है।

दक्षिण दिल्ली की रहने वाली पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने उसे गंभीर परिणामों की धमकी दी है। अपनी शिकायत के अनुसार उसने 2025 में बतौर एक इंटर्न कंपनी जॉइन की थी। पीड़िता ने बताया कि जिस दिन मैंने कंपनी जॉइन की, मुझे सीईओ अजय प्रकाश और उनकी पत्नी (जो कंपनी में निदेशक हैं) का व्यवहार अच्छा नहीं लगा। अजय प्रकाश मुझे मेरे व्हाट्सप नंबर पर

■ द. दिल्ली की रहने वाली है पीड़िता

बे-वक्त कॉल किया करते थे। उसने आरोप लगाया कि सीईओ को पता था कि वह दिल्ली में अकेली है और उसने इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश की। उसने कहा कि अजय प्रकाश उसे छोटी-मोटी बातों के लिए भी अपने केबिन में बुलाते, लेकिन वह हमेशा काम से मतलब रखती रही। पीड़िता ने सीईओ पर आरोप लगाया कि काम के दौरान अनुि. चत शब्दों का इस्तेमाल करते और जब वह अपनी डेस्क पर होती, तो लगभग हर दिन सबके सामने, बगैर उसकी अनुमति के उसके कंधों और बालों को छूते थे। उसने आरोप लगाया कि उसे चुप रहने और ऑफिस में उसके साथ हुई किसी भी घटना के बारे में किसी को न बताने की धमकी दी गई थी, वरना वे उसका करियर बर्बाद करने की धमकी देते। पीड़िता ने कहा कि 15 अप्रैल, 2026 को नौकरी छोड़ने के बाद 24 अप्रैल, 2026 को मेरी परीक्षा थी। उस परीक्षा में बैठने के लिए मुझे कंपनी से चार महीने की इंटर्नशिप का सर्टिफिकेट चाहिए था। मैंने कंपनी के एचआर को मौखिक और शारीरिक उत्पीड़न की पूरी घटना के बारे में ईमेल किया, जिस पर अजय प्रकाश ने स्थिति का तोड़-मरोड़कर जवाब दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि एचआर हिना खान ने उसे इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया और उसके बाद उसे कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए।

## स्वच्छता अभियान को जनांदोलन बनाएंः शर्मा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर बैठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित संगम सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश भर के नगर आयुक्त, मेयर, पार्षद, ईओ तथा विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26, सिटीजन फीडबैक, कूड़ा पृथक्करण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 और आरआरआर मॉडल के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाए और आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर निकायों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक सिटीजन फीडबैक प्राप्त किया जाए तथा वार्ड स्तर पर स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों को सक्रिय किया जाए। मंत्री ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन और वैज्ञानिक वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था को मजबूत करने पर भी विशेष बल दिया गया। शर्मा ने कहा कि आगामी मानसून को देखते हुए मंत्री ने नाला-नालियों की नियमित सफाई, सिल्ट निक. ासी और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बैठक में सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने, साफ-सफाई और स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन आधारित जागरूकता अभियान संचालित करने पर भी चर्चा हुई।

### एनसीआरबी ने 2024 के लिए अपराध के जारी किए आंकड़े

## यूपी में महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध

नई दिल्ली, वार्ता

■ 2024 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 441534 दर्ज किए गए

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने हाल ही में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आंकड़े जारी किए जिसके अनुसार देश में 2024 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 441534 दर्ज किए गए, जबकि 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 448211 दर्ज किए गए थे।

राज्यों के हिसाब से 2024 में उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के सबसे अधिक 66398 मामले दर्ज किए गए, जिसके बाद महाराष्ट्र 47954 और राजस्थान 36563 मामलों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 13396 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2023 में 13439 मामले दर्ज किए गए थे। केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में सबसे कम 13 मामले दर्ज किए गए, जिसके बाद केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 34 और नागालैंड 56 मामलों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

### महिला सुरक्षा पर एनसीआरबी आंकड़ों ने खोली मोदी सरकार की पोलः खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पिछले 12 वर्षों में सरकार के दावों की वास्तविकता देश के सामने आ चुकी है। खड़गे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि 2013 के बाद से महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 42.6 प्रतिशत, बच्चों के खिलाफ अपराधों में 204.6 प्रतिशत, दलितों के खिलाफ अत्याचारों में 41.3 प्रतिशत तथा आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में 46.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने साइबर अपराधों में हुई बढ़ोतरी का भी जिक्र किया।

### भाजपा शासन में महिलाओं के खिलाफ बड़े मामलेः अलका लाम्बा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है और भारतीय जनता पार्टी सरकार इन अपराधों को नियंत्रित नहीं कर पा रही है। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा महिलाओं को सुरक्षा देने का दावा करती है लेकिन सबसे ज्यादा अपराध भाजपा शासित राज्यों में ही हो रहे है। भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र जैसे राज्य देश में महिला अपराधों के आंकड़े में सबसे ऊपर हैं। उत्तराखंड में अंकिता भंडारी के साथ भाजपा के नेताओं द्वारा दुष्कर्म कर उसकी हत्या की जाती है लेकिन उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं होती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स


| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77328.19 |
| निफ्टी | 24176.15 |
| सोना | 152720 प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 261000 प्रति किलो |

## शेयर बाजारों में गिरावट, बैंकों और वित्तीय कंपनियों पर बना दबाव

मुंबई, वार्ता

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को गिरावट रही और बैंकिंग तथा वित्तीय कंपनियों पर सबसे अधिक दबाव देखा गया। बीएसई का सेंसेक्स 516.33 अंक (0.66 प्रतिशत) टूटकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 150.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत नीचे 24,176.15 अंक पर बंद हुआ।

वृहत बाजार में अधिकतर सूचकांक लाल निशान में रहे। हालांकि निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.06 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0. 22 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। दूसरे प्रमुख एशियाई बाजारों में गिरावट से भी निवेश धारणा प्रभावित हुई। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट देखी जा रही है। बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों पर सबसे अधिक दबाव रहा। तेल एवं गैस, धातु और रियलटी समूहों के सूचकांकों में भी ज्यादा गिरावट



देखी गई। आईटी समूह में सबसे अधिक लिवाली देखी गई। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर साढ़े छह फीसदी से ज्यादा लुढ़क गया। एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, टाटा स्टील और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत तक टूट गए। ट्रेंट, बजाज फिनसर्व और इटरनल में भी गिरावट रही। टाइटन का शेयर पौने पांच प्रतिशत उछला। एशियन पेंट्स में करीब तीन फीसदी की बढ़त रही। अडानी पोर्ट्स, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी तेजी रही।

## सोना और चांदी की कीमतें बढ़ीं

**नई दिल्ली।** शुक्रवार दोपहर सोना 460 रुपये की बढ़त के साथ 1,52,720 रुपये के भाव पर कारोबार करता दिखा। वहीं चांदी करीब 1 फीसदी या 2459 रुपये के उछाल के साथ 2.61 लाख रुपये के भाव पर ट्रेड करती दिखी।

इससे पहले सुबह करीब 9 बजे मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 5 जून 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,52,261 रुपये के मुकाबले 411 रुपये बढ़कर 1,52,672 रुपये पर खुला था। सुबह 9.43 पर यह 471 रुपये या 0.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,52,732 रुपये पर था और तब तक के कारोबार में सोने ने 1,52,672 रुपये का न्यूनतम स्तर और 1,53,103 रुपये का उच्चतम स्तर बनाया था। दूसरी ओर चांदी का 3 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 2,58,540 रुपये के मुकाबले 1,445 रुपये की बढ़त के साथ 2,59,999 रुपये पर खुला था।

## उत्तर रेलवे के 1478 किमी मार्ग पर कवच प्रणाली के विस्तार को मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय रेल ने उत्तर रेलवे के 1,478 किलोमीटर मार्ग पर स्वदेशी कवच (स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली) के विस्तार को मंजूरी दी है। रेलवे की ओर से शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में बताया है कि रेल सुरक्षा को मजबूत बनाने तथा रेलवे के आधुनिकीकरण को लेकर मंजूर की गई इस परियोजना पर लगभग 362 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इसके तहत फिरोजपुर और जम्मू मंडल के करीब 1,478 रूट किलोमीटर मार्ग पर कवच प्रणाली स्थापित की जाएगी। परियोजना के अंतर्गत फिरोजपुर मंडल के शेष 1,012 किलोमीटर पर लगभग 241 करोड़ रुपये की लागत से कवच लगाया जाएगा। वहीं जम्मू मंडल में जलंधर सिटी जंक्शन-जम्मू तवी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, बटाला जंक्शन-पठानकोट जंक्शन और बनिहाल-बारामूला सेक्शनों के लगभग 466 किलोमीटर पर करीब 121 करोड़ रुपये की लागत से कवच प्रणाली स्थापित की जाएगी। रेलवे ने बताया है कि इसके तहत रेलवे ट्रैक के किनारे स्थाई कवच सिस्टम लगाए जाएंगे। साथ ही, 40 मीटर ऊंचे संचार टावर और एंटीना अवसंरचना भी विकसित की जाएगी, ताकि सुरक्षा प्रणाली बेहतर और निर्बाध तरीके से कार्य कर सके। रेलवे के अनुसार कवच भारत में विकसित एक स्वदेशी स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली है, जो किसी भी आपात स्थिति में स्वतः ब्रेक लगाकर ट्रेन टक्कर जैसी घटनाओं को रोकने में मदद करता है। यह तकनीक लोको पायलट को सुरक्षित ट्रेन संचालन में सहयोग देती है, क्योंकि इसके माध्यम से लोकोमोटिव, सिग्नलिग सिस्टम और ट्रैक पर लगे उपकरणों के बीच लगातार संपर्क बना रहता है। रेलवे ने कहा है कि इन महत्वपूर्ण रेल मार्गों पर कवच प्रणाली लागू होने से ट्रेन संचालन और अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और सुगम बनेगा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## विदेशी मुद्रा भंडार 7.79 अरब डॉलर घटा

मुंबई, वार्ता

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 01 मई को समाप्त सप्ताह में 7.794 अरब डॉलर घटकर 690.693 अरब डॉलर रह गया। यह विदेशी मुद्रा भंडार का पांच सप्ताह का निचले स्तर और इसी अवधि में सबसे बड़ी गिरावट भी है। इससे पहले, 24 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 4.821 अरब डॉलर घटकर 698.487 अरब डॉलर रहा था।

विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट की मुख्य वजह स्वर्ण भंडार में गिरावट रही। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 01 मई को समाप्त सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 5.021 अरब डॉलर घटकर 115.216 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति भी 2.797



अरब डॉलर की कमी के साथ 551.825 अरब डॉलर रहा। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, ब्रितानी पाउंड और यूरो भी शामिल हैं। इनके मूल्य का आंकलन डॉलर की तुलना में इनकी संदर्भ दर के आधार पर किया जाता है। आलोच्य सप्ताह में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.863 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 1.5 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 18.789 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## अब मिशन यूपी की तैयारी में बीजेपी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में से तीन पर बीजेपी ने भगवा लहरा दिया है। जल्द ही पश्चिम बंगाल और असम में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो जाएगा। इसके बाद बीजेपी का पूरा फोकस उत्तर प्रदेश पर रहने वाला है।देश की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने वाले उत्तर प्रदेश के 2027 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ही यह बदलाव किए जाएंगे।

इसी दिशा में उत्तर प्रदेश में योगी मंत्रिमंडल के विस्तार और प्रदेश इकाई में बदलाव की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। खबर है कि 7 मई के बाद कभी भी मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा सकता है। योगी मंत्रिमंडल के लिए नामों की सूची पर काम शुरू कर दिया गया है, लेकिन बीजेपी मंत्रिमंडल विस्तार में ज्याद बदलाव करने के मूड में नहीं है। हालांकि अटकलें हैं कि मंत्रिमंडल में कुछ नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है और कुछ ही पुराने चेहरे हटाए जा सकते हैं। इसका उद्देश्य जातीय समीकरण को साधना है। बीजेपी 2027 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ही

■ मंत्रिमंडल के साथ-साथ संगठन में भी हो सकता है बदलाव!

मंत्रिमंडल का विस्तार करने पर विचार कर रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल में 54 मंत्री हैं। प्रदेश के मंत्रिमंडल की क्षमता 60 सीटों की है और अभी 6 सीटें खाली हैं, जिन्हें भरने पर फोकस किया जाएगा।


वर्तमान के मंत्रिमंडल में ज्यादा बदलाव न करने का उद्देश्य राज्य सरकार में जातीय समीकरणों के संतुलन को बनाए रखना है। अलीगढ़ की सुरक्षित सीट से विधायक सुरेंद्र दिलेर का नाम मंत्री पद के लिए चर्चा में है। इसके अलावा सुरेंद्र दिलेर वाल्मीकि समाज से ताल्लुक रखते हैं। इस तरह मंत्रिमंडल में एक वाल्मीकि चेहरा भी शामिल हो सकता है। ब्राह्मण जाति से रायबरेली के मनोज पांडे और मथुरा विधानसभा क्षेत्र से श्रीकांत शर्मा का नाम भी मंत्री पद के लिए चर्चा में है। इसके अलावा पिछड़ी जाति से हंसराज विश्वकर्मा का नाम भी मंत्रीपद के लिए चर्चा में है। इसके अलावा बीजेपी योगी की टीम में महिलाओं की भागीदारी को भी बढ़ाने पर विचार कर रही है। फतेहपुर से तीन बार विधायक रहीं कृष्णा पासवान को मंत्री बनाया जा सकता है, जिससे महिला के साथ-साथ दलित समीकरण को साधा जा सके। इसके अलावा महमूदाबाद की विधायक आशा मौर्य को भी मंत्री बनाने की चर्चा है।

आशा मौर्य पिछड़ी जाति से हैं। जानकारी के लिए बता दें कि पिछले कुछ समय से बीजेपी यूपी को लेकर दिल्ली से लेकर लखनऊ तक कई बैठकें कर रही थी। मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद प्रदेश संगठन में बदलाव के लिए प्रस्तावित नामों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को सौंप दी गई हैं। इसकी जानकारी यूपी के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने दी। पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से ही नई प्रदेश कार्यकारिणी बनाने को लेकर चर्चा थी, लेकिन अब इसे जल्द से जल्द बनाने को लेकर काम शुरू कर दिया गया है। चाहे मंत्रिमंडल का विस्तार हो या प्रदेश में संगठन का बदलाव बीजेपी जातीय समीकरणों का खास ख्याल रख रही है।

## बंगाल फिर बनेगा व्यापार, उद्योग और रोजगार का केंद्रः खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा है कि पश्चिम बंगाल फिर से व्यापार, उद्योग और रोजगार का केंद्र बनेगा।

खंडेलवाल ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि व्यापार एवं उद्योग जगत अब राज्य में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार बनने की संभावना के साथ नई आशा और विश्वास से भर गया है। पिछले 15 वर्षों में राज्य में उद्योग, व्यापार, सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), पारंपरिक कारोबार और उद्यमिता को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। नीति अस्थिरता, निवेशकों का घटता विश्वास, उद्योगों का पलायन, सिंडिकेट संस्कृति, प्रशासनिक दबाव और कमजोर औद्योगिक वातावरण ने बंगाल की ऐतिहासिक औद्योगिक पहचान को कमजोर किया। खंडेलवाल ने कहा कि एक समय देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में गिने जाने




वाला पश्चिम बंगाल आज निवेश, रोजगार और औद्योगिक विकास की दौड़ में पीछे चला गया है। हजारों एमएसएमई इकाइयां बंद हुई या अन्य राज्यों में स्थानांतरित हो गईं। व्यापारियों, छोटे उद्योगों, कारीगरों और पारंपरिक क्षेत्रों को पर्याप्त संरक्षण एवं प्रोत्साहन नहीं मिला, विशेष रूप से चाय, जूट, हैंडलूम, चमड़ा, मिठाई उद्योग और छोटे व्यापार से जुड़े लाखों लोगों को बढ़ती लागत, जटिल नियमों और कमजोर बुनियादी ढांचे का सामना करना पड़ा। छेना आधारित मिठाइयों पर जीएसटी ने भी पारंपरिक मिठाई उद्योग पर अतिरिक्त बोझ डाला।

# दो माह के भीतर रजवाहे में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**दोस्तों संग रजवाहे में नहाने गया था मासूम आहद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढाना क्षेत्र के ग्राम जौला गांव के निकट राजबाहा मासूम बच्चों के लिए मौत का सबब बन गया है जिससे ग्रामीणों में अपने बच्चों को लेकर खौफ बना हुआ है। इस राजबाहे में दो माह के भीतर तीन मासूम बच्चों की डूबने से जान चली गई है। इसमें गंभीर बात यह है कि राजबाहे में गिरते ही पानी की तेज धारा पानी में डूबे बच्चों को कुछ ही पल में दूर तक ले जाती है जिससे बच्चों को जिन्दा निक. ालना बहुत ही नामुमकिन है यही कारण है कि अब तीन बच्चों की मौत से इस गांव में खौफ बना हुआ है। अभी ग्रामीण दो मासूम बच्चों की पानी में डूबने से हुई मोत को भुला भी नहीं पाए थे कि बृहस्पतिवार को अचानक ही लापता हुए पांच साल के मासूम आहद का शुक्रवार को शव काफी दूर मिला।

जिसके बाद इस परिवार में भी कोहराम मच गया और गांव में मातम सा छा गया है, हालांकि बच्चे के लापता होने के बाद परिवार के लो इसे अपहरण की घटना बता रहे थे,लेकिन शव मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी



के अनुसार जौला गांव निवासी फुरकान ने बीती 07 मई को बुढ़ाना कोतवाली पहुंचकर पुलिस को बताया था कि उनका 5 साल का बेटा दोपहर से घर से गायब है। बुढ़ाना पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर बच्चे की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी थी। बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर गठित टीम ने गांव व आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और साथ ही गांव के बच्चों और ग्रामीणों से पूछताछ की। जांच में सामने आया कि फुरकान का बेटा बृहस्पतिवार की दोपहर गांव के कुछ बच्चों के साथ परासौली रजवाहे पर नहाने गया था। नहाते वक्त वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। डर के कारण साथ गए बच्चे बिना किसी को बताए घर लौट आए। सूचना मिलते ही पुलिस ने गोताखोरों की मदद से रजवाहे में सर्च ऑपरेशन चलाया। लगभग 24 घंटे की मशक्कत के बाद शुक्रवार के दिन बच्चे का शव बरामद कर लिया गया। बुढ़ाना पुलिस ने मृतक बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया है।

# राख में दबी शव की हड्डी मिलने से बना आक्रोश

## पूर्व मैनेजर के परिजनों ने कॉलेज में लगाए थे पेड़, गांव में अफवाह के साथ फैली दहशत, पुलिस मौके पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गांव नरा जडौदा विश्वकर्मा इण्टर कॉलेज नरा के मृतक मैनेजर के शव की दबी राख में हड्डी का टुकडा निकल जाने से गांव में फैली अफवाह के बाद ग्रामीणों की भीड़ कॉलेज में इकट्ठा हो गई और यहं उन्होने हल्का-फुल्का विरोध करते हुए आक्रोश प्रकट किया। सूचना के कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। और लगाए गए पेड के पास दबी राख में मिली हड्डी को निकलवाकर गंगा में विसर्जित कराई इसके बाद भीड़ शांत हो गई।

बताते है कि नगर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला प्रेमपुरी के रहने वाले वेदप्रकाश शर्मा नरा स्थित विश्वकर्मा इण्टर कॉलेज में मैनेजर थे। वे यहां करीब पन्द्रह वर्ष इसी पद पर रहे और उनकी उम्र 80 वर्ष हो चुकी थी।

बताया जाता है कि करीब आठ माह पूर्व वेद प्रकाश शर्मा मैनेजर पद से रिटायर्ड हुए थे इसके बाद इसी पोस्ट पर उनके बेटे नितिन तैनात हो गए थे। बताया जाता है कि एक मई को रिटायर्ड वेद प्रकाश शर्मा का स्वर्गवास हो गया था। अंतिम संस्कार के बाद उनकी राख को पांच मई को विश्वकर्मा इण्टर कॉलेज में ले जाया गया।

परिवार के लोगों ने यहां नीम के दो पेड लगाए और उनके पास राख को दबा दिया था। बताया जाता है कि आज किसी तरह ग्रामीणों को यह पता लगा कि पूर्व मैनेजर की पेड के पास हड्डी दबाई गई है जिसके बाद यह मामला गांव में अफवाह बन गया और लोगों में यह चर्चा होने लगी कि कॉलेज के अंदर शमशान घाट बनाया जा रहा है तो कुछ लोगों का यह कहना था कि कॉलेज में मिली अस्थियां मिली है और इससे कॉलेज में आने वाले और शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों में भय पैदा होगा। कॉलेज में हंगामे की सूचना मिलते ही मंसूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की।

जांच पडताल में ऐसा कुछ नहीं पाया गया कि यहां पर जानबुझकर या सोच समझकर हड्डिया दबाई गई हो। छानबीन में पता लगा कि राख के साथ हड्डिया आने से ही लोगो में यह भय बना हुआ है। फिलहाल पुलिस ने यहां मिली हड्डी को गंगा में विसर्जित करा दिया है। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और अफवाह भी शांत हो गई।



# ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

## मीरापुर में दर्दनाक सड़क हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के गांव सिकरेड़ा निवासी एक ई-रिक्शा चालक की दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार गांव सिकरेड़ा निवासी बिजेंद्र (40) पुत्र फूल सिंह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। शुक्रवार दोपहर वह किसी कार्य से देवल गया हुआ था। कार्य पूरा करने के बाद जब वह ई-रिक्शा से वापस अपने गांव लौट रहा था और गांव के सामने स्थित फ्लाईओवर के पास पहुंचा, तभी बिजनौर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने पीछे से उसके ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बिजेंद्र ई-रिक्शा से उछलकर सड़क पर जा गिरा। इसी दौरान ट्रक का पहिया उसके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और



आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिजेंद्र अपने पीछे एक बेटी और दो बेटों को छोड़ गया है। वह परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि ट्रक चालक की तलाश की जा रही है तथा आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# नशे का कारोबार करने के आरोप में पांच दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

आरोपियो के कब्जे से भारी मात्रा मे नशीला पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दोरान सीओ सिटी ने पत्रकारों को बताया कि नशे के अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ ऑपरेशन सवेरे अभियान के अन्तर्गत कोतवाली पुलिस ने कई स्थानों पर छापेमारी की और पांच लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने पहले छापे में फारूख पुत्र युसूफ निवासी मिमलाना रोड को और दूसरी कार्यवाही में वंश उर्फ वद्दू पुत्र सुनील निवासी ग्राम पिनना व उसके साथ विशाल पुत्र संजय को गिरफ्तार किया। इसके तहत पुलिस ने नियाजीपुरा रोड से असलम पुत्र नईमुद्दीन निवासी खतौली और सुनीलकुमार पुत्र ब्रहम सिंह निवासी ग्राम मंटौर दौराला मेरठ को हिरासत में लिया। इन सभी के पास से पुलिस ने अवैध नशीला पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया।

# प्रदेश में जनपद पुलिस का पहला स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनसुनवाई (आईजीआरएस) पर आने वाले शिकायतों की तुरंत पारदर्शिता और निस्तारण करने में जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस यूपी में प्रथम स्थान पर आई है। अप्रैल 2016 की रैंकिंग में जिले की सभी 22 थानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए समय से शिकायतों का निस्तारण किया।

बतादे कि प्रदेश सरकार ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायतों के निस्तारण कर रही है जिसके चलते समाधान के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जिसके चलते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा के निर्देशन,



एसपी देहात अक्षय संजय महाडीक के नेतृत्व में जनपद के सभी थानों में आ रही शिकायतों का निष्पक्ष समय से निस्तारण हो रहा है। इस रैकिंग में मुजफ्फरनगर पुलिस की ओर से शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता और गुणवत्ता को प्राथमिकता दी गई। आईजीआरएस शाखा में नियुक्त कर्मचारियों और विभिन्न मामलों की जांच कर रहे अधिकारियों के प्रयासों से सभी प्रार्थना पत्रों का सत-प्रतिशत निस्तारण किया गया। इसी के चलते जनपद पुलिस ने यूपी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एसएसपी के आदेश पर समस्त थानों की पुलिस लम्बित मामलों की लगातार निगरानी कर रही है। प्रथम स्थान आने पर एसएसपी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारी की कार्यशैली की तारिफ की है। और भविष्य में भी प्रथम स्थान लाने की आशंका जताई।

# कब्रिस्तान की जमीन के बैनामे करने का आरोप

## कुछ लोगों पर पेड़ काटने और सम्पत्ति को बेचने के प्रयास का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कब्रिस्तान की जमीन के कथित फर्जी बैनामें के आरोप लगाते हुए रामपुरी और लद्दावाला इलाके के दर्जनों मोहल्लेवासी कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर कब्रिस्तान की भूमि को कथित तौर पर बेचने और धोखाधड़ी से बैनामा कराने का आरोप लगाया। लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

मोहल्लेवासियों के अनुसार यह भूमि दशकों से कब्रिस्तान के रूप में उपयोग की जा रही है। यहां मुस्लिम समाज के लोग अपने परिजनों को दफनाते हैं। आरोप है कि कब्रिस्तान की देखरेख करने वाले व्यक्ति ने अपने परिजनों और परिचितों के नाम पर कथित रूप से जमीन के बैनामे करा दिए हैं। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि यह पूरी प्रक्रिया धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से की गई है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि कब्रिस्तान की संपत्ति से होने वाली आय का कोई हिसाब नहीं दिया गया। इसके अलावा, कब्रिस्तान में लगे पेड़ काटकर बेचने और वहां की ईंटें तक बेच देने के आरोप भी लगाए गए हैं। मोहल्लेवासियों का कहना है कि जब समाज के लोगों ने कब्रिस्तान की देखरेख की जिम्मेदारी दूसरी कमेटी को सौंपी, तो यह विवाद और बढ़ गया। डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि कुछ लोग अब कब्रिस्तान को अपनी निजी संपत्ति बताकर वहां शव दफनाने से रोकने की धमकी दे रहे हैं। इस स्थिति से इलाके में तनाव और रोष का माहौल है। मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो स्थिति और बिगड़ सकती है। जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने मोहल्लेवासियों को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

गौरतलब है कि इससे पूर्व भी कई बार इस कब्रिस्तान के विवाद को लेकर लोग अधिकारियों से मिल चुके है और कब्रिस्तान की भूमि के नाम पर फर्जीवाडे के आरोप लगाया जा चुका है। मौहल्लेवासियों ने एक बार फिर शुक्रवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर उक्त लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए डीएम से कार्यवाही की मांग की।



मुजफ्फरनगर: कब्रिस्तान विवाद को लेकर डीएम को ज्ञापन देने कलक्ट्रेट पहुंचे लद्दावाला के लोग।

# मानक के विपरीत प्रदूषण फैला रही तीन मेटल फैक्ट्रियां सील

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने जांच के दौरान तीन फैक्ट्रियों में भारी अनियमितताएं और प्रदूषण फैलाने के साक्ष्य मिलने बाद मेरठ रोड स्थित सूजडू चुंगी क्षेत्र में संचालित तीन मेटल फैक्ट्रियों पर औचक छापेमारी की। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी गीतेश चंद्रा ने बताया, इन फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं और अपशिष्ट सीधे पर्यावरण में घुल रहा था, जिससे स्थानीय निवासियों को सांस लेने में दिक्कत और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इस कारण इन्हें सील किया गया है।

दरअसल लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि क्षेत्र में स्थित कुछ औद्योगिक इकाइयां बिना अनुमति और बिना आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के संचालित हो रही हैं। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी गीतेश चंद्रा के निर्देश पर एई संतोष कुंवर व जेई राजा गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर एफआर इंटरप्राइजेज, एएस ट्रेडर्स और एसजे नाम की फैक्ट्रियों की जांच की। तीनों ही इकाइयां मेटल के कार्य से प्रदूषण फैलाने पर सील किया गया है। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी गितेश चन्द्रा ने बताया कि प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाईयों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। किसी भी सूरत में प्रदूषण फैलाने वाले यंत्रों का प्रयोग फैक्ट्रियों में नहीं होने दिया जाएगा। उन्होने विभाग का अभियान जारी है।

# स्मार्ट सिटी बनाने को कपिल देव मंत्री एके शर्मा से मिले

## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री से नगर निगम बनाने पर भी हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने हेतु विशेष बजट वृद्धि की मांग, ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा से मिले मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जनपद आने का दिया निमंत्रण आज लखनऊ स्थित ऊर्जा भवन में प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा से प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शिष्टाचार भेंट कर जनपद मुज़फ्फरनगर के समग्र एवं सुनियोजित विकास, विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ीकरण तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुज़फ्फरनगर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त ह्स्मार्ट सिटीह्व के रूप में विकसित करने हेतु जो बजट पास है उससे अलग विशेष बजट वृद्धि की मांग रखी। उन्होंने कहा कि जनपद में तीव्र गति से हो रहे शहरी एवं औद्योगिक विस्तार को देखते हुए आधारभूत संरचनाओं का उच्चस्तरीय विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री के समक्ष शहर में सड़कों के चौड़ीकरण, नवीन सड़कों के निर्माण, जल निकासी व्यवस्था को आधुनिक एवं प्रभावी बनाने, विद्युत आपूर्ति को अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित करने हेतु अंडरग्राउंड विद्युत लाइनों के विस्तार, आधुनिक स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा



कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रदेश के शहरों को आधुनिक एवं ब्विस्तरीय सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा मुज़फ्फरनगर को भी विकास के नए आयामों तक पहुंचाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस अवसर पर उन्होंने आई.टी. आई. के समीप निर्माणाधीन 132 केवी विद्युत उपकेंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम हेतु ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा को औपचारिक निमंत्रण भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह विद्युत उपकेंद्र जनपद की विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के साथ-साथ उद्योगों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं आम उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक के अंत में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं के हित में स्मार्ट प्री-पेड मीटर व्यवस्था को समाप्त कर पोस्ट-पेड प्रणाली लागू करने के औपचारिक आदेश जारी किए जाने पर ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने प्रदेश के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को पुनः आश्वस्त करते हुए कहा कि बिजली बिलों से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु शीघ्र ही विभिन्न क्षेत्रों में विशेष समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मुज़फ्फरनगर के विकास एवं विद्युत उपभोक्ताओं से जुड़े विषयों पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जनहित, सुशासन एवं पारदर्शिता के संकल्प के साथ जनता की सुविधाओं एवं समस्याओं के समाधान हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है तथा जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

# आपत्तिजनक टिप्पणी पर प्रदर्शन

**छपार।** बसेड़ा में एक युवक द्वारा संविधान निर्माता बाबा भीमराव अम्बेडकर के विरुद्ध आपत्ति जनक टिप्पणी करने पर दलित समाज समाज के लोगों ने थाना छपार पर प्रदर्शन किया। बसेडा एक युवक ने दो दिन पूर्व फेसबुक पर बाबा भीमराव अम्बेडकर के बारे कहा था कि उसने अपनी बेटियों की शादी ब्राह्मण परिवार में की थी जिस पर दलित समाज में आक्रोश फेल गया उन्होंने बृहस्पतिवार को आरोपी के विरुद्ध बसेड़ा पुलिस चौकी पर प्रदर्शन कर एक तहरीर दी। दलित शुक्रवार की शाम को थाने पर पहुंचे ओर प्रदर्शन किया उनका आरोप है कि पुलिस ने उक्त युवक को हिरासत में लेकर छोड़ दिया उनका कहना है कि आरोपी सार्वजनिक रूप से गलती की माफी मांगे जबकि पुलिस का कहना है कि उसकी माफी मांगने की वीडियो बना ली है लेकिन दलित नहीं माने उनका कहना है कि न तो वीडियो उन्हें दिखाई गई ओर न ही पोस्ट की गई।कुछ देर प्रदर्शन करके वापस चले गये उन्होंने कहा कि शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। धर्मबीर सिंह पूर्व प्रधान, अंकुश,सोनू, अंकुर, गौतम, विजयपाल विशाल, अंकित व राहुल आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसएसपी ने की एसपीओ के साथ गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** डीएम व एसएसपी ने जिला अभियोजन अधिकारियों के साथ गोष्ठी की। इस दौरान एसपी सिटी, एसपी क्राइम, क्षेत्रधिकारी नगर, थाना प्रभारी कोतवाली नगर, थाना प्रभारी खालापार, थाना प्रभारी सिविल लाइन सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान जनपद में विचाराधीन महत्वपूर्ण अभियोगों, महिला एवं बाल अपराधों, संगठित अपराध, गैंगस्टर, पॉक्सो एक्ट, हत्या, लूट, डकैती एवं अन्य गंभीर अपराधों से संबंधित मुक. दमों की बिंदुवार समीक्षा की गयी। अधिकारियों ने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने, अभियुक्तों को समयबद्ध एवं कठोर सजा दिलाने तथा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी विधिक कार्यवाही करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। उन्होंने सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि विवेचना के दौरान साक्ष्यों का संकलन मजबूत एवं गुणवत्तापूर्ण किया जाये ताकि न्यायालय में अभियोजन पक्ष प्रभावी ढंग से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सके। साथ ही पुलिस एवं अभियोजन के मध्य निरंतर संवाद एवं समन्वय बनाये रखते हुए प्रत्येक महत्वपूर्ण मुकदमे में संयुक्त रूप से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, जिससे अपराधियों को शीघ्र एवं कठोर दंड दिलाया जा सके।

# नगर पंचायत मीरापुर में किया जनगणना अभियान तेज

**मीरापुर।** नगर पंचायत मीरापुर में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रारंभ हो गया है। जनगणना अभियान को लेकर नगर क्षेत्र में जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है ताकि अधिक से अधिक लोग सही जानकारी उपलब्ध करा सकें। नगर पंचायत मीरापुर के सहायक जनगणना अधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि जनगणना प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक परिवार से कुल 35 प्रश्न पूछे जाएंगे। इनमें मकान की स्थिति, परिवार के सदस्यों की संख्या, शिक्षा, बिजली कनेक्शन, बैंक खाते, पेयजल, शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित जानकारी शामिल होगी। उन्होंने बताया कि यह जानकारी भविष्य की सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। राहुल कुमार ने बताया कि जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए नगर पंचायत क्षेत्र को 53 हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक ब्लॉक में एक गणक अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि उनके साथ 9 सुपरवाइजर भी निगरानी का कार्य करेंगे। स्व-गणना की प्रक्रिया 7 मई से 21 जून तक ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जाएगी, जबकि मकान सूचीकरण का कार्य 22 मई से 20 जून तक चलेगा।

# मामाओं ने ही कर ली 14 लाख रुपये की ठगी

## ट्रक हड़पकर फाइनेंस का लोन भी नहीं चुकाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** रिश्तों में विश्वास की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम मन्दवाड़ा निवासी अकरम पुत्र फय्याज ने अपने ही रिश्ते के दो मामाओं पर ट्रक हड़पने व 14 लाख 46 हजार रुपये का फाइनेंस लोन न चुकाकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की रिपोर्ट एसएसपी के निर्देश पर बुढ़ाना पुलिस ने दर्ज कर ली है। अकरम के अनुसार उसने एक ट्रक राम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी से 08 लाख रुपये का लोन लेकर खरीदा था। वर्ष 2016 में उसने अपने रिश्ते के मामा जाहिद पुत्र इशाक अली व गुलफाम पुत्र अलीजान निवासी गांव पांचली बुजुर्ग थाना सरूरपुर मेरठ को ये कहते हुए ट्रक सौंप दिया कि वे पूरा लोन चुकाएंगे और इसके अलावा 3.50 लाख रुपये अकरम को देंगे। आरोप है कि दोनों ने केवल 1.82 लाख रुपये देकर ट्रक अपने कब्जे में ले लिया। अकरम ने बताया कि वह कुछ समय के लिए नेपाल चला गया था। 17 अक्टूबर 2024 को उसे राम फाइनेंस कंपनी से 14,46,809 रुपये का नोटिस मिला। तब पता चला कि जाहिद व गुलफाम ने शुरू से ही एक भी किस्त जमा नही की। विरोध करने पर दोनों ने धमकी दी हम तो ऐसे ही करते हैं तुझसे जो होता हे कर ले। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस में शिकायत करने पर दोनों आरोपियों ने ग्राम पंचायत भनवाड़ा के नाम से कूटरचित लेटर पैड तैयार कर लिया। जिसमें 5.75 लाख रुपये अदा करने की बात लिखी। उस लेटर पर उसके हस्ताक्षर नहीं हैं और हर जांच में आरोपी उसी का इस्तेमाल कर रहे हैं। फाइनेंस कंपनी के दबाव में अकरम को 9.70 लाख रुपये खुद जमा करने पड़े जबकि ट्रक 2016 से आरोपियों के कब्जे में है और वही चला रहे हैं। अकरम ने आशंका जताई कि आरोपियों ने ट्रक अपने नाम करा लिया। भविष्य में वाहन से कोई अप्रिय घटना होती है तो मुझे जिम्मेदार न ठहराया जाए। उसने कोतवाली में शिकायत की तो ये कहकर कार्रवाई नही की गई कि मामला सिविल का है। ये संगठित गिरोह बनाकर की गई धोखाधड़ी है सिविल विवाद नही है। अकरम एसएसपी से इस मामले में मिला तो उन्होंने बुढ़ाना पुलिस को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए। उधर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मंत्री ने धार्मिक कार्यक्रम का उपराष्ट्रपति को दिया न्यौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मुजफ्फरनगर।** आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद एवं उपसभापति राज्यसभा डॉ. दिनेश शर्मा से प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री एवं मुज़फ्फरनगर नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने शिष्टाचार भेंट कर मुज़फ्फरनगर में आयोजित होने वाले भव्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम 'अखंड रामायण पाठ' हेतु सादर आमंत्रण प्रदान किया। यह पावन आयोजन संत स्वामी भगवान आश्रम के संत दीक्षा के तृतीय वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। यह दिव्य आयोजन 10 एवं 11 मई 2026 को मुज़फ्फरनगर स्थित दिव्य योग ध्यान आश्रम, गली नं. 2, बचन.




सिंह कॉलोनी, पंचेण्डा रोड पर संपन्न होगा। इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने डॉ. दिनेश शर्मा को कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा से अवगत कराते हुए कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है।

पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजन की सराहना की तथा कहा कि ऐसे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सामाजिक समरसता एवं नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व उपमुख्यमंत्री, सांसद एवं उपसभापति राज्यसभा डॉ. दिनेश शर्मा 11 मई को प्रातः 11 बजे स्वामी भगवान शर्मा के तृतीय दीक्षा दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे। इससे पूर्व प्रातः 10:30 बजे वे मंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास पर प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता भी करेंगे। नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल जी ने समस्त श्रद्धालुओं, धर्मप्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त करने एवं आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया।

# साधु की सरलता ही उसका श्रेष्ठ परिचय है:मोरारी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में स्थित शुकदेव आश्रम में जारी रामकथा के सातवें दिन विश्व प्रसिद्ध संत मुरारी बापू ने भगवान राम के राज्याभिषेक से लेकर उनके वनवास का वर्णन किया तथा शुकदेव महिमा, साधु चरित्र महिमा,जीवन लक्ष्य सूत्र आदि का विस्तार से वर्णन किया।कथा में जगतगुरु सतुआ बाबा, उपजिलाधिकारी जानसठ रश्मि लांबा, जिलापंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल भी उपस्थित रहे।

युगांडा के प्रवासी चेतन भाई परिवार द्वारा आयोजित राम कथा में मोरारी बापू ने कहा कि योगी अग्नि का शरीर धारण कर अग्निमय में हो जाता है जहां अग्नि होगी वहां कोई रोग शेष नहीं रहेगा।रोग नही होगा तो बुढापा भी नही आयेगा। योगी अग्नि के समान है।कृष्ण के विरह में जिसको वियोग हो गया।वह प्रेम भी अग्नि है।ऊर्जा भी अग्नि है। मूल में अग्नि ही तत्व है।जहाँ सूर्य का प्रकाश होगा वहां रोग रूपी अंधेरा नहीं रहेगा सूर्य भी एक प्रकार की अग्नि है जो रोगों को मिटा देती है।योगाग्नि में अग्नि है।अग्नि का अर्थ तीव्रता भी है।सात दिन गंगा तट पर बैठकर जप तप कर सिद्धि प्राप्त करना भी तीव्रता है। शीघ्र लेना तीव्रता है।गंगा भी ओषधि है।मैं तो खांसी के शर्बत में गंगा जल मिलाकर पीता हूँ। बापू कहते हैं राम चरित मानस में प्रत्येक प्रश्न का उत्तर है।महापुरुषों के शरीर से खुशबू आती है।जहां गुरु होगा सुगन्ध फैली होगी।जो एकांत को स्थापित करे वह गुरु है। साधु से संसार नहीं मांगना चाहिए संसार तो तुच्छ है बापू ने उदाहरण देकर बताया कि किसी किसान को एक दुर्लभ पुष्प मिल जाता है जिसे वह राजा को भी ऊंचे दामों पर नही देता है। और राजा से पूछता है कि तू इस पुष्प को कहां चढ़ाएगा तो राजा ने साधु के चरणों में पुष्प अर्पित करने की बात कही तो किसान ने पैसे का लालच न कर साधु की कृपा को पाने को साधु चरणों में पुष्प अर्पित किया। और बदले में साधु से साधुता मांगी। ऐसा ही समर्पण भाव जीवन में होना चाहिए परम तत्व को पाने के लिए त्याग करना होगा। किंतु सूर्य ने जवाब दिया है कि वह अंधेरे को जानता भी नहीं मैंने उसे कभी देखा ही नही है।जो बड़ा होगा उसमे वजन नही होगा।वह निरन्तर ऊपर उठता जाएगा। जिसने परम सत्य का ध्यान किया वह कपट से मुक्त हो जाएगा। व्यक्ति में विनय योग होना चाहिये।सीमित काल मे सीमित साधनों से ब्रह्म की प्राप्ति ही जीवन की सफलता है।कथा के विश्राम पर महाआरती की गयी।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जनपद में रक्तदान पखवाड़े का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवादादता**

**मुजफ्फरनगर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जनपद में विभिन्न सेवा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला अधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देशन में जिला अस्पताल स्थित रेडक्रॉस भवन में मुख्य कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस आंदोलन के संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक तथा जिला अस्पताल ब्लड बैंक प्रभारी पीके त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 8 मई से 22 मई तक आयोजित होने वाले रक्तदान पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि देश में राष्ट्रपति, प्रदेश में राज्यपाल तथा जिला स्तर पर जिलाधिकारी रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष होते हैं। समय में घायल सैनिकों और प्रभावित लोगों की देखभाल कर उन्हें जीवनदान देने के कार्य में रेडक्रॉस अग्रणी पंक्ति में खड़ा दिखाई देता है।

उन्होंने कहा कि आज विश्व के अधिकांश देश रेडक्रॉस की उपयोगिता और मानव सेवा के कार्यों को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने भीषण गर्मी और हीट वेव को लेकर भी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया तथा लू से बचाव के उपाय बताए। इस दौरान ट्रेजरर अशोक शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए रक्तदान को सबसे बड़ा दान बताया। कार्यक्रम में सुमित्रा देवी, डॉ. एसके अग्रवाल, इंजीनियर सुभाष चंद्र, अंशुमन शर्मा, डॉ. गीतांजलि वर्मा,




कार्यालय अधीक्षक शिवराज सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# राज द्वार को साधु के द्वार आना चाहिए : मोरारी बापू

**मोरना।** शुकतीर्थ में मोरारी बापू ने शुक्रवार की शाम कुटिया पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जो पवित्र है। वही तीर्थ है। शुकतीर्थ सिद्ध और शुद्ध भूमि है। इस तीर्थ का बड़ा महत्व है। भगवान शुकदेव की तपोभूमि में वह छठी बार कथा कर रहे हैं। सातवी बार कथा करने का भी संकल्प लिया है। शुकतीर्थ पर्यटन का स्थान न बनकर यात्रा का स्थान बने।अपनी प्रज्ञना को घूमने के लिए लोग यहां आए। अपनी चेतना को जागृत करने के लिए यहां आए । शुकतीर्थ का विकास हुआ है।सभी के मिश्रित प्रयासों से इस तीर्थ का विकास होना चाहिये। शुकतीर्थ गंगा की अविरल धारा के लिए जो भी उनसे संभव प्रयास होंगे वह अपनी ओर से करेंगे। कल्याण देव भगवान में मैंने फकीरी, वैराग्य,को महसूस किया था।वह अवधूत भी हैं। अद्‌भुत भी हैं। अनुभूत भी हैं। शुकदेव व्यास पुत्र हैं। सुपरहिट के विकास को गंभीर होना चाहिए राजद्वारा को साधु के द्वारा आना चाहिए यह भारतीय संस्कृति की परंपरा है भारत के विश्व गुरु बनने के बारे में मुरारी बापू ने कहा की खुद की चेतना महिमा के कारण भारत विश्व को बड़ा संदेश देता है राम कथा करने के लिए अगर उन्हें देश की सीमा पर भी जाना पड़े हुए जाएंगे और विश्व शांति स्थापना के लिए राम कथा करेंगे विश्व में शांति हो ऐसा भारतीय संस्कृति का संदेश है। जिसे वह आगे बढ़ा रहे हैं।

# ढांसरी पंचायत में गूंजा वसी हत्याकांड, संजीव की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) कि एक पंचायत गांव ढासरी मे हुई जहा भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर और उनकी टीम का फूल माला और ढोल नंगाडो के साथ जोरदार स्वागत किया गया पंचायत मै किसानो का जनसैलाब उमडा और संगठन के चीफ चौधरी संजीव तोमर ने किसानो कि समसयाओ को सुना और कहा जल्द ही मुजफ्फरनगर मे बडा आंदोलन किया जाऐगा पंचायत मे सबसे बडा मुद्दा वसी हत्याकांड का छाया रहा चौधरी संजीव तोमर ने बताया कि जनपद मेरठ दौराला




स्थित वसी को 25 अप्रैल को जनपद मेरठ गांव लोईयो के गैगस्टर आमीर सहित पांच लोगो ने हत्या कर दी गयी थी सोचने वाली बात है हत्या से पहले वसी ने दौराला थाने मे तैनात दिगम्बर को फोन करके सूचित किया गया था कि मुझ पर हमला होने कि आशाका है लेकिन दिगम्बर दरोगा जी पुलिस बल नही भेजा जिसके चलते वसी को पांच लोगो ने गोली मारकर हत्या कर दी गयी और सबसे बडी दुर्भाग्य कि बात है वसी अस्पताल मे 6 घंटे जीवित रहा है लेकिन उसके बाद भी मजिस्ट्रेट द्वारा कोई बयान नही लिये गये हालांकि लगभग 15 दिने बीत गये है अभी तक हत्या करने वालो मे से अदनान और शैजान गिरफ्तारी नही हो पायी है अदनान और शैजान कि गिरफ्तारी हो अगर 11 तारीख हमारी मागे नही मानी गयी तो हम 13 मई को एसएसपी मेरठ पर महापंचायत कि जाएगी जिसकी जिम्मेदारी खुद मेरठ कप्तान साहब कि होगी। इस मौके पर मुख्य रुप राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रति. निधि पवन त्यागी जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी दीपक तोमर अजय त्यागी हनी बालियान शानू पहलवान हसीर चौधरी मुजफ्फर मोनीस आदि मौजूद रहे।

# किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में नई पहल

■ **कार्बन क्रेडिट योजना की शुरुआत की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही ने बताया है कि कृषि विभाग (उत्तर प्रदेश सरकार) द्वारा अनुमोदित एवं आईआईटी रुड़की के मार्गदर्शन में ट्रांयभू टेक सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड (ट्रस्टो) द्वारा क्रियान्वित की जा रही किसानों की आय बढ़ाने की कार्बन क्रेडिट आधारित एक महत्वाकांक्षी परियोजना किसान समृद्धि कार्बन क्रेडिट योजना के अंतर्गत कार्यालय परिसर उप कृषि निदेशक मुजफ्फरनगर में किसानो के साथ एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'कार्बन क्रेडिट योजना' की शुरुआत की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य वृक्षारोपण, जैविक खेती, सौर ऊर्जा उपयोग तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने वाली गति. विधियों को प्रोत्साहित करना है, जिससे आम नागरिकों, किसानों और उद्योगों को आर्थिक लाभ भी प्राप्त हो सके। उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही द्वारा बताया गया योजना के अंतर्गत ऐसे किसान, संस्थान एवं उद्योग जो पर्यावरण अनुकूल गतिविधियाँ अपनाएंगे। आई आई टी रुड़की के प्रोफेसर ए एस मौर्या ने योजना के प्रमुख उद्देश्य समझते हुए बताया कि कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना,वृक्षारोपण एवं हरित आवरण को बढ़ावा देना,किसानों की आय में वृद्धि करना, नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना, योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण शिविर, तकनीकी सहायता एवं जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र बघरा से अध्यक्ष डॉ हंसराज, राहुल तेवतिया, डॉ आलोक पांडे सीईओ कम्पलाइंस कार्ट नोएडा, डॉ एकता मिश्रा प्रोजेक्ट डायरेक्टर, आशीष जायसवाल, संजय कोमेरा, मति मितु, सचिन कुमार, रवि पुंडीर एव लगभग 90 किसान उपस्थित रहे ।

# बीएससी होमसाइंस तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने मारी बाजी

■ **बीएससी होमसाइंस की छात्राओं ने किया स्कूल का नाम रोशन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा घोषित बीएससी होमसाइंस के तृतीय सेमेस्टर के परीक्षाफल में श्री राम कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग के बीएससी (होम साइंस) के तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने उच्चतम अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। बीएससी (होम साइंस) के तृतीय सेमेस्टर में अलिशा अंसारी ने 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। तृप्ति ने 74 प्रतिशत अंको के



साथ द्वितीय स्थान और काशिफा ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज् के चेयरमैन डॉ0 एससी कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता के लिए आर्शीवाद प्रदान करते हुए कहा कि निरन्तर कठिन परिश्रम से सफलता सम्भव हो पाती है अतः युवाओं को निरंतर सफलता प्राप्ति के प्रयास करते रहना चाहिए।

इस अवसर पर राम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल एवं गृह विज्ञान विभाग की डीन डॉ. श्वेता राठी ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा विभाग के प्रवक्ताओं द्वारा छात्राओं की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की प्रवक्ता, रूबी पोसवाल, ईशा अरोरा, डॉ. शालिनी, दीप , आयशा गौर और सानिया आजाद ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

# विवाहिता ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

**बुढ़ाना।** दहेजलोभियों की हैवानियत का शिकार एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बुढ़ाना कोतवाली की परासौली चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने पति नीरज, जेठ अंकित, ससुर जुगेन्द्र, सास कोविन्ता व ननद मोनिका उर्फ गुड़िया पर मानसिक शारीरिक उत्पीड़न, दहेज की मांग, अप्राकृतिक कुकर्म करने व हत्या की कोशिश का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया उसकी शादी 3 वर्ष पूर्व गांव हबीबपुर सीकरी निवासी नीरज पुत्र जुगेन्द्र से हुई थी। पिता ने हैसियत से ज्यादा 15 लाख रुपये खर्च कर सोने चांदी के जेवर, टीवी, फ्जि, बेड, एलईडी, बाइक, बर्तन व कपड़े दिए थे। तंग आकर वह मायके आ गई।

**सार्वजनिक सूचना**

शादी से पूर्व मेरा नाम ATIYA AIJAZ था, शादी के बाद बदलकर मैंने अपना नाम ATIYA रख लिया है। भविष्य में मुझे ATIYA के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**अतिया पत्नी श्री दानिश अख्तर**
निवासी: म0नं0-855/119, मुस्तफा मस्जिद के पास, खालापार-10, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर, उ0प्र0-251002.

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

हम गुलशेर खा पुत्र इसराईल व खुशनुदा पत्नि गुलशेर खा निवासीगण ग्राम हुसैनपुर कलां थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर के निवासी हैं। मेरा बड़ा पुत्र शोराज, मेरी पुत्रवधु अंजुम पत्नि शोराज जिसके 2 छोटे छोटे बच्चे भी हैं व मेरा दूसरा छोटा अविवाहित पुत्र अदिल मेरे कहने में नही हैं। मेरे बड़े पुत्र शोराज ने हमारी बिना मर्जी के एक बच्चे की मां अंजुम से निकाह कर लिया था। अब अंजुम मेरे बड़े पुत्र यानि अपने पति शोराज व दोनों बच्चों के साथ गंगोह रह रही है। तीनों समय समय पर हमारे घर हुसैनपुर कलां आते हैं और हम दोनों पति पत्नि को परेशानह करते हैं। हमने इनको खूब समझाया मगर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। इसलिए हम अपने दोनों पुत्रों शोराज, अदिल व पुत्रवधु अंजुम को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में इन तीनों के किसी अच्छे बुरे कृत्य की जिम्मेदारी इन तीनों की स्वयं की होगी। हमारी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

# छात्र अंश का यूनिवर्सिटी ऑफ द पीपल में चयन

## अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में मिला प्रवेश का सोभाग्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर के बी.टेक. कंप्यूटर साइंस एआई के छात्र अंश बलियान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अमेरिका की प्रतिष्ठित 'यूनिवर्सिटी ऑफ द पीपल' में चयन प्राप्त किया है। उनका चयन एसएटी परीक्षा के माध्यम से हुआ है। साथ ही उन्होंने टोफेल परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है।

अंश बलियान, धर्मेंद्र सिंह के



पुत्र हैं। उन्होंने डी.ए.वी. इंटर कॉलेज, आलमपुर सिसौली से कक्षा 12वीं की शिक्षा प्राप्त की है। उन्हें 'यूनिवर्सिटी ऑफ द पीपल', अमेरिका में बी.टेक. (कंप्यूटर साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग) पाठ्यक्रम के लिए चयनित किया गया है।

विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप भी प्रदान की गई है। एसएटी परीक्षा में अंश ने 1600 में से 1352 अंक प्राप्त कर 93.06 प्रतिशत स्कोर हासिल किया, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है। अंश ने बताया कि उन्होंने 12वीं के बाद सुनियोजित एवं सधी हुई तैयारी के साथ एसएटी परीक्षा की तैयारी शुरू की और यशी सिंह मैम एवं यतेन्द्र कुमार धीर सर के मार्गदर्शन में सफलता प्राप्त की। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी माता, भाई तथा शिक्षकों को दिया। एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने अंश बलियान की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बापू की कुटिया पर पहुंचे शायर नवाज देवबन्दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** विश्व प्रसिद्ध संत मुरारी बापू की कुटिया पर पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध उर्दू शायर नवाज़ देवबंदी ने बापू से आशीर्वाद प्राप्त किया।

जहां नवाज़ देवबंदी ने अपने कलाम को सुनते हुए कहा जब हंस के अपनी कहानी सुना रहा था मैं। उदासियों को सलीका सिखारहा था मैं को सुनकर बापू ने उन्हें आशीष प्रदान किया तथा हरिद्वार कार्यक्रम के लिये निमंत्रण दिया।

शायर नवाज देवबंदी ने बताया कि मोरारी बापू प्रेम और स्नेह का विशाल वृक्ष जिसका साया बहुत दूर तक जाता है वह भी उसे छाया में बैठने के लिए आते हैं।

बापू को गजल और साहित्य से प्यार है।ये गजल का सौभाग्य है।जो बापू जैसा सन्त उसे प्रेम करता है।

मुरारी बापू उनकी शायरी को अपनी कथा में प्रस्तुत करते हैं। और बड़ा सम्मान देते हैं। यह बड़े सौभाग्य की बात है। नौजवानों को साहित्य पढ़ना चाहिए भारत कृषि प्रधान देश होने के साथ-साथ साहित्य प्रधान देश भी हो तो बहुत सी समस्याएं समाप्त हो सकती हैं।

# सोलर प्लांट का झांसा देकर 20 लाख ठगे

## किसान ने पांच बीघा जमीन बेचकर दिए थे पैसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सोलर पैनल कंपनी को जमीन बेचकर 1.30 करोड़ मुनाफे का लालच देकर एक किसान से 20 लाख रुपये ठग लिए गये। हरिद्वार के कस्बा लक्सर के ग्राम मुंडाखेड़ा कलां निवासी किसान रामदास पुत्र अतर ने जौला गांव निवासी सदाकत, दिल्ली के अरुण व मध्य प्रदेश के रविन्द्र समेत 6 लोगों पर षडङंत्र रचकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित रामदास के अनुसार दिल्ली निवासी अरुण से उसकी फोन पर जमीन खरीदने को लेकर बात हुई। अरुण ने पहले उसे पुरकाजी बुलाकर जमीन खरीद बिक्री कराने पर कुल रकम का एक प्रतिशत कमीशन देने का लालच दिया। कुछ दिन बाद अरुण उसे बुढ़ाना ले गया और जौला निवासी सदाकत पुत्र शराफत से मिलवाया। अरुण के साथ मध्य प्रदेश निवासी रविन्द्र भी था। रविन्द्र ने सदाकत की 50 बीघा जमीन खरीदने के लिए 11 लाख रुपये दिए। इसके बाद अरुण ने उससे कहा कि सदाकत की 50 बीघा जमीन हम खरीदकर सोलर पैनल कंपनी को बेच देंगे जिसमें 1.30 करोड़ का मुनाफा होगा। तुम भी कुछ रकम लगा दो। लाखों का फायदा होगा। अरुण की बातों में आकर उसने अपनी 5 बीघा कृषि भूमि बेच दी और उधार लेकर बीते 1 दिसंबर को सदाकत को जौला गांव में 20 लाख रुपये दिए साथ ही एसबीआई लक्सर के 20-20 लाख के दो चौक भी भरकर दिए। रविन्द्र ने भी इतनी ही रकम नकद व चौक से दी। 100 रुपये के ई स्टाम्प पर अनुबंध भी लिखा गया जिसके गवाह डॉक्टर सुभाष निवासी सैनपुर रहे। कुछ दिन बाद जब उसने अरुण से सौदे के बारे में पूछा तो अरुण ने साफ कहा कि हम लोग सदाकत की जमीन दिखाकर ऐसे ही लोगों से रुपये ठगते हैं। सदाकत ने पहले जल्द पैसा लौटाने का वादा किया लेकिन आज तक 20 लाख रुपये नहीं दिए। इस ठगी में सदाकत के भाई रिफाकत, फरागत, निजाकत, बिलाल व पत्नी अफरोजी भी शामिल हैं। पैसे मांगने पर आरोपी धमकी देते हैं कि अगर रुपये मांगे तो तुझे व तेरे पूरे परिवार की हत्या कर देंगे। अब बुढाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# शादी का झांसा देकर युवती को भगा ले गया युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भौराकलां/बुढ़ाना।** थाना भौराकलां क्षेत्र के एक गांव से 22 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने सावटू गांव निवासी विकेन्द्र उर्फ बिल्लू पुत्र ओम सिंह पर बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पिता ने पुलिस को बताया कि बीती 6 मई को सुबह करीब 11 बजे उसकी 22 वर्षीय बेटी घर से अचानक लापता हो गई। परि. जनों ने आसपास व रिश्तेदारी में काफी तलाश की तो पता चला कि ग्राम सावटू निवासी विकेन्द्र उर्फ बिल्लू उसे शादी करने का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़ित पिता ने बताया कि दो दिन तक हमने खुद बेटी को हर जगह तलाश किया। जब कोई सुराग नहीं लगा तो भौरांकलां थाने को सूचना दी और पुलिस से बेटी को जल्द बरामद कर आरोपी विकेन्द्र के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उधर भौराकलां पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। युवती व आरोपी युवक के मोबाइल की लो. केशन ट्रेस की जा रही है। जल्द ही दोनों को बरामद कर लिया जाएगा। युवती के बालिग होने के कारण बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। उधर भोरांकला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरु कर दी है।

# स्टूडियो से नकदी व कीमती सामान चोरी

**मोरना।** क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी में फोटो स्टूडियो की दुकान से दिन दहाड़े नकदी व कीमती सामान चोरी होने से हड़कंप मच गया पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र गांव अलिपुरा तिस्सा निवासी अनुज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वह एमके फोटो स्टूडियो के नाम से कस्बा भोकरहेड़ी में दुकान करता है। शुक्रवार की सुबह दुकान खोलकर पास ही बाजार में किसी कार्य से चला गया वापस आकर देखा तो दुकान के गल्ले से 2500 रूपए की नकदी चार हार्डडिस 2 जीबी व 5 कार्ड 64 जीबी जिन में शादी का डाटा था को अज्ञात चोर चुरा लिया पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेमी युगल घर के जेवर भी ले गया साथ

**बुढ़ाना।** कस्बे के एक युवक ने अपने पड़ोसी के विरुद्ध उसकी लगभग 17 वर्षीया नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित भाई का आरोप है कि आरोपी युवक उसकी बहन को घर में रखे जेवर व नकदी समेत भगा ले गया। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 7 मई की सुबह करीब 3 बजे उसके पड़ोस में रहने वाला सुहैल पुत्र सलीम एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर उसकी नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़ित भाई ने बताया कि जाते समय उसकी बहन घर में रखे हुए 5 तोले सोने के जेवर, 300 ग्राम चांदी और 40 हजार रुपये नकद भी अपने साथ ले गई। सुबह जागने पर जब परिजनों ने किशोरी को घर में नही पाया और अलमारी चेक की तो जेवर और नकदी भी गायब मिली। इस घटना के बाद परिजनों ने किशोरी को आसपास और रिश्तेदारी में काफी तलाश किया लेकिन गायब हुई किशोरी का कोई भी सुराग नहीं लग पाया। तब थक हारकर भाई ने पुलिस को बुढ़ाना कोतवाली में पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार से पूछताछ व आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। उम्मीद है कि जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी कर किशोरी बरामद कर ली जाएगी।

### युवक ने बच्चें के साथ जबरन कुकर्म किया

**खतौली।** रतनपुरी क्षेत्र के गांव हुसेनाबाद भनवाड़ा में देर शाम को 13 वर्षीय बच्चे के साथ एक युवक ने धार्मिक स्थल के कमरे में कुकर्म किया था, और बच्चें को लहूलुहान अवस्था में मौके पर छोड़कर घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया था। घटना के बाद घायल बच्चा रोते हुए घर पहुचा और अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद आक्रोशित परिजनों ने आरोपी युवक की गांव में तलाश की, मगर परिजनों को आरोपी युवक का कोई सुराग नही मिला, वही पीड़ित बच्चें के पिता ने रतनपुरी थाने पहुचकर पुलिस को आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी, तहरीर पर पुलिस ने घायल बच्चे का मेडिकल करा कर मुकदमा दर्ज कर लिया। शुक्रवार को रतनपुरी पुलिस ने सफलता हासिल करते हो कुकर्म के आरोपी को गांव गोयला मार्ग से गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया हैं।

बता दे रतनपुरी थाने के गांव हुसेनाबाद भनवाड़ा निवासी समजीद पुत्र बुद्धू 13 वर्षीय पुत्र को गांव के ही मदरसे में पढ़ने के लिए गया था, जहा एक युवक बहला फुसलाकर उसे बहाने से बुलाकर मदरसे के एक कमरे में ले गया। और वहां ले जाकर आरोपी युवक ने बच्चे के साथ जबरन कुकर्म किया, घटना को अंजाम देकर आरोपी युवक बच्चें को घायल अवस्था में धमकी देकर फरार हो गया। वही घायल बच्चा रोता बिलखता अपने घर पहुचा और बच्चे घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद परिजनों ने घायल बच्चें को अस्पताल में भर्ती कराया, और आरोपी युवक की गांव में तलाश की मगर परिजनों को आरोपी का सूराग नही मिला, जिसके बाद परिजनों द्वारा रतनपुरी थाने पर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी गई है, जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया, थानाध्यक्ष रतनपुरी राकेश कुमार ने बताया की बच्चे के साथ कुकर्म करने की तहरीर दी गई थी। जिस पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी युवक की तलाश में दबिश दी जा रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी युवक तालिब पुत्र मुस्तकीम निवासी गांव कल्याणपुर थाना रतनपुरी को गोयला मार्ग पर चौकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया हैं, पुलिस ने आरोपी से कड़ी पूछताछ करने के बाद उसका चालान कर दिया है।

### दुकानदार पर हथौड़े से किया जानलेवा हमला

**बुढ़ाना।** कस्बे की कमल मार्केट में दुकान पर बैठे युवक पर पड़ोसी दुकानदार पिता पुत्र ने हथौड़े से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। ग्राम जौला निवासी आसिफ राणा पुत्र अफलातून ने कोतवाली बुढ़ाना में तहरीर देकर बताया कि बीती 7 मई की शाम उसका भाई यूनुस उर्फ पप्पू कमल मार्केट में स्थित अपनी दुकान पर बैठा था। तब बराबर में दुकान करने वाले तजम्मुल पुत्र हसर अली व हसर अली पुत्र जाफर निवासी ग्राम जौला ने अचानक उस पर हमला बोल दिया। आरोप है कि दोनों पिता पुत्र ने जान से मारने की नीयत से यूनुस पर हथौड़ों से ताबड़तोड़ वार किए। सिर व शरीर पर गंभीर चोट लगने से यूनुस लहूलुहान होकर दुकान में ही गिर पड़ा। परिजनों के मुताबिक यूनुस की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है और आईसीयू में इलाज चल रहा है। भाई आसिफ राणा ने बुढाना कोतवाली मे नामजद तहरीर दी। हमले के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने भी सभी पहलुओं पर जांच शुरु कर दी है।

### मातृ दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**भोपा।** मातृ दिवस के अवसर पर एक भव्य, भावनात्मक एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट, रंग-बिरंगे गुब्बारों एवं सुंदर संदेशों से सजाया गया था। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा पाँच तक के विद्यार्थियों की माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ।

उन्होंने कहा कि माँ केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि बच्चों के जीवन की प्रथम गुरु भी होती है। बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में माँ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है और ऐसे आयोजन माँ एवं बच्चों के बीच भावनात्मक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाते हैं। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों के चेहरे पर अपनी माताओं के साथ मंच साझा करने की खुशी साफ दिखाई दे रही थी।

विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाली माताओं के नाम इस प्रकार हैं रूसी यादव - लकी ड्रॉ प्रतियोगिता, आकांक्षा-लकी ड्रॉ प्रतियोगिता, शालू-नेल आर्ट प्रतियोगिता, प्रगति-टाई नॉट प्रतियोगिता, अराइश-लकी ड्रॉ प्रतियोगिता, पिंकी-म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, पुष्पा-रैपिड फायर प्रतियोगिता, प्रीति-साड़ी ड्रेपिंग प्रतियोगिता, स्वाति-मैचिंग ड्रेस प्रतियोगिता, निशा-बैलून ब्लोइंग प्रतियोगिता, कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने भी विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी माताओं के लिए विशेष जलपान एवं स्मृति चिह्न की व्यवस्था भी की गई।

# इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल नई दिल्ली का स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गत दिवस स्थानीय सर्कुलर रोड स्थित स्वर्ण इन होटल परिसर में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं गुडविल सोसायटी के संयुक्त सौजन्य से इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल नई दिल्ली से आए हृदय रोग उदर रोग एवं अस्थि रोग एवं अन्य रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम की हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमित मित्तल, डीएम (हृदय रोग विशेषज्ञ) डॉक्टर गौरव सागर एमडी डीएनबी (गुर्दा रोग विशेषज्ञ) डॉ यशवंत सिंह तवर डीएनबी एमआरसीएस( लंदन) अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमित पंडिता( एमडी डीआरएनबी पेट,आंत लिवर विशेषज्ञ ने सहभागिता की ओर उनकी व्यवस्था प्रबंधन असिस्टेंट मैनेजर विशाल कुमार ने किया अपोलो से पधारे चिकित्सा टीम के जनमानस को अपनी दिनचर्या व्यवस्थित रखने तथा खान-पान में पूरी सावधानी बरतने पर जोर दिया। इस स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व आलोक स्वरूप, सुरेंद्र अग्रवाल, अग्रवाल सम्मेलन एवं अध्यक्ष गुडविल सोसायटी अशोक कंसल पूर्व विधायक संजय मित्तल व्यापारी नेता होतीलाल शर्मा सचिव गुडविल सोसायटी रामकुमार तायल, अग्रवाल सम्मेलन अंकुर गर्ग अग्रवाल सम्मेलन टोनी बिंदल अग्रवाल सम्मेलन देवराज पवार (संयोजक) सभी ने मिलकर दीप प्रज्वलन किया। सर्व अवनीश मोहन तायल बीएम गुप्ता बोहरन लाल डीके राठी डॉ पीके कंबोज हर्षपुरी जगदीश पालीवाल मोहनलाल मित्तल पंकज मोहन गर्ग परम कीर्ति अग्रवाल पीके गुप्ता राजीव जैन आरके मलिक आरपी सिंह सतीश मित्तल शिवकुमार धीमान सुभाष गर्ग विशाल कालरा शरद जैन पंकज मित्तल उपेंद्र बंसल विशाल गर्ग हैप्पी अजय अग्रवाल एडवोकेट अमरीश गोयल अशोक बंसल कौशल कृष्ण अग्रवाल मनोज गोयल प्रमोद गोयल राजीव अग्रवाल कृष्ण अग्रवाल प्रमोद बंसल पुष्पेंद्र अग्रवाल प्रसून अग्रवाल आदि रहे।

# एसडी फार्मेसी के छात्रों ने बढ़ाया कॉलेज का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड वोकेशनल स्टडीज़ में अध्ययनरत बी.फार्मा चतुर्थ वर्ष (सत्र-2025. 26) के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक बिवविधालय लखनऊ द्वारा घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम में इस वर्ष विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का मान बढ़ाया है। श्रेष्ठता सूचि के आधार पर टॉपर्स छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। बी फार्मा चतुर्थ वर्ष के हर्षित 82. 85 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान



पर रहा वही शाहफाद ने 82.14 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय एवं तानिया ने 79.57 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान पर बाजी मारी।

कॉलेज निदेशक डा. अरविन्द कुमार ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी पदाधिकारीगण एवं स्टॉफ, डॉ. वैशाली, डॉ. भूवनेन्द्र सिंह, डा. पोपिन कुमार, डॉ निशा सिंह, डॉ. पायल दीपक, डॉ कुलदीप सैनी, डॉ हुमा सैफी, प्रवीन कुमार, ईशान अग्रवाल, मीनू देवी, रितू कौशिक, आसिफ खान, रवि कुमार, दीपिका, मौ. जूबैर, मिनाता, नसीम अहमद, पल्लवी, अंशु पंवार, निदा बेबी, सुबोध कुमार, विनय कुमार, सना जैदी, सोनू कुमार, अक्षय वर्मा, एलिश, स्मृति माथूर, शुभम, शुभम शर्मा, शिवम, प्रतिक वर्मा, ऋतिक, मोहि. हत सैनी,

# ऑल यूपी परमिट पर टैक्स समाप्त करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ऑल यूपी परमिट वाली बसों से हर माह वसूले जा रहे टैक्स को खत्म करने की मांग जोर पकड़ रही है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढाना के नगर अध्यक्ष संजीव संगल ने यूपी के परिवहन मंत्री से मांग की है कि जब परमिट 5 वर्ष के लिए बनता है तो उस पर मासिक टैक्स लगाना पूरी तरह अव्यावहारिक है। संगल ने बताया कि ऑल यूपी परमिट की बसें ज्यादातर कम किराए पर धार्मिक स्थलों के लिए बुक होकर जाती हैं। तीर्थ यात्रियों को सस्ती यात्रा सुविधा देने वाले बस संच. ालकों पर हर माह टैक्स का बोझ डालना गलत है।

परमिट 5 वर्ष के लिए बनता है तो टैक्स भी एकमुश्त या वार्षिक होना चाहिए। उन्होंने परिवहन मंत्री से पूरे देश में एक कानून, एक टैक्स प्रणाली लागू करने की मांग उठाते हुए कहा कि अलग अलग राज्यों में अलग टैक्स व्यवस्था से बस ऑपरेटरों को परेशानी होती है। केंद्र सरकार की तर्ज पर परिवहन विभाग में भी वन नेशन वन टैक्स लागू होना चाहिए जिससे पारदर्शिता आएगी व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा।

बस संचालक राजेश ने बताया 5 वर्ष का परमिट लेकर हम हर माह हजारों का टैक्स देते हैं जबकि बस महीने में 10 या 12 दिन ही चल पाती हैं। धार्मिक सीजन छोड़ दें तो बाकी दिन बस खड़ी रहती है। ऐसे में मासिक टैक्स भरना घाटे का सौदा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द इस मामले में राहत नहीं मिली तो बस संचालक व व्यापारी मिलकर बड़ा आंदोलन कर परिवहन मंत्री को ज्ञापन देंगे।

# चेयरमैन की अपील, कोई भी मकान न छूटे

**मुजफ्फरनगर।** चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारुकी ने जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचिकरण के चलते आज अपना सेल्फ इन्यूमिरेशन (स्वगणना) का कार्य कराया पुरकाजी वासियों से अपील की है कि कोई भी घर मकान सूचीकरण से छूटना नहीं चाहिए 7 मई से 21 मई तक स्वगणना होगी 22 मई से नगर पंचायत की टीम घर घर जाकर भवन सूचीकरण कार्य करेगी चेयरमैन पुरकाजी ने वीडियो बनाकर पुरकाजी की जनता को जागरूक किया।

# मेपल्स एकेडमी में मातृ दिवस पर छलका मां बच्चे का प्यार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मां शब्द में ही पूरी दुनिया बसती है। इस भाव को जीवंत करती एक खूबसूरत तस्वीर शुक्रवार को मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना के किंडरगार्टन परिसर में देखने को मिली। यहां इंफिनिटी लव सेलिब्रेटिंग मॉम थीम पर मातृ दिवस का आयोजन हर्षोल्लास, उत्साह और भावनात्मक माहौल के बीच किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत संबोधन से हुई। इसके बाद मॉम एंड मी रैंप वॉक ने सबका दिल जीत लिया। जब नन्हे मुन्ने बच्चे अपनी मां का हाथ पकड़कर रैंप पर उतरे तो पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। इसके बाद ट्रेजर हंट, म्यूजिकल चेयर, मॉम्स गॉट टैलेंट व आइडेंटिफाई योर चाइल्ड जैसी मजेदार गतिविधियों ने मां बच्चों



के रिश्ते की डोर को और मजबूत कर दिया। प्रबंधक राजीव गर्ग व अनन्या गर्ग, प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा, उप प्रधानाचार्य क्षितिज वास्तव एवं किंडर गार्टन समन्वयक रितु मनचंदा ने सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा ने कहा कि मां बच्चों के जीवन की प्रथम गुरु, प्रेरणा एवं सबसे बड़ी शक्ति होती है। एक मां के बिना बच्चे की कल्पना अधूरी है। आज का दिन उसी त्याग और समर्पण को नमन करने का है। यहां एकेडमी की ओर से सब प्रतिभागी माता ओर बच्चों को उपहार देकर भी सम्मानित किया गया।

# किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने देंगे: मोहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** बाईपास स्थित पुराने गुप्ता चाट भंडार पर व्यापारी संरक्षक संस्थान रजिस्टर्ड उत्तर प्रदेश पुरकाजी का आज गठन किया गया जिसके मुख्य अतिथि मोहन तायल एवं जोगेंद्र पाल सिंह जिला मंत्री भाजपा की अध्यक्षता में व्यापारी संरक्षण संस्थान रजिस्टर उत्तर प्रदेश की बैठक संपन्न हुई।जिसमें भारत भूषण खुल्लर को संरक्षक और सुशील वर्मा को पुरकाजी अध्यक्ष की घोषणा



की गई। इस दौरान हरिराम सक्सेना को महामंत्री,विपुल विक्रम को मंत्री, सलीम सलमानी नगर मंत्री, आकाश गोयल को मंत्री,केपी सिंह को जिला मंत्री, ब्रजकिशोर गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष की घोषणा की मुख्य। कार्यक्रम को सम्बोधित करते मोहन तायल ने कहा कि वह हमेशा व्यापारियों के हित में हर वक्त खड़ा रहा हूं और आगे भी हर संभव व्यापारियों के हित में रहूंगा और किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दास्त नहीं किया जायेगा।कार्यक्रम मे मोहन तायल, जोगिंदर पाल सिंह जिला मंत्री, भारत भूषण खुल्लर, सुशील वर्मा, हरिराम सक्सेना, केपी सिंह, विपुल विक्रम, आकाश गोयल, मोहित गुप्ता,सलीम सलमानी, विपिन गुप्ता, निर्देश कटारिया,मोनू वर्मा, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ऑनलाइन योगा के टिप्स दिए



**मुजफ्फरनगर।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के 40 दिवसीय काउंटडाउन के अन्तर्गत गुरुवार को सम्राट इण्टर कॉलेज में विद्यालय स्टॉफ और छात्रों को ऑनलाईन योगा अभ्यास श्रखला और प्रदेश स्तरीय विशिष्ट लिंक से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं योग वैलनेस सैंटर खादरवाला के चिकित्सा अधिकारी डा.वरूण चौधरी, योग प्रशिक्षक अनूप कुमार, योग सहाक वरूण सिंह, प्रधानाचार्य अरशद सम्राह एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# समाज की आवाज बुलंद करना लक्ष्य: सलमानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** पंजाब प्रांत के फिरोजपुर जिले में सलमानी समाज के लिए एक नया अध्याय शुरु हुआ। ऑल इंडिया सलमानी वेलफेयर सोसाइटी की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में वसीम सलमानी को सर्व सम्मति से जिला फिरोजपुर का अध्यक्ष बनाया गया। घोषणा होते ही पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नासिर सलमानी व पंजाब अध्यक्ष नाजिम सलमानी की मौजूदगी में वसीम सलमानी को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। नई जिम्मेदारी मिलते ही समाज के लोगों ने वसीम सलमानी का फूल मालाओं से स्वागत किया। समर्थकों ने एक जुटता का परिचय देते हुए भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में फिरोजपुर में समाज और अधिक संगठित होगा। कार्यक्रम



में शहजाद सलमानी, महफूज रॉयल व आज़म सलमानी बुढाना विशेष रुप से मौजूद थे। सभी पदा. धिकारियों ने मंच से समाज की एकता, भाईचारे व शैक्षिक आर्थिक तरक्की पर जोर दिया। बैठक में संगठन को पूरे पंजाब में बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नासिर सलमानी ने कहा कि सलमानी समाज की तरक्की, बच्चों की तालीम व युवाओं को रोजगार से जोड़ना ही हमारे संगठन का मुख्य मकसद है। वसीम सलमानी ऊर्जावान नौजवान हैं हमें उम्मीद है कि ये समाज की आवाज को नई पहचान दिलाएंगे। पंजाब प्रांत के अध्यक्ष नाजिम सलमानी ने कहा कि जब तक समाज एकजुट नही होगा तब तक हक की लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती।

# सनातन संस्कृति मानवता और राष्ट्रभक्ति की पहचान:आशुतोष

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** समाजसेवी आशुतोष गोयल ने सनातन संस्कृति को भारत की आत्मा बताते हुए कहा कि यह केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्राचीन परंपरा है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति सत्य, सेवा, संस्कार, करुणा और मानवता का संदेश देती है तथा समाज को एकजुट रखने का कार्य करती है। मीडिया से वार्ता करते हुए आशुतोष गोयल ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पंक्तियों 'हिंदू तन-मन, हिंदू जीवन, रग-रग हिंदू मेरा परिचय' का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की पहचान उसकी संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों से है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में प्रकृति को पूजनीय माना गया है, नदियों को माता का सम्मान दिया गया है और गौ सेवा को पुण्य कार्य समझा जाता है। आशुतोष गोयल ने कहा कि सनातन संस्कृति हमें शक्ति के साथ विनम्रता, ज्ञान के साथ संस्कार और सफलता के साथ धर्म का पालन करना सिखाती है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति किसी विरा. ेध की नहीं, बल्कि हसर्वे भवन्तु सुखिन:ह की भावना की प्रतीक है, जो प्रेम, भाईचारे और राष्ट्रभक्ति का संदेश देती है। उन्होंने अभिभावकों से

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीएम ने विकास भवन व पार्क का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डीएम आलोक यादव ने शुक्रवार को लगभग 2218.86 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन विकास भवन शामली का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था से प्रोजेक्ट ड्राइंग के अनुसार कराए जा रहे निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी प्रकार का घटिया निर्माण स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्य की थर्ड पार्टी जांच कराने के निर्देश भी दिए तथा कार्यदायी संस्था को प्रतिदिन निर्माण प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। डीएम ने विकास भवन के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल का निरीक्षण करते हुए प्रवेश द्वार पर रंगाई-पुताई और परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही भवन में विभिन्न कार्यालयों, सभागार और लाइटिंग व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित पार्क के सामने से विकास भवन का नया प्रवेश द्वार बनाए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बाह्य विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने पर जोर दिया।

इस अवसर पर सीडीओ विनय कुमार तिवारी, पीडी डीआरडीए प्रेमचंद, डीपीआरओ संदीप अग्रवाल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग राजकुमार सहित उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम के अधिकारी एवं अभियंता मौजूद रहे। वही दूसरी ओर जिलाधिकारी शामली आलोक यादव ने निरीक्षण में नवीन कलेक्ट्रेट के पास मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण से संबंधित अधिकारियों से निर्मित पार्क के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए पार्क की आकषर्कता के दृष्टिगत पार्क के प्रवेश द्वार पर हॉर्टिकल्चर के अंतर्गत बेलों को लगाने का कार्य समयान्र्तगत पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी ने निर्देशित किया कि बरसात से पहले पौध रोपण, घास, फिनिशिंग, लोगों के बैठने के लिए बेंच आदि की व्यवस्था का कार्य तेजी से पूर्ण हो इसमें किसी भी स्तर पर ढ़िलाई ना हो। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित को नवीन कलेक्ट्रेट से पार्क को कनेक्ट करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के समय डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग राजकुमार, अधिशासी अभियंता मुजफ्फर नगर विकास प्राधिकरण विनीत अग्रवाल, एई हितेश गुप्ता, जेई विनय गर्ग, संदेह कुमार, राहुल सिंघल आदि मौजूद रहें।

## बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल

**चौसाना ।** कोंथलपुर गुरुद्वारा के पास गुरुवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में तीन युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सक के यहां पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

बताया गया कि चौसाना निवासी सचिन पुत्र पवन नगला चौक, जिला करनाल स्थित गुडरिच फैक्ट्री में मजदूरी करता है। गुरुवार रात वह नाइट शिफ्ट में डडूटी पर जाने के लिए बाइक से निकला था। जैसे ही वह खोडसमा स्थित कोंथलपुर गुरुद्वारे के पास पहुंचा तो सड़क पर बने गहरे गड्ढे को बचाने के प्रयास में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। दूसरी बाइक पर खोडसमा निवासी तौसीफ पुत्र अकबर और फरीद पुत्र समयदीन सवार थे, जो चौसाना की ओर आ रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को चौसाना के एक चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार दो युवकों के हाथ की उंगलियों में फ्रैक्चर की आशंका जताई गई है, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गई है।

## विशेष कृषि कैम्प का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पंजाब नेशनल बैंक थानाभवन शाखा में मेघा कृषि आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष कृषि कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनकी समस्याओं और शंकाओं का समाधान किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्रक. ांत सिंह डिप्टी सर्किल हेड मुजफ्फरनगर आसपास की शाखाओं के ब्रांच मैनेजर, एग्रीकल्चर ऑफिसर नीरज राठौर एवं थाना भवन शाखा के सीनियर मैनेजर संतोष नौटियाल मौजूद रहे। कैंप में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।इस दौरान किसानों को कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) तथा अन्य बैंकिंग सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिन किसानों के कृषि कार्ड स्वीकृत हो चुके थे उन्हें सैंक्शन लेटर भी वितरित किए गए। बताया गया कि एक सप्ताह तक चले इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 4.30 करोड़ रुपये के कृषि ऋण का लाभ किसानों को विभिन्न शाखाओं के माध्यम से प्रदान किया गया। सीनियर मैनेजर संतोष नौटियाल ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि कृषि लोन या किसी भी प्रकार के बैंक ऋण के लिए किसी बिचौलिए या झांसे में न आएं, बल्कि सीधे बैंक शाखा से संपर्क करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाएगा और उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।वहीं एग्रीकल्चर ऑफिसर नीरज राठौर ने कहा कि किसानों को कृषि योजनाओं का पूरा लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता है तथा किसी भी समस्या का समय रहते समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने बैंक अधिकारियों से कृषि ऋण एवं योजनाओं से जुड़े कई सवाल पूछे जिनका अधिका. रियों ने विस्तार से जवाब दिया।



## ससुराल पक्ष पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को गांव अम्बेहटा निवासी सबरीन पत्नी साजिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ससुराल पक्ष के लोग आए दिन छोटी-छोटी बातों को लेकर उसके साथ विवाद करते हैं। आरोप है कि विरोध करने पर मारपीट की जाती है और घर से निकालने की धमकी दी जाती है।पीड़िता और उसके पति ने परिवार के कई लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## नशे की हालत में मिले दो युवक व युवती, अस्पताल भेजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** आमवाली -मछरौली मार्ग पर उस समय हड़कंप मच गया, जब राहगीरों ने दो युवकों और एक युवती को संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोशी व नशे की हालत में पड़ा देखा। सूचना मिलते ही अहमदगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को हिरासत में लेकर उपचार के लिए झिंझाना सीएचसी में भर्ती कराया।



जानकारी के अनुसार राहगीरों ने सड़क किनारे दो युवक और एक युवती को अचेत अवस्था में पड़ा देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। अहमदगढ़ चौकी इंचार्ज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा महिला कांस्टेबल को भी बुलाया गया। पुलिस ने दोनों युवकों और युवती को हिरासत में लेकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस पूछताछ में एक युवक की पहचान देशपाल कश्यप पुत्र राजपाल निवासी सकोती तथा दूसरे युवक की पहचान गौरव कश्यप पुत्र मांगेराम निवासी कसेरवा खुर्द के रूप में हुई।

वहीं युवती ने अपना नाम ज्योति बताया, जो दिल्ली के शाहदरा क्षेत्र की रहने वाली बताई गई है। देशपाल कश्यप ने बताया कि गौरव कश्यप उसका दोस्त है और उसी ने उसे फोन कर मौके पर बुलाया था। उसने बताया कि वह हरियाणा के करनाल में पीडब्ल्यूडी विभाग में पेंटर की नौकरी करता है। देशपाल के अनुसार गौरव कश्यप के गलत आचरण के चलते उसकी पत्नी तन्नू करीब तीन वर्ष पहले उसे छोड़ चुकी है। बताया गया कि इसके बाद वह मुजफ्फरनगर जनपद के साठू नगला गांव के एक युवक के साथ रहने लगी थी। पुलिस का कहना है कि युवती अभी नशे की हालत में है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवती के होश में आने के बाद बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रेम प्रसंग में महिला पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे के मोहल्ला रोगनग्रान में प्रेम प्रसंग और वैवाहिक विवाद के चलते हुए खूनी टकराव के मामले में थाना भवन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।जबकि गंभीर रूप से घायल महिला का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

थाना भवन प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते बृहस्पतिवार को  गांव पिंडमुरादपुर थाना शाहजहांपुर जिला पठानकोट पंजाब निवासी शिवकुमार पुत्र प्रीतम सिंह थाना भवन कस्बे में पहुंचा था। आरोप है कि उसने बबीता नामक महिला को अपनी पत्नी बताते हुए साथ चलने का दबाव बनाया। महिला द्वारा साथ जाने से इनकार करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई।आरोप है कि गुस्से में आए शिवकुमार ने चाकू निकालकर बबीता पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़ी। घटना के बाद आरोपी ने खुद को भी पेट में चाकू मारकर घायल कर लिया चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जबकि शिव कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घायल महिला के पति विजय की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी शिवकुमार को गिरफ्तार का जेल भेज दिया।

## सेवानिवृत्त डीएफओ सत्यपाल सिंह का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जलालाबाद के निकटवर्ती गांव अहमदपुर के प्रधान प्रशांत सिंह के पिता एवं वन विभाग के सेवानिवृत्त डीएफओ अधिकारी सत्यपाल सिंह का शुक्रवार को लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया है कि सत्यपाल सिंह वन विभाग में डीएफओ पद पर रहते हुए संभल, कासगंज सहित कई जनपदों में तैनात रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभागीय जिम्मेदारियों को ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाया। सेवानिवृत्ति के बाद वह अपने गांव में परिवार के साथ रह रहे थे। पिछले कई दिनों से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था और उपचार के दौरान शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली।

## छोटी नहर में मिला नवजात का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला की छोटी नहर में शुक्रवार को एक नवजात शिशु का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नहर में स्नान कर रहे युवकों की नजर जब पानी में तैरते हुए नवजात पर पड़ी तो मौके पर हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आसपास के दर्जनों लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। बाद में लोगों ने शव को नहर से बाहर निकालकर मानवता का परिचय देते हुए पास के जंगल में दफना दिया।

शुक्रवार को तेज गर्मी से राहत पाने के लिए कई युवक कस्बे की छोटी नहर में नहा रहे थे। इसी दौरान युवकों ने पानी में एक नवजात का शव तैरता देखा। शव दिखाई देते ही वहां अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद नवजात के शव को नहर से बाहर निकाला।



घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। लोगों का अनुमान है कि किसी ने लोकलाज के डर से नवजात को नहर में फेंक दिया होगा। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और युवकों ने इंसानियत दिखाते हुए नवजात के शव को पास के जंगल में ले जाकर दफना दिया। हैरानी की बात यह रही कि घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि उन्हें मामले की कोई जानकारी नहीं मिली है। यदि सूचना प्राप्त होती है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## मिल रोड पर नाली निर्माण कार्य हुआ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के मिल रोड स्थित नगर पालिका परिषद की दुकानों के बाहर लंबे समय से जमा गंदे पानी की समस्या को लेकर दुकानदारों द्वारा किए गए प्रदर्शन का असर अब दिखाई देने लगा है। दुकानदारों की शिकायत और विरोध के बाद नगर पालिका प्रशासन ने शुक्रवार से नाली निर्माण का कार्य शुरू करा दिया। पूरे दिन मजदूर निर्माण कार्य में जुटे रहे, जिससे क्षेत्र के व्यापारियों और राहगीरों ने राहत महसूस की।

दरअसल, पालिका की दुक. ानों के सामने बनी नाली काफी समय से अवरुद्ध पड़ी थी। नाली में गंदा पानी जमा रहने के कारण आसपास बदबू फैल रही थी और मच्छरों के साथ कीड़े-मकौड़ों की संख्या बढ़ने लगी थी। दुकानदारों का कहना था कि इस स्थिति से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ था और ग्राहकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। गुरुवार को परेशान दुक. ानदारों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया था और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की थी। व्यापारियों ने बताया था कि पालिका गेट के पास पानी की टंकी के निकट करीब डेढ़ वर्ष से पाइप लाइन टूटी हुई है, जिसकी मरम्मत अब तक नहीं कराई गई। पाइप लाइन से लगातार पानी बहने के कारण सड़क भी क्षतिग्रस्त होने लगी थी।

प्रदर्शन के अगले ही दिन पालिका प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नाली निर्माण कार्य शुरू करा दिया। दुकानदारों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य तेजी से पूरा हो जाता है तो लंबे समय से चली आ रही समस्या से निजात मिल सकेगी। क्षेत्र के लोगों ने भी पालिका से जल्द कार्य पूरा कराने की मांग की है।

## मिशन शक्ति में महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मिशन शक्ति फेस 5.2 अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को थाना थानाभवन पुलिस टीम द्वारा कस्बा क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। यह अभियान  पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेशानुसार थाना थानाभवन के नेतृत्व में चलाया गया।अभियान के दौरान मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल पूनम एवं महिला कांस्टेबल मोनिका द्वारा कस्बा थानाभवन में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए कानूनों का उद्देश्य दंड से अधिक न्याय व्यवस्था को मजबूत करना तथा महिलाओं को अधिक सुरक्षा और अधिकार प्रदान करना है।इस दौरान टीम द्वारा साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी बाल अपराध एवं महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

## रघुनाथ मंदिर में सनातन धर्म सम्मेलन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर की पंजाबी कालोनी स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में शुक्रवार से तीन दिवसीय सनातन धर्म सम्मेलन का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। सम्मेलन के प्रथम दिन मंदिर परिसर से भव्य प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

प्रभातफेरी मंदिर प्रांगण से शुरू होकर कालोनी के विभिन्न मार्गो से होती हुई ओमप्रकाश जुनेजा के आवास पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए धर्ममय वातावरण बनाते नजर आए। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की सहभागिता से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। श्री रघुनाथ मंदिर सभा के प्रधान सुभाष चुग ने बताया कि सम्मेलन का आयोजन 10 मई तक किया जाएगा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय संत समिति के उपाध्यक्ष स्वामी रामदेव महाराज, श्री निजात्म प्रेम धाम ट्रस्ट हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी शिव प्रेमानंद महाराज, महंत लोकेश दास महाराज ऋषिकेश सहित कई संत-महात्मा शामिल हो रहे हैं। प्रथम दिन सुबह रामायण पाठ तथा रात्रि में सत्संग का आयोजन किया गया। शनिवार को भी सत्संग होगा, जबकि 10 मई को हवन यज्ञ, रामायण भोग और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पं. दिनेश पाठक, राधेश्याम भारती, यशपाल ठकराल, ख्रष्ण जुनेजा, डा. हरिओम पाठक, राकेश परूथी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

### एक नजर......

### घर में घुसकर दंपती पर लाठी-डंडों से हमला, पत्नी घायल

**शामली।** कांधला क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी बसारत पुत्र रियासत ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह घर पर अपनी पत्नी के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान पड़ोस के ही खीजर अब्बास, नियाज अब्बास पुत्र कोसर व अजीम पत्नी खीजर घर में घुस आए और कथित तौर पर गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों से हमला बोल दिया।पीड़ित के अनुसार, जब उसकी पत्नी ने बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसके सिर पर भी लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। भीड़ को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।घायल महिला को उपचार के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद पीड़ित पति ने तीनों आरोपियों के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सब्जी मंडी में गंदगी का अंबार, व्यापारियों में रोष

**शामली।** कांधला की कैराना मार्ग स्थित नवीन सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था बदहाल होने से व्यापारियों और ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंडी परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, जिससे फैल रही दुर्गंध के कारण हालात नारकीय बने हुए हैं। व्यापारियों ने सफाई ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है।नगर की नवीन सब्जी मंडी में प्रतिदिन लाखों रुपये का कारोबार होता है, लेकिन पिछले करीब 15 दिनों से मंडी में नियमित सफाई नहीं होने के कारण गंदगी लगातार बढ़ती जा रही है। मंडी व्यापारी दिलशाद ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों और सफाई ठेकेदार से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं कराया गया।व्यापारी नवाब का कहना है कि मंडी में फैल रही गंदगी और बदबू के चलते ग्राहक भी आने से कतराने लगे हैं, जिसका सीधा असर व्यापार पर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सुबह और शाम के समय मंडी में सबसे अधिक भीड़ रहती है, लेकिन सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त होने से हालात दिन-प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो समस्या और गंभीर हो सकती है। वहीं, सफाई ठेकेदार सहारनपुर निवासी संदीप  ने बताया कि मंडी में फैली गंदगी को लेकर जल्द विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि मंडी परिसर की साफ-सफाई कराकर व्यापारियों और ग्राहकों को राहत दिलाई जाएगी।

### संपत्ति बंटवारे को लेकर चाचा-भतीजे में मारपीट, तीन का चालान

**शामली।** कांधला थाना क्षेत्र के गांव मतनावली में संपत्ति बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के लोगों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे तीन लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। गांव मतनावली निवासी राजीव, सोनू और उनका भतीजा बॉबी शुक्रवार को आपस में विवाद कर रहे थे। बताया गया कि संपत्ति के बंटवारे को लेकर तीनों में काफी समय से तनातनी चल रही थी। शुक्रवार को विवाद बढ़ने पर जमकर मारपीट शुरू हो गई और मौके पर दर्जनों ग्रामीण भी जमा हो गए।ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी पुलिस के सामने भी आपस में उलझते रहे। इसके बाद पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर थाने ले आई।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी स्थिति में शांति व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी। तीनों आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई कर चालान किया गया है। भविष्य में अगर दोबा. रा से झगड़ा करते हैं तो उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### भाजपा मंडल बैठक में कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**शामली।** कांधला के भाजपा कार्यालय पर मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष दामोदर सैनी ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय होकर जनता के बीच जाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने अनुशासन और संगठनात्मक एकजुटता के साथ कार्य करने का मंत्र दिया।बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है और सभी कार्यकर्ता मिलकर आगामी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कार्य करेंगे।जिला उपाध्यक्ष ने मंडल अध्यक्ष को निर्देश दिए कि संगठनात्मक कार्यों में तेजी लाने के लिए पदाधिकारियों को सेक्टरवार जिम्मेदारियां सौंपी जाएं और इसका क्रियान्वयन तत्काल शुरू किया जाए। बैठक के दौरान केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार और प्रदेश सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक एवं प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का आहवान किया गया।इ स मौके पर नामित सभासद अलका चौहान, मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन, अशोक चौहान, राजीव शर्मा, दीपक गुप्ता, विनीत शर्मा, बदरू जमा, जितेंद्र उर्फ टिंकू चौहान, डॉ. जनेश्वर चौहान, सतवीर, संजय मित्तल, राजेंद्र वर्मा, रवि नामदेव, सादिक, राजवीर सिंह, कृष्णपाल और संदीप सैनी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्व. भंवर सिंह स्मृति में बांटे पेन रिलीफ

**शामली।** महिला रोग विशेषज्ञ डा. बिजेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को स्व भंवर सिंह की स्मृति में शामली सीएचसी में मरीजों के लिए निशुल्क शीतल जल सेवा प्रारंभ की। इसके साथ ही सीएचसी में 100 पेन रिलीफ जेल डोनेट किए, जिससे मरीजों को इसका लाभ मिल सके। शुक्रवार को महिला रोग विशेषज्ञ डा. विजेन्द्र कुमार ने सीएचसी शामली में स्व भंवर सिंह की स्मृति में मरीजों के लिए निशुल्क शीतल जल सेवा प्रारंभ की। जिसका उन्होने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होने बताया कि भीषण गर्मी में हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों को ठंडा पानी न मिलने से परेशानी होती है। इसलिए उन्होने पूरे ग्रीष्मकालीन के लिए यह सेवा निशुल्क प्रारंभ की है। इसके साथ ही उन्होने मानव सेवा करते हुए सीएचसी में 100 पेन रिलीफ जेल डोनेट किए, जिससे मरीजों को इसका लाभ मिल सके। उन्होने हॉस्पिटल में आने वाली गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए जागरूक किया।

सूचना

दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कैराना, कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

सुनील वर्मा

( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )

मो. 8630354443, 9897943340

कार्यालय पताः- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

# बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स में राहत देने का लिया फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका की बोर्ड बैठक में शहरवासियों को हाउस टैक्स में बड़ी राहत देने का फैसला लिया गया। नई कर व्यवस्था के तहत स्वकर निर्धारण प्रणाली में संशोधन करते हुए टैक्स दरों को लगभग आधा कर दिया गया है। साथ ही अगले पांच माह तक समय पर टैक्स जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी तथा आगामी सात माह तक किसी प्रकार का अधिभार नहीं लगाया जाएगा। इससे शहर के हजारों मकान मालिकों को सीधा लाभ मिलेगा।



पालिका सभागार में आयोजित वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम बोर्ड बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष अरविन्द संगल ने की। बैठक में 30 में से 25 सभासद उपस्थित रहे, जिनमें तीन नामित सभासद भी शामिल थे। हाउस टैक्स बढ़ोतरी को लेकर शहर में चल रही चर्चाओं के बीच चेयरमैन द्वारा पिछले कई माह से अधिकारियों एवं शासन स्तर पर लगातार वार्ता की जा रही थी। इसी क्रम में 26 मार्च 2026 की बोर्ड बैठक में स्वकर निर्धारण प्रणाली में संशोधन का प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसकी शुक्रवार को पुनः पुष्टि की गई। बोर्ड ने नई कर व्यवस्था के अनुसार टैक्स बिल तैयार करने का प्रस्ताव पारित करते हुए कर अधीक्षक योगेश कुमार और राजस्व निरीक्षक चन्द्रकिशोर पटेल को तत्काल नए बिल जारी करने के निर्देश दिए। नई व्यवस्था के अनुसार शहर के वार्डों को श्रेणी अ और ब में विभाजित किया गया है। इसके अलावा वार्डों को सड़कों के आधार पर चार भागों में बांटकर नई दरें निर्धारित की गई हैं। बोर्ड ने यह भी निर्णय लिया कि किसी भी करदाता पर अधिभार नहीं लगाया जाएगा। बैठक में सभासदों और अधिकारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस प्रस्ताव का स्वागत किया। बैठक का संचालन ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने किया। इस दौरान सभासद हाजी साजिद, अजीत निर्वाल, अरविन्द खटीक, राजीव गोयल, फिरदौस, अजय निर्वाल उर्फ बोबी, प्रमोद जांगिड, हसीन अंसारी, तोहिद रहमानी, डॉ राजेन्द्र संगल मौजूद रहे।

## दभेड़ी टोल प्लाजा पर फायरिंग व मारपीट में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर रोड स्थित दभेडी टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारी मोहित राणा पुत्र जगरोशन निवासी ग्राम अंबेहटा याकूबपुर थाना थानाभवन ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया कि दिनांक 27 अप्रैल को रोकी पुत्र बबला ग्राम उन्हेड़ी जिला यमुनानगर हरियाणा ने टोल प्लाजा पर शराब पीकर कर्मचारियों के साथ बदतमीजी व जान से मारने की धमकी दी थी उसे समय पुलिस को सूचना दी गई थी और पुलिस कार्रवायी के बाद उक्त व्यक्तियों का समझौता हो गया था।

उसी रंजिश के तहत रोकी अपने अन्य चार साथियों के साथ दिनांक 6 मई को रात्रि 12 बजे के करीब टोल प्लाजा पर पहुंचकर टोल कर्मचारियों के साथ मारपीट करने के साथ-साथ ताबड़तोड़ फायरिंग भी की गई जिसमें कर्मचारी मोहित राणा, कुलदीप, संदीप,अनुज ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। घटना का पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पीड़ित कर्मचारियों ने उक्त घटना के आरोपी रोकी व अन्य चार साथियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सोहजनी उमरपुर निवासी अब्दुल करीम पुत्र ममरेज ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरे पड़ोस में रहने वाले नौशाद इंशाद अबरार पुत्रगण यामीन व इसरार पुत्र फजरा झगड़ालू किस्म के व्यक्ति हैं उक्त व्यक्तियों ने दिनांक 4 मई को शाम 8:00 बजे घर में घुसकर उसकी पत्नी अंजुम को गालियां देने लगे जब उसने गाली देने से मना किया तो दोनों पति-पत्नी के ऊपर उक्त लोगो ने लाठी डंडे से हमला कर दिया। पीडित अपनी पत्नी का इलाज कराने के बाद थाने मे तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## आशु हत्याकांड में दोषियों पर मांगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी युवक आशु हत्याकांड में सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायतकर्ता वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि गत एक मई को उनके पुत्र आशु की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

मामले में पुलिस द्वारा आकाश और शंकर उर्फ मोहित निवासी शाहपुर, जिला मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन परिजनों का आरोप है कि हत्या के पीछे जिन लोगों की भूमिका बताई जा रही है, उनके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## शराब के ठेके बंद कराने को लेकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव टिटौली में संचालित शराब के ठेकों को बंद कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने डीएम आलोक यादव को शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के अंदर खुले देशी शराब ठेके के कारण आए दिन शराबियों द्वारा हुड़दंग किया जाता है, जिससे महिलाओं और बहू-बेटियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीण राजीव कुमार पुत्र ब्रह्मपाल सिंह निवासी टिटौली के नेतृत्व में दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि शराब का ठेका आबादी क्षेत्र में स्थित है, जिसके आसपास परिवार रहते हैं। शराब पीने के बाद लोग गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि एक शराब ठेका सड़क किनारे प्राथमिक विद्यालय के सामने स्थित है, जिससे स्कूली बच्चों के आने-जाने में परेशानी होती है और अभिभावकों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मामले की सूचना आदर्श मंडी थाना पुलिस को दी गई, लेकिन कार्रवाई के बजाय विरोध करने पर गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गांव में संचालित शराब ठेकों को तत्काल बंद कराया जाए, ताकि गांव का माहौल शांतिपूर्ण बना रहे और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। मौके पर पर जाहिद, मानक, गौरव कुमार, भोपाल सिंह, मोनू, सुरेन्द्र, अमरपाल आदि मौजूद रहे।

## सऊदी अरब में सुरक्षित और बेहतर रोजगार के अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि ये भर्ती विभाग में पंजीकृत एजेंसी क्रियेटिव एंटरप्राइजेज की ओर से कराई जा रही है। सऊदी अरब में 91 पदों पर कुशल कार्मिकों की आवश्यकता है। इसमें फेब्रिकेशन सुपरवाइजर, फोरमैन , स्ट्रक्चरल फेब्रिकेटर, मैकेनिकल टैक्निशियन, फीटर, पाइप फेब्रिकेटर, हेल्पर, वेल्डर पद शामिल हैं। इन पदों हेतु 42000 से 99000 तक वेतन निर्धारित है। आयु 24 से 48 वर्ष, अनुभव 5 से 17 वर्ष, योग्यता वैल्डर, टैक्निशियन, प्लम्बर, फैब्रकेशन आदि है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास वैध पासपोर्ट जरूरी है।

## कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना कस्बे के मोहल्ला खेलकला निवासी कई लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर निजी कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे के प्रयास का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है।

शिकायतकर्ता महराज, साबिर, नसीम, अफसर, छोटन, शमशाद और नानू आदि का कहना है कि उनके पूर्वजों ने कुछ भूमि को परिवार के निजी कब्रिस्तान और मजार के लिए छोड़ा था। आरोप है कि पिछले करीब 50 वर्षों से उनके परिवार के सदस्य ही उक्त कब्रिस्तान में अपने मृतकों को दफनाते आ रहे हैं और भूमि पर उनका मालिकाना हक है। पीड़ितों के अनुसार आगामी



बकरीद पर्व को देखते हुए 5 मई को कब्रिस्तान की साफ-सफाई, गड्ढे की मरम्मत तथा चारदीवारी निर्माण का कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान मोहल्ला खेलकला निवासी कुछ लोगों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया और भूमि को अपनी बताते हुए विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि विपक्षियों ने उन पर प्रतिबंधित पेड़ काटने का झूठा आरोप लगाया, जबकि पीपल और नीम के पेड़ आंधी-तूफान में जड़ से उखड़कर गिरे थे। उनका कहना है कि भूमि संबंधी पुराने दस्तावेज और खतौनी में पूर्वजों के नाम दर्ज हैं, जिससे मालिकाना हक सिद्ध होता है। आरोप है कि विरोध करने वाले लोग अवैध तरीके से भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं और परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीडितों ने मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# गढ़ी हसनपुर में किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

- 63 मरीजों का हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन परीक्षण।
- जांच में 51 लोगों की रिपोर्ट आई सामने, 12 मरीजों में पाए गए लक्षण।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ऊन की गढी हसनपुर ग्राम पंचायत के स्वास्थ्य उपकेंद्र पर शुक्रवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय कार्यक्रम के तहत एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गढी हसनपुर और उसके आसपास के मजरों के 63 मरीजों का निशुल्क एक्सरे परीक्षण किया गया। आधुनिक हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से मरीजों के छाती के एक्स-रे किए गए, जिससे मौके पर ही जांच प्रक्रिया तेज और सुविधाजनक रही। सुबह से ही जांच कराने के लिए मरीजों की भीड़ लगी रही।

24 मार्च से पूरे प्रदेश मे टीबीरोग मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया जोकि कि 100 दिनो तक चलेगा। ऊन ब्लॉक मे टीबी रोग मुक्त अभियान का कारवां गुरूवार को चौसाना से शुरू किया गया था। जिसके दूसरे दिन गढी हसनपुर में ऊन के चिकित्सा प्रभारी डा0 तरूण कुमार के निर्देशन मे शिविर का आयोजन किया गया। आयुष्मान स्वास्थ्य केन्द्र गढी हसनपुर पर तैनात सीएचओ अक्षय कुमार ने बताया कि शिविर में कुल 63



लोगों की जांच की गई, जिनमें 58 पुरुष और 5 महिलाएं शामिल रहीं। जांच के दौरान 51 लोगों की रिपोर्ट सामान्य पाई गई, जबकि 12 मरीजों के एक्स-रे में असामान्य लक्षण सामने आए। ऐसे मरीजों को आगे की जांच और उपचार के लिए चिन्हित कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

चिकित्सा प्रभारी डॉ. तरूण कुमार ने कहा कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह उपचार योग्य बीमारी है। यदि शुरुआती लक्षणों की समय रहते पहचान हो जाए तो मरीज को जल्द स्वस्थ किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी, वजन कम होना, बुखार या सांस लेने में परेशानी होने पर तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराने की अपील की।शिविर में डॉ. नवीन, टीबी प्रोग्राम सुपरवाइजर प्रशांत कुमार, सीएचऔ अक्शे और एक्स-रे टेक्नीशियन रवि मौजूद रहे। स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श भी दिया।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर जीन हेनरी डडूनेंट का मनाया जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला रेड क्रॉस शाखा शामली द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रेड क्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी डडूनेंट का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शामली शहर के हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज तथा कांधला के बीपीएन जूनियर हाई स्कूल में गोष्ठी एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इसके साथ ही हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज में रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से योग शिविर का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल में एमबीबीएस एवं एमडी चिकित्सकों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शामली शाखा के अध्यक्ष कुशांक चौहान ने रेड क्रॉस के विभिन्न सेवा कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए लोगों को मानवता और सेवाभाव के लिए निरंतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन, कार्यक्रम संयोजक डॉ. जनश्वेर चौहान, अलका चौहान, श्वेता चौहान, वीणा अग्रवाल, अलका सिंघल, प्रधानाचार्या शमा परवीन सहित मीनाक्षी, मधुबाला, पूजा, पूनम, इकरा, तनु, प्राची, अंकित, रजत और रमेश आदि उपस्थित रहे।



## जमानत पर छूटे युवक के स्वागत में जुलूस निकालने पर प्रथामिकी दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- गांव के 12 नामजद और 23 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**देवबन्द।** युवक के जेल से जमानत पर आने के बाद जुलूस निकालने के मामले में कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गांव के 12 नामजद और 23 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में प्राथमिकी दर्ज है।

पुलिस ने 30 अप्रैल को गांव रणखंडी निवासी रवि को अवैध पिस्टल रखने के आरोप में जेल भेजा था। ग्रामीणों का आरोप था कि रवि को कई दिनों तक पुलिस ने अवैध हिरासत में रखा। गिरफ्तारी के विरोध में 29 अप्रैल को रणखंडी के ग्रामीणों ने कोतवाली परिसर में धरना भी दिया। जिसके बाद पुलिस ने रवि का चालान किया था। बृहस्पतिवार को न्यायालय से रवि को जमानत मिलने के बाद जब वह जेल से बाहर आया तो ग्रामीण और उसके साथी उसे लेने पहुंचे। आरोप है कि गांव में गाजे-बाजे के साथ उसका जुलूस निकाला गया। पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और रवि राणा, सत्यजीत उर्फ सत्ते, शुभम, आर्यन उर्फ छोटू, रजत उर्फ रज्जी, शेखर, गोल्डी, प्रदीप, अमर, अमन, प्रिंस, सुशील और सुमित को नामजद किया है। इसके अलावा 23 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। ग्रामीणों का कहना है पुलिस जानबूझकर लोगों को निशाना बना रही है। धरने के बाद से ही पुलिस का रुख सख्त था और अब जमानत पर आए युवक के स्वागत को मुद्दा बनाकर प्राथमिकी दर्ज की है।

## आवारा कुत्तों का आतंक नहीं ले रहा थमने का नाम

वेलकम कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय खुजैमा दोपहर के समय घर से किसी काम के लिए बाहर निकला था। वह कुछ ही दूर चला था कि अचानक पीछे से आए एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला बोल दिया। बचाव की कोशिश में खुजैमा जमीन पर गिर पड़ा, जिसका फायदा उठाकर कुत्ते ने उसके हाथ पर गहरे घाव कर दिए। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और कड़ी मुश्किल से उसे कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया। परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। कॉलोनीवासी समीर, रहमान, अब्दुल और सलमान आदि का कहना है कि यह कुत्ता क्षेत्र में दहशत का पर्याय बना है। इससे पूर्व भी यह कई लोगो पर हमला कर उन्हें घायल कर चुका है। कॉलोनीवासियों पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग से जनहित में आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग की।


## सामाजिक कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं: सिंघल





**देवबन्द।** अग्रणी सामाजिक संस्था मानव कल्याण मंच ने शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को चश्मों का वितरण किया। शिव शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों के हाथों कुल 87 लोगों को चश्मे दिए गए। मुख्य अतिथि दून वैली स्कूल की मैनेजर सुमन सिंघल ने मानव कल्याण मंच द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानाचार्य अजय वर्मा ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वरीय सेवा है। मानव कल्याण मंच समय समय पर इस तरह के आयोजन करता है। मंच संस्थापक अरुण अग्रवाल ने बताया कि समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना ही मंच का उद्देश्य है। अध्यक्ष सुशील कर्णवाल ने कहा कि मंच भविष्य में भी इस तरह के जनसेवा के कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर पूजा छाबड़ा, शशि गुगलानी, राजू सैनी, जितेंद्र कश्यप, पूनम कौशिक, डॉ. कांता त्यागी, सुरभि अग्रवाल, प्रमोद मित्तल, लोकेश वत्स अनीता बंसल, रीता सिंह आदि शामिल रहे।

## बाबा बलदेवनाथ औघाड़पीर के निधन पर साधु संतों ने जताया दुख



**देवबन्द।** देवीकुंड स्थित योगी कर्णनाथ धुना सेवा ट्रस्ट के संस्थापक बाबा बलदेवनाथ औघड़पीर का गुरुवार की रात निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। उनके निधन पर साधु संतों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। बाबा बलदेव नाथ काफी समय से बीमार चल रहे थे। गुरुवार की रात उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से साधु संतों में गम का माहौल छा गया। बाबा बलदेव नाथ देवीकुंड परिसर में विकास पुरुष के नाम से जाने जाते थे। उन्होंने योगी कर्णनाथ धुना सेवा ट्रस्ट के नाम से संस्था बनाकर श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न सेवाएं प्रारंभ की थी। उनके धुनें पर साप्ताहिक भंडारे का आयोजन भी होता था। शुक्रवार को धुनें पर पहुंचे साधु संतों ने उन्हें समाधि दी। ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य गणों ने उन्हें दुखी मन से अंतिम विदाई देते हुए समाधि लीन कराया। समाधि देने वालों में टूटाईनाथ, पत्थर नाथ, अनुज सिंघल, राजकुमार शर्मा, बलवीर सैनी, अरुण त्यागी, प्रभात राणा, राजीव भटनागर, विकास नामदेव, अंकुर नामदेव, अजब सिंह, बल्ला, प्रवीण चौधरी, विकास त्यागी, शिव कुमार, पंडित शिवम शर्मा, शुभम शर्मा, लोकेश शर्मा, विनय शर्मा, मोहित शर्मा आदि शामिल रह

**सूचना**

I have changed my name from Mohammad Aakif to Mohd Aakif. I would like to be known by this name in future.

Mohd Aakif S/o Waseem Ahmed R/O 932, Mohalla Kayasthwara Deoband. Saharanpur. UP-247554

**सूचना**

मैंने अपना नाम YOGESHKUMAR SATYAPAL SINGH CHAUDHARY से बदलकर YOGESH KUMAR रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पुकारा जाए ।

YOGESH KUMAR S/O SATYAPAL SINGH RESIDENT OF 143, GUNARSA, SAHARANPUR, UTTAR PRADESH, 247554

**सूचना**

मैंने अपना नाम GITA YOGESHKUMAR CHAUDHARY से बदलकर GEETA RANI रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पुकारा जाए।

GEETARANI W/O YOGESH KUMAR RESIDENT OF GUNARSA, SAHARANPUR, UTTAR PRADESH, 247554

# दून वैली पब्लिक स्कूल में पूल एवं समर थीम पार्टी का आयोजन

**देवबन्द।** गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से दून वैली पब्लिक स्कूल में पूल एवं समर थीम पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने खूब आनंद लिया और जमकर धमाल मचाया।

दून वैली पब्लिक स्कूल प्रांगण में प्री-नर्सरी से कक्षा दो तक के छात्रों के लिए आयोजित पार्टी में वाटर गेम्स खेला और जंपिंग जैक झूले पर मस्ती की। रंग-बिरंगे परिधानों, आकर्षक चश्मों और छोटे-छोटे छातों के साथ बच्चों ने थीम आधारित रैम्प वाक किया। रेन डांस पार्टी में नन्हे-मुन्ने जमकर थिरके। बच्चों ने मीठी काटन कैंडी, पोपकॉर्न और फ्रूटी का भी लुत्फ लिया। उठाया गया। विद्यालय के चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता व प्रधानाचार्या सीमा शर्मा ने कहा कि



इस प्रकार के रचनात्मक और मनोरंजक कार्यक्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत सहायक है।

## छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति किया प्रेम व्यक्त

**देवबन्द।** मातृ दिवस के उपलक्ष्य में आरके पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी मां के सम्मान में सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आरके पब्लिक स्कूल प्रांगण में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में छोटे-छोटे बच्चों ने गीत, कविता, भाषण एवं नृत्य प्रस्तुत कर अपनी माताओं के प्रति प्रेम व्यक्त किया।




सुंदर कार्ड और चित्र भी बनाए, जो आकर्षण का केंद्र रहे। प्रधानाचार्या मोनिका कपूर ने कहा कि मां हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती हैं। उनका स्थान सबसे ऊंचा होता है। उन्होंने छात्रों को सदैव अपनी माता का सम्मान करने एवं उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के चेयरमैन राजेश चौहान व डा. कुलदीप सिंह राणा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# जनगणना देश के विकास का महत्वपूर्ण आधारः अब्दुर्रहमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर में जनगणना को लेकर नजर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैय्या ने सभासदों एवं कर्मचारियों की मीटिंग ली गई। मीटिंग के बाद जनगणना के प्रति लोगों को जागरूक भी किए गया।



शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैय्या ने मीटिंग में बोलते हुए कहा की कि जनगणना देश के विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना 7 से 21 मई तक स्व-गणना की प्रक्रिया चलेगी। उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वो अपने परिवार से संबंधित सही जानकारी जनगणना कर्मचारियों को बताए जिस से जिस से आप की जनगणना सही हो सके।.उन्होंने यह भी बताया कि नागरिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से खुद जानकारी दर्ज कर सकते हैं.. उन्होंने जानकारी दी कि 22 मई से 20 जून तक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण और गणना की जाएगी.। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जनगणना में प्रत्येक घर का पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनगणना अधिनियम 1948 के तहत सभी नागरिकों को सही जानकारी देना अनिवार्य है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने मीटिंग में अपने परिवार के अलावा सभासदों, जिम्मेदार लोगो कर्मचारियों की स्व गणना भी की गई।अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा ने बताया किजनगणना कर्मचारी जनगणना करते समय नागरिकों से कुल 33 महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर लिए जाएंगे। इनमें मकान की स्थिति, उपयोग, निर्माण सामग्री और सुविधाओं की जानकारी शामिल होगी।

उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों की संख्या, नाम, लिंग और सामाजिक वर्ग की जानकारी भी ली जाएगी सभी कस्बे के नागरिक अपनी जनगणना के संबंध में सही जानकारी जनगणना कर्मचारियों को देकर जनगणना के कार्यों में उनका सहयोग करे। उन्होंने जनगणना कर्मचारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि वे कस्बेवासियों को स्व गणना करने के लिय भी प्रेरित करे।

मीटिंग में नामित सभासद अनिल सिंघल, सुनील राजदेव उर्फ बिट्टू, सभासद सत्यप्रकाश रो. हिला मुर्तजा राही शाहनवाज उर्फ गुल्लू, अब्दुल मालिक नरेन्द्र कुमार देवेन्द्र शर्मा फरहान के वरिष्ठ लिपिक ओमप्रकाश अलावा जनगणना सहायक इरशाद इंतजार सचिन कुमार सतनाम , अरुण कुमार गौतम आदि कर्मचारी एवं जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों को दी योजनाओं की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** विकास खण्ड मुजफ्फराबाद के सभागार में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा एक विशेष शिविर का आयोजन कर क्षेत्र के दिव्यांगजनों को सरकारी सुविधाओं से जोड़ने की ठोस पहल की गई।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी धर्मवीर सिंह की अध्यक्षता और एडीओ समाज कल्याण ललित कुमार के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों व वयस्कों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिलाना रहा। शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों ने दिव्यांग पेंशन, दुकान निर्माण एवं संचालन योजना, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन अनुदान के साथ-साथ गंभीर रोगों के लिए इंप्लांट और सर्जरी जैसी



महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। शिविर प्रभारी श्री प्रियम त्रिपाठी ने प्रगति रिपोर्ट साझा करते हुए जानकारी दी कि मौके पर ही 03 नए दिव्यांग प्रमाण पत्रों के आवेदन दर्ज किए गए, जबकि 10 लाभार्थियों ने सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण कराया।

इन सभी आवेदनों को जल्द ही डिजिटल पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा और लाभार्थियों को उनके मोबाइल पर आगामी प्रक्रिया व तिथि की सूचना दी जाएगी। इस सेवा कार्य में जिला अस्पताल सहारनपुर के चिकित्सकों की टीम के साथ दारा सिंह, लक्खी, सचिन कुमार और स्थानीय ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

# निर्माणाधीन मकान से 9 कुंतल सरिया चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र में यकायक हो रही चोरी की घटनाओ से आमजन परेशान है गत रात हाइवे स्थित एम एल डी पब्लिक स्कूल के सामने निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर करीब नौ कुन्तल सरिया चोरी कर ले गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गयी है।

कस्बा निवासी मुकेश कश्यप उर्फ मोन्नी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि हाईवे किनारे उनकी जमीन पर मकान निर्माण का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के लिए मकान में करीब 9 कुंतल सरिया रखा गया था। पीडित का कहना है कि गुरुवार की रात अज्ञात चोर मौके पर पहुंचे और हजारों रुपये कीमत का सरिया चोरी कर ले गए। सुबह जब वह निर्माण स्थल पर पहुंचा तो सरिया गायब देखकर उनके होश उड़ गए। आसपास काफी तलाश और पूछताछ के बावजूद चोरी का कोई सुराग नहीं लग सका। घटना से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अज्ञात चोर अनाज, लोहे का सामान अब निर्माणाधीन मकानों को भी अपना निशाना बनाने लगे है । विदित हो कि करीब डेढ वर्ष पूर्व घटनास्थल क्षेत्र मे अज्ञात चोर एक आरा मशीन, एक स्कूल सहित करीब आधा दर्जन मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपए का सामान चोरी कर ले गए थे जिसका आज तक भी पुलिस खुलासा नही कर पायी है।

थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# शातिर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने मोबाइल लूट की वारदात में फरार चल रहे एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।

प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में गठित टीम ने सटीक सूचना के आधार पर वांछित अभियुक्त अजीम पुत्र अब्दुल कादिर, निवासी इंद्रा कॉलोनी (बेहट) को कलसिया रोड स्थित कब्रिस्तान के पास से दबोच लिया। उल्लेखनीय है कि बीती 15 अप्रैल 2026 को कस्बा छुटमलपुर में एक युवती से मोबा. इल लूट की वारदात हुई थी, जिसके संबंध में थाना फतेहपुर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

# महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर महिला पुलिस टीम ने शुक्रवार को मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिला एवं बालिका सुरक्षा-जागरूकता अभियान चलाया।

एंटी रोमियो स्क्वायड की टीम ने स्कूल बाजार, बैंक, सीएचसी, सब्जी मंडी, मुस्लिम मार्केट, ज्योति करण चौराहा, तिराहा बेहट रोड और वृद्ध आश्रम जैसे सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिक. ाओं से सीधा संवाद किया। टीम में एंटी रोमियो प्रभारी मिथिलेश राठौर और महिला हेड कांस्टेबल नीरज और शामिल रहीं। अभियान के दौरान टीम ने महिलाओं वह



बालिकाओं से उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें बाल विवाह रोकथाम अभियान, विधवा पेंशन योजना, सुमंगला योजना तथा विभिन्न बाल कल्याण योजनाएं प्रमुख रहीं।

टीम ने बाल मजदूरी न कराने, गुड टच बैड टच की पहचान, बच्चों की सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव पर भी जोर दिया। डिजिटल अरेस्ट, फ्रॉड कॉल, अनचाहे लिंक, साइबर फ्रॉड जैसी बढ़ती चुनौतियों से सतर्क रहने की सलाह दी गई। अभियान के अंत में महिलाओं की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया गया। स्थानीय महिलाओं ने पुलिस की इस सक्रियता की सराहना की और कहा कि ऐसी मुहिम से समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत हो रही है।

एंटी रोमियो प्रभारी मिथिलेश राठौर ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत ऐसे अभियान नियमित रूप से हर रोज जारी रहेगा।

# बेखौफ चोरों ने घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल चुराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामले में बेखौफ चोर घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर फरार हो गए।घटना के बाद क्षेत्र में चोरी के दहशत का माहौल बना हुआ है।पुलिस गश्त को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

मौहल्ला कायस्थान निवासी हिमांशु सैनी पुत्र राकेश सैनी की हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक घर के बाहर खड़ी हुई थी। बताया गया कि रात्रि करीब 8:15 बजे दो युवक एक बाइक पर वहां पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि दोनों युवक पहले मौके की रेकी करते हैं।जिसके बाद एक युवक अपनी बाइक पर बैठा रहता है,जबकि दूसरा युवक हिमांशु की स्प्लेंडर बाइक चोरी कर फरार हो जाता है। कुछ ही सेकेंड में दोनों आरोपी अलग-अलग बाइकों पर मौके से निकल जाते हैं। सबसे अहम बात यह रही कि चोरी की पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में दोनों संदिग्ध युवकों की गतिविधियां साफ दिखाई दे रही हैं, जिससे पुलिस को चोरों तक पहुंचने में मदद मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। घटना के बाद पीड़ित हिमांशु सैनी ने थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# पुलिस ने लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** क्षेत्र में बिना अनुमति के हरे भरे आम के पेड़ो के काटने की सूचना पर पुलिस ने लकड़ियों से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली सहित दो लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर कार्यवाही लग गई है। इस कार्यवाही से वन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव रांडोल में अवैध रूप से हरे भरे आम के पेड़ो की काटने की पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग प्रतिबंधित आम के पेड़ों को काटकर ठिकाने लगाने की फिराक में लगे हुए हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली बेहट पुलिस



मौके पर पहुंची और हरे भरे फलदार आम की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर -ट्राली को ट्रैक्टर चालक सहित हिरासत में ले लिया पुलिस को देख ठेकेदार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर वन विभाग के कर्मचारियों को भी मौके पर बुला लिया गया है। वन विभाग ने प्रतिबंधित काटे गए आम के पेड़ो की लकड़ियों की लिखा पढ़ी कर कब्जे में लेली। पुलिस ने लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर ट्राली को चालक सहित कब्जे में लेकर कोतवाली ले आयी। पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।इस संबंध में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक संजीव शर्मा ने बताया कि उन्होंने एक सूचना पर पुलिस को साथ लेकर क्षेत्र के गांव रांडोल के पास आम के बाग अवैध रूप से बिना अनुमति के काटे गए हरे भरे आम के पेड़ो से भरी ट्रैक्टर ट्राली को मौके से पकड़ली गई है। पुलिस तथा वन विभाग की और से लकड़ी ठेकेदार तथा ट्रैक्टर ट्राली चालक सहित नामजद दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# गोवंश का कटा शव मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गांव बालू में शुक्रवार सुबह भूस में गोवंश का कटा सिर मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों और हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं की भीड़ मौके पर जमा हो गई। गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

जानकारी के अनुसार गांव बालू में श्मशान घाट स्थित बरामदे में भूस के अंदर से गोवंश का अवशेष मिला। भूसे लेने गया किसान को भूस में से गोवंश के कटे सिर पर पड़ा मिला। किसान ने तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों और पुलिस को दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंचे हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता राजू, विकास, आकाश, रजत, डिंपल, अनुज व सोनू ने बताया कि गांव में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार खेतों में गोवंश के अवशेष मिल चुके हैं। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि क्षेत्र में गो-तस्कर सक्रिय हैं और पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही। सूचना मिलते ही तीतरों पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। पुलिस ने गोवंश के कटे सिर को कब्जे में लेकर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी विकास चारण का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# भारी पुलिस बल देख नमाजियों में मची हलचल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** क्षेत्र में अमन-चैन और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान नगर सहित आसपास के इलाकों की मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

शुक्रवार को अचानक बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की मौजूदगी से नमाजियों और राहग. ीरों के बीच हलचल तेज हो गई। लोग अपने-अपने स्तर पर इसकी वजह को लेकर चर्चाएं करते नजर आए। किसी ने इसे देश और प्रदेश में चल रहे संवेदनशील घटनाक्रमों से जोड़कर देखा तो कुछ लोग क्षेत्र की शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस की सतर्कता मानते रहे। मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मी लगातार निगरानी करते दिखाई दिए जबकि प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। हालांकि पूरे क्षेत्र में माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण बना रहा और जुमे की नमाज हर सप्ताह की तरह अकीदत व सुकून के साथ अदा की गई। नगर की विभिन्न मस्जिदों में हजारों अकीदतमंदों ने नमाज अदा कर मुल्क में अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। प्रशासन की सतर्क मौजूदगी के बीच कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरे समय अलर्ट मोड में दिखाई दिया।

# निगम गैराज को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम सहारनपुर ने स्वच्छता और स्मार्ट गवर्नेंस की दिशा में एक और नयी उपलब्धि हासिल की है। निगम के गैराज विभाग को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक आईएसओ 9001 : 2015 प्रदान किया गया है। सहारनपुर नगर निगम का गैराज विभाग प्रदेश का पहला ऐसा गैराज है जिसे गुणवत्ता के आधार पर यह प्रमाण पत्र हासिल हुआ है। वरिष्ठ गैराज प्रभारी/अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव व सहायक अभियंता/गैराज प्रभारी स्वप्निल जैन ने आईएसओ प्रमाण पत्र आज महापौर डॉ. अजय कुमार एवं नगरायुक्त शिपू गिरि को भेंट किया।

सहायक अभियंता/गैराज प्रभारी स्वप्निल जैन ने बताया कि महापौर डॉ. अजय कुमार के मार्गदर्शन और नगरायुक्त शिपू गिरि के दिशा निर्देशन में गैराज विभाग द्वारा विभागीय कार्यों को अंतरराष्ट्रीय मानकों और एसओपी के अनुरूप ढालने के लिए कड़ा परिश्रम किया गया। गैराज अनुभाग के समस्त कार्य जैसे वाहन मरम्मत, खरीद, इन्वेंट्री प्रबंधन और विशेष रूप से 'ऑनलाइन फ्यूल मैनेजमेंट' को एम. आई.एस.सॉफ्टवेयर के माध्यम से पूरी तरह पारदशह्म बनाया गया है। ऑनलाइन इंडेंट और फ्यूल मैनेजमेंट की इस सुव्यवस्थित प्रणाली से विभाग के कार्यों में सटीकता और पारदर्शिता आई है।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने बधाई देते हुए इस उपलब्धि का श्रेय गैराज की पूरी टीम को दिया। उन्होंने कहा कि आईएसओ प्रमाणन के साथ यह भी महत्वपूर्ण है कि हम अपनी सेवा से लोगों को कैसा अनुभव देते हैं। उन्होंने कार्पोरेट नेचर में गुणवत्ता को बनाये रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'स्मार्ट गैराज कम वर्कशॉप' में ऑटोमेटिक वाशिंग प्लांट, बायोमेट्रिक उपस्थिति और वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग आदि व्यवस्थाओं को और अधिक श्रेष्ठ करना होगा, ताकि आईएसओ मानक के लिए प्रति वर्ष होने वाले ऑडिट में हम निरंतर आगे रहें। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि आईएसओ 9001 :2015 प्रमाणन यह सिद्ध करता है कि गैराज विभाग अब एक 'प्रोसेस ओरिएंटेड' और एसओपी आधारित प्रणाली पर काम कर रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय मानक दर्शाता है कि विभाग अपनी कार्यप्रणाली, लीगल रजिस्टर, और केपीआई की निरंतर मॉनिटरिंग के माध्यम से जनता की सेवा हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने निगम अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय मानक निगम पर थोपे नहीं गए बल्कि निगम ने स्वयं अपने आपको मानकों के अनुरुप तैयार किया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के प्रत्येक विभाग में गुणवत्ता बढ़े, यह लगातार प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि देश तभी आगे बढेगा जब हम दूसरों से बेहतर काम करेंगे। महापौर ने जलकल, जन्म-मृत्यु, निर्माण व उद्यान आदि विभागों को भी प्रेरणा लेकर आईएसओ प्रमाण पत्र लेने का सुझाव दिया।

उपसभापति मयंक गर्ग ने कहा कि जो उपलब्धि प्राप्त हुई है उसे भविष्य में संवारकर और संभाल कर रखें। आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान करने वाली कंपनी सीओएई इंटरनेशनल की प्रमुख आरती घोसला ने कहा कि गैराज विभाग का ऑडिट करते हुए पाया गया कि यहां एसआ. ेपी के तहत अच्छा काम हो रहा है। इस अवसर पर अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, महाप्र. बंधक निर्माण सुरेश चंद, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, सहायक नगरायुक्त जेपी यादव के अतिरिक्त अनेक पार्षद व निगम अधिकारी मौजूद रहे।

# महिलाओं व बालिकाओं से किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज -05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा स्वालंबन और अधिकारों के प्रति जागरूक किया।



तीतरों थाना प्रभारी विकास चारण ने महिला कांस्टेबलों के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा स्वालंबन और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पुलिस टीम ने न केवल सार्वजनिक स्थानों पर गश्त की, बल्कि शैक्षिक संस्थानों और ग्रामीण चौपालों के माध्यम से सीधे संवाद स्थापित किया। महिलाओं व बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मविश्वास एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए मिशन शक्ति अभियान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी जानकारी दी। पुलिस टीम ने भरोसा दिलाया कि महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए पुलिस हर समय तत्पर है तथा ऐसे जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# नगर भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नानौता रोड स्थित कॉलोनी में निर्माणाधीन श्री शिव मंदिर में शिवलिंग की स्थापना से पहले शिवलिंग को बाजे गाजे के साथ भक्तिभाव से नगर भ्रमण कराया गया। बडी संख्या में मंगल कलश लेकर महिलाएं भगवान शिव का जय जयकार करती चल रही थी। जिससे वातावरण शिवमय बना हुआ था।

अनुष्ठान रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग की स्थापना हेतू अनुष्ठान कार्य संपन्न होगा। इसके बाद हवनयज्ञ और पुर्णाहुति दी जायेगी और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ स्वामी प्रेमनाथ महाराज की 41 दिन तक चली खड़ी तपस्या का भी विधिवत समापन होगा।

# ऑनलाइन जानकारी भर जनगणना की शुरूआत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में जनप्रतिनिधियों व नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने स्वगणना प्रपत्र भरकर ऑनलाइन जानकारी कर जनगणना की शुरुआत की।

शुक्रवार को कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए जनगणना अधिकारी मुकेश शर्मा व राज. कुमार ने बताया कि 7 मई से 21 मई तक स्वगणना के तहत ऑनलाइन जानकारी दर्ज की जा सकती है। अपने मोबाइल से स्वगणना करने वाले व्यक्ति सबसे पहले वेबसाइट पर जाएं। इसके बाद परिवार की मुखिया का नाम और मोबाइल नंबर डालें तथा ओटीपी से वेरीफाई करें उसके बाद अपनी भाषा चुने। अपने राज्य जिला गांव शहर मकान नंबर व गूगल मैप पर अपने घर को चिन्हित करें उसके बाद स्वगणना करने वाले व्यक्ति को 33 प्रश्नों के सही उत्तर देने होंगे, जिसके बाद एक आईडी नंबर आपके मोबाईल पर प्राप्त होगा। इस नम्बर को सुरक्षित रखें और जब जनगणना कर्मचारी आपके घर आए तो उन्हें यह स्वगणना आईडी दिखाएं। उन्होंने बताया कि स्वगणना के दौरान आपके द्वारा दी गई सभी जानकारियां गोपनीय रखी जाएगी।

# युवा टाइग्रेस ने लेबनान को हराकर रचा इतिहास

**सूझोउ (चीन), वार्ता।** भारत ने शुक्रवार को सूझोउ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर पिच 8 पर खेले गए अपने अंतिम ग्रुप बी मुक. ाबले में लेबनान को 4-0 से हराकर एएफसी अंडर-17 महिला एशियन कप चीन 2026 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जीवित रखा। युवा टाइग्रेस के लिए प्रीतिका बर्मन ने दो गोल दागे,

जबकि अल्वा देवी सेनजाम और जोया ने भी गोल किए। इस जीत के साथ भारत ने 2005 के बाद पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियन कप में जीत दर्ज की और पहली बार गोल भी किए। इस शानदार जीत के बाद भारत टूर्नामेंट की दो सर्वश्रेठ तीसरे स्थान वाली टीमों में शामिल होकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की मजबूत स्थिति में है। अब फिलीपींस को चीनी ताइपे को 12 गोल से हराना होगा, जबकि चीनी ताइपेको 13 गोल के अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। करो या मरो वाले इस मुकाबले में भारत ने पिछले मैच की तुलना में केवल एक बदलाव किया, जिसमें पर्ल फर्नांडिस की जगह अनुश्का कुमारी को शामिल किया गया।

भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और सातवें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। दिव्यानी लिडा ने राइट-बैक पोजिशन से लंबा पास आगे बढ़ाया, जिसे प्रीतिका ने शानदार तरीके से नियंत्रित किया।

उन्होंने लेबनान की डिफेंडर जोया बू असाफ को छकाते हुए बाएं पैर से बेहतरीन शॉट लगाया, जिसे गोलकीपर मैरी जो चेब्ली नहीं रोक सकीं। शुरुआती गोल के बाद भारतीय खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ गया और टीम ने शानदार पासिग व आक्रामक प्रेसिग के जिरए मैच पर पकड़ बना ली। कुछ ही देर बाद भारत को दूसरा गोल करने का मौका मिला जब अनुश्का कुमारी बॉक्स के अंदर जगह बनाने में सफल रहीं।

# DC ने KKR को दिया 143 रन का टारगेट दिया

### 6 ओवर में KKR ने दो विकेट खोकर बनाए 43 रन

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल में शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 143 रन का टारगेट सेट किया है। अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। दिल्ली ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 142 रन बनाए। जवाब में कोलकाता ने 2 ओवर में बिना नुकसान के 17 रन बना लिया है। कप्तान अजिंक्य रहाणे और फिन एलन क्रीज पर हैं। ओपनर पाथुम निसांका ने 29 बाल पर 50 रन की पारी खेली। जबकि आशुतोष शर्मा ने 39 रन का योगदान दिया। केएल राहुल ने 23 रन बनाए। कोलकाता की ओर से अनुकूल राय और कार्तिक त्यागी ने 2-2 विकेट झटके। वैभव अरोड़ा, सुनील नरेन और कैमरन ग्रीन को एक-एक विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुआ। कोलकाता की पारी के पहले ओवर से 6 रन आए। फिन एलन ने मिचेल स्टार्क की 5वीं बाल पर स्ट्रेट में चौका लगाया। दिल्ली ने कुलदीप यादव को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया है। वे आशुतोष शर्मा की जगह मैदान पर आए। 20वें ओवर में दिल्ली के दो विकेट गिरे। कार्तिक त्यागी की बाल पर कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आशुतोष शर्मा को कवर्स पर कैच किया। इसी ओवर में मिचेल स्टार्क रनआउट हो गए। वे खाता भी नहीं खोल सके। 19वें ओवर की तीसरी बाल पर दिल्ली ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान अक्षर पटेल 22 बाल पर 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने अनुकूल राय के हाथों कैच कराया। अनुकूल ने डीप मिडविकेट बाउंड्री पर रनिंग कैच पकड़ा। ऑफ स्टंप के बाहर धीमी गेंद पर अक्षर ने फ्लैट पुल शाट खेला। अनुकुल बाईं ओर तेजी से दौड़े और कमर की ऊंचाई पर शानदार कैच लपका। कैच लेते समय उनका पैर जमीन में फंस गया और वह गिर पड़े, लेकिन गेंद पर पकड़ नहीं छोड़ी। 17वें ओवर में आशुतोष शर्मा ने वरुण चक्रवर्ती की तीसरी बाल पर छक्का लगाया। यहां 38 बाल के बाद बाउंड्री आई। आशुतोष ने अगली 2 बाल पर पर लगातार दो चौके लगाए। वरुण के इस ओवर से 16 रन आए। 16वें ओवर में दिल्ली ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। अक्षर पटेल ने सुनील नरेन की आखिरी बाल पर सिंगल लिया। सुनील के इस ओवर से 2 रन आए। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया। 12वें ओवर में सुनील नरेन ने महज एक रन दिया। यह रन सिंगल के जरिए आया। नरेन ने 5 गेंद डाट कराई। वे 3 ओवर की गेंदबाजी में 15 रन ही दिए हैं। 11वें ओवर में अनुकूल राय ने पाथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स को पवेलियन भेजा। निसांका 50 और स्टब्स 2 रन पर आउट हुए। राय ने निसांका को विकेटकीपर अंगकृष रघुवंशी के हाथों स्टंप कराया।



नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज आशुतोष अपनी पारी के दौरान शॉट खेलते।

## खेल विशेष

### भारत का मैसूर करेगा लेटेप बाय टूर डी फ्रांस स्पर्धा की मेजबानी

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के कर्नाटक प्रांत का मैसूर शहर चार अक्टूबर को दुनिया भर में मशहूर लेटेप बाय टूर डी फ्रांस साइकि. लिंग स्पर्धा की मेजबानी करेगा। यह भारत में इस रेस का पहला संस्करण है। यह स्पर्धा, एनईबी स्पोर्ट्स ने शुक्रवार को कर्नाटक टूरिज्म और टूर डी फ्रांस के ऑर्गनाइजर, अमौरी स्पोर्ट ऑर्गनाइजेशन (एएसओ) के साथ मिलकर इस रेस के भारत में कराये जाने की घोाणा की। इस घोाणा के साथ 20 से अधिक देशों में होने वाली अंतरराट्रीय लेटेप एमेच्योर साइकिलिंग सीरीज में भारत प्रवेश करने जा रहा है। एनईबी स्पोर्ट्स ने आज यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इस स्पर्धा का आधिकारिक लोगो और वेबसाइट लॉन्च की, और इस इनिशिएटिव को कर्नाटक में स्पोर्ट्स टूरिज्म और एंड्योरेंस स्पोर्ट्स कल्चर के लिए एक बड़ा बूस्ट बताया। लेटेप मैसूर में अलग-अलग स्किल लेवल के साइकिलिस्ट के लिए चार रेस कैटेगरी होंगी।

### भारतीय टीम के स्पिन-बॉलिंग कोच बन सकते हैं सैराज

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व स्पिनर सैराज बहुतुले, जो अभी पंजाब किंग्स से जुड़े हैं, के मौजूदा आईपीएल सीजन के बाद फ्रेंचाइजी से अलग होने की उम्मीद है। समझा जाता है कि उन्होंने हेड कोच गौतम गंभीर और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सीनियर अधिकारियों सहित सभी संबंधित लोगों से बातचीत की है। बीसीसीआई के सूत्रों का कहना है कि बाहुतुले (53), जिन्होंने 2001 से 2003 के बीच भारत के लिए दो टेस्ट और आठ वनडे मैच खेले हैं, अपनी स्पिन-बॉलिंग कोचिग के हुनर के लिए काफी मशहूर हैं। माना जाता है कि इसी बात ने हेड कोच गौतम गंभीर का ध्यान खींचा है।

### नाहिद, जतिद व अजय 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में

**दुबई, वार्ता।** बंगलादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा, ओमान के कप्तान जतिदर सिह और संयुक्त अरब अमीरात के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अजय कुमार को अप्रैल के लिए आईसीसी पुरु प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए सूचीबद्ध किया गया हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट, श्रीलंका की बल्लेबाज इमेशा दुलानी और ब्राजील की ऑल-राउंडर लॉरा कार्डोसा महिला वर्ग के पुरस्कार की सूची में हैं। राणा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर तीन एकदिवसीय मैचों में प्लेयर ऑफ द सीरीज की कोशिश के बाद पुरु शॉर्टलिस्ट में जगह बनाई है, सिह ने नेपाल में आईसीसी पुरु क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 में अपने प्रदर्शन से इस लाईन में है , जबकि कुमार ने उसी सीरीज में अपने वनडे करियर की शानदार शुरुआत के बाद इस दौड़ में शामिल है।

# टॉप-4 की जंग में उतरेंगे राजस्थान-गुजरात

**जयपुर, वार्ता।** टीनएज बैटिंग के कमाल के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स की उम्मीदों का बोझ अपने कंधों पर उठाएंगे, जब शनिवार को सवाई मानसिह स्टेडियम में होने वाले आईपीएल 2026 के एक अहम मुकाबले में उनका सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। दोनों टीमें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए जोरदार टक्कर दे रही हैं।

15 साल के इस सनसनीखेज खिलाड़ी ने इस सीजन की सबसे बड़ी कहानी लिख दी है, और राजस्थान रॉयल्स को इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट में से एक बना दिया है। 10 पारियों में 404 रन और 237-65 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट के साथ, सूर्यवंशी ने अपनी कम उम्र के बावजूद आईपीएल 2026 के सबसे उभरते सितारों में से एक के तौर पर अपनी पहचान बना ली है। शनिवार का यह मुकाबला टूर्नामेंट के एक बहुत ही अहम मोड़ पर हो रहा है। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स, दोनों ही 10 मैचों में 12-12 अंकों पर बराबरी पर हैं, हालांकि रॉयल्स का नेट रन रेट अभी बेहतर है। लीग के कुछ ही मैच बाकी होने की वजह से, एक और हार किसी भी टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका दे सकती है। राजस्थान के लिए दबाव और भी ज्यादा है, क्योंकि इस सीजन में अपने घरेलू मैदान पर उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। टूर्नामेंट की शुरुआत लगातार चार जीत के साथ जोरदार तरीके से करने के बावजूद, राजस्थान ने हैरानी की बात है कि जयपुर में अपने दोनों मैच गंवा दिए हैं। अब टीम के सामने टॉप-2 में जगह न बना पाने का खतरा मंडरा रहा है, जब तक कि वे सवाई मानसिह स्टेडियम में अपनी पुरानी धाक वापस न जमा लें। इस जिम्मेदारी का ज्यादातर बोझ सूर्यवंशी के कंधों पर है, जिनकी निडर बैटिंग ने फैंस और एक्सपर्ट्स, दोनों को ही अपना दीवाना बना लिया है। इस सीजन की शुरुआत में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सिर्फ 37 गेंदों में बनाए गए उनके शानदार 103 रन, इस टूर्नामेंट की सबसे यादगार पारियों में से एक हैं।



टॉप ऑर्डर में उनकी आक्रामक शुरुआत की वजह से राजस्थान लगातार बड़े स्कोर बनाने या उनका पीछा करने में कामयाब रहा है। इस युवा खिलाड़ी को यशस्वी जायसवाल का भी जोरदार साथ मिला है, जिन्होंने इस सीजन में चुपचाप 300 से ज्यादा रन बना लिए हैं। वहीं, विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने, पूर्व कप्तान संजू सैमसन के टीम से जाने के बाद, बैटिंग में अपनी बढ़ी हुई भूमिका में शानदार प्रदर्शन किया है। कप्तान रियान पराग भी पिछले मैच में 90 रनों की तूफानी पारी खेलकर अपनी पुरानी लय में लौट आए हैं, जिससे इस सीजन में उनके उतार-चढ़ाव भरे प्रदर्शन को लेकर उठ रही चिताएं भी दूर हो गई हैं।

# फीफा विश्वकप के एंथम 'दाई दाई' की सोशल मीडिया पर धूम


**(ब्राजील), वार्ता।** कोलंबिया की मशहूर गायिका शकीरा द्वारा अंतरराट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट फीफा विश्वकप 2026 के लिए पेश किये गये गीत 'दाई दाई' का टीजर सोशल मीडिया मंच धूम मचा रहा है।

पिछले कई सालों में देखा गया है कि जब तक शकीरा नहीं गाती है, तब तक यह फीफा विश्व कप शुरु नहीं होता।उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ऑफिशियल एंथम दाई दाई का टीजर, कोलंबियाई सुपरस्टार के 2010 के अंतरराट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट, वाका वाका (दिस टाइम फॉर अफीका) का एंथम साउथ अफीका में गाने के 16 साल बाद और जर्मनी में 2006 फीफा वर्ल्ड कप की क्लोजिग सेरेमनी में हिप्स डोंट लाइ (बैम्बू) का अडैप्टेड वर्जन गाने के 20 साल बाद आया है। 2026 एंथम के टीजर में, शकीरा को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो के मशहूर माराकाना स्टेडियम में डांसर्स की एक जो आने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली अलग-अलग फुटबॉल टीमों को ट्रिब्यूट देते हैं, जिसमें शकीरा ने कोलंबिया के पीले और नीले रंग के कपड़े पहने हैं। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, माराकाना स्टेडियम से, ये रहा 'दाई दाई', एटदारेट फीफावर्ल्डकप का आधिकारिक गाना 2026, साथ ही उन्होंने एफ्रोबीट्स स्टार बर्ना बॉय का भी जिक्र किया।

# पर्पल कैप टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंचे प्रिंस यादव

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 में गुरुवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को नौ रन से हराया। हालांकि इस मैच के बाद ऑरेंज कैप टेबल में कुछ ज्यादा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन पर्पल कैप की रेस जरूर दिलचस्प हो गई है। पर्पल कैप लीडरबोर्ड प्रिंस यादव: यह नाम अब विराट को. हली शायद लंबे समय तक नहीं भूलेंगे। एलएसजी के इस तेज गें. दबाज ने आरसीबी के स्टार बल्लेबाज को दूसरी ही गेंद पर शानदार इनस्विग से बोल्ड कर दिया। मैच में यह प्रिंस का पहला विकेट था।

बाद में उन्होंने कुल तीन विकेट लिए और इस सीजन अपने विकेटों की संख्या 16 तक पहुंचा दी। यह आंकड़ा गुजरात टाइटंस (जीटी) के कगिसो रबाडा और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के इशान मलिंगा के बराबर है। हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट के कारण प्रिंस उनसे ऊपर हैं। प्रिंस की इकॉनमी 8.08 की है, जबकि रबाडा ने 9.23 और मलिंगा ने 9.44 रन प्रति ओवर दिए हैं। इन तीनों से ऊपर सिर्फ आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अंशुल कम्बोज हैं, जिनके नाम 17 विकेट हैं। भुवनेश्वर के पास टॉप पर अकेले पहुंचने का मौका था, लेकिन वह एलएसजी के खलिाफ विकेट नहीं ले सके। ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर की तरह को. हली के पास भी रन स्कोरर्स की सूची में ऊपर जाने का मौका था, लेकिन वह इस मैच में खाता नहीं खोल सके।



# बीसीसीआई आईपीएल टीमों पर गाइडलाइंस के पालन की जांच करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि वह आईपीएल टीमों पर समय-समय पर जांच करेगा ताकि गुरुवार शाम को टीमों को जारी की गई नई गाइडलाइंस के पालन का पता चल सके। ये अचानक जांच बीसीसीआई/आईपीएल की ऑपरेशन टीमों द्वारा की जाएंगी।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने फ्रेंचाइजियों को भेजे अपने संदेश में कहा है कि बीसीसीआई/ आईपीएल ऑप रेशन टीम इस एडवाइजरी में दिए गए निर्देशों के पालन का पता लगाने के लिए समय-समय पर जांच कर सकती है। टीम मैनेजरों को सभी मंजूर मेहमानों के आने-जाने और होटल में उनकी गतिविधियों का रिकॉर्ड रखना जरूरी है। ऊपर बताए गए निर्देशों का कोई भी उल्लंघन होने पर, उसकी जानकारी जल्द से जल्द आईपीएल ऑपरेशन टीम या संबंधित आईपीएल वेन्यू टीम को खुद देनी होगी। बीसीसीआई को पूरा भरोसा है कि सभी आईपीएल फ्रेंचाइजियां इस एडवाइजरी को उतनी ही गंभीरता से लेंगी जितनी इसकी जरूरत है, और इंडियन प्रीमियर लीग की गरिमा और साख को बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगी। पालन न करने के नतीजे सैकिया ने टीमों को गाइडलाइंस का पालन न करने के नतीजों के बारे में भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी उल्लंघन को एक गंभीर अनुशासनात्मक मामला माना जाएगा, और साथ ही उन लोगों के खिलाफ संभावित कार्रवाई के बारे में भी बताया है जो नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे। सैकिया ने लिखा कि बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल यह पूरी तरह से साफ कर देना चाहते हैं कि इस एडवाइजरी में दिए गए निर्देशों का कोई भी उल्लंघन एक गंभीर अनुशासनात्मक मामला माना जाएगा। नियमों का पालन न करने पर, संबंधित आईपीएल फ्रेंचाइजी और संबंधित व्यक्ति को आईपीएल नियमों, बीसीसीआई के नियमों और विनियमों, और अन्य लागू कानूनों के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है, जैसा कि परिस्थितियों के अनुसार जरूरी होगा।

# चोट के चलते बाबर बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर

**मीरपुर, वार्ता।** पाकिस्तान को एक बड़ा झटका लगा है, क्योंकि खबर आई है कि टीम के मुख्य बल्लेबाज बाबर आजम घुटने की चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ यहां होने वाला पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाएंगे।

बाबर गुरुवार को अपने बाएं घुटने का स्कैन करवाने के लिए ट्रेनिंग छोड़कर चले गए थे, और बाद में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसकी पुटि की। बोर्ड ने बताया कि यह दाएं हाथ का बल्लेबाज बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज का पहला मैच नहीं खेल पाएगा। पीसीबी ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम बाएं घुटने में चोट के कारण बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। टीम का मेडिकल पैनल फिलहाल उनकी स्थिति का आकलन कर रहा है। आगे की जानकारी समय आने पर साझा की जाएगी। आईसीसी के अनुसार, बाबर ने हाल ही में हुई पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के दौरान अपनी सर्वश्रेठ फॉर्म हासिल कर ली थी, वह इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे और कप्तान के तौर पर पेशावर जल्मी को खिताब भी दिलाया। अभी यह स्पट नहीं है कि बाबर इस सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच खेल पाएंगे या नहीं। यह दूसरा टेस्ट मैच सिलहट में खेला जाएगा और इसकी शुरुआत 16 मई को होनी है। पाकिस्तान फिलहाल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। शीर्ा दो टीमों की दौड़ में बने रहने के लिए उसे बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले इन मैचों में दो सकारात्मक परिणामों की तलाश होगी।



# हम जीत से बस दो ही शॉट पीछे रह गए: रजत पाटीदार

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ गुरुवार को मिली हार आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस. ीबी) की चौथी हार थी। पिछले सीजन जब टीम ने अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था, तब पूरे टूर्नामेंट में उन्हें सिर्फ चार ही हार मिली थी। क्या इसका मतलब इस बार टीम के प्रदर्शन में तीव्रता की कमी है? कप्तान रजत पाटीदार ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है, हम इस सोच के साथ नहीं खेल रहे कि हमें खतिाब डिफेंड करना है।

उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हम इस सीजन डिफेंडिंग चैंपियन की तरह नहीं खेल रहे हैं। हमारे पास फिर से चैंपियन बनने का मौका है। हमें आक्रामक क्रिकेट खेलनी है। हम रक्षात्मक माइंडसेट के साथ नहीं खेल रहे। यह नया सीजन है। 2025 में जो हुआ, वह बीत चुका है। एलएसजी के खलिाफ मैच में लखनऊ का मौसम भी परेशानी बना, लेकिन 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी लंबे समय तक मुकाबले में बनी रही। हालांकि खराब पावरप्ले (जहां टीम ने 45 रन पर दो विकेट गंवाए) और मिडिल ओवर्स में 29 रन के अंदर तीन विकेट गिरने से टीम पिछड़ गई। पाटीदार ने कहा, मैं शुरुआत मिचेल मार्श से करूंगा। उन्होंने इस विकेट पर शानदार बल्लेबाजी की। यह बल्लेबाजों के लिए अच्छी पिच थी। पावरप्ले में जिस तरह उन्होंने शुरुआत की, उससे हम पर दबाव आया। उन्होंने आगे कहा कि उसके बाद हमारे गेंदबाजों ने जिस तरह मैच कंट्रोल किया, वह शानदार था। बीच में बारिश की वजह से ब्रेक मिला और हमें सोचने का समय भी मिला। कुल मिलाकर जिस तरह उन्होंने शुरुआत की और हमने मैच खत्म किया, उससे मैं काफी संतुट हूं।



# धीमी प्रगति पर ठेकेदार को लगाई फटकार

## जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने किया मां शाकम्भरी मार्ग निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/साढ़ौली कदीम।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने भूरादेव मंदिर से माँ शाकम्भरी देवी मंदिर तक पहाड़ी नदी पर बनाए जा रहे सेतु, पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्यों का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था और ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना को तय समय सीमा में पूरा करने के लिए विस्तृत माइक्रो प्लान तैयार किया जाए और कार्य की दैनिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त मैन-पॉवर और मशीनरी लगाकर निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया तथा सेतु निर्माण में उपयोग किए जा रहे वेल फाउंडेशन की तकनीकी जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करते रहें और कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न होने दें।

जिलाधिकारी ने कहा कि माँ शाकम्भरी देवी धाम क्षेत्र में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसे में मजबूत एवं सुरक्षित संपर्क मार्ग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर सुधीर भारद्वाज सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त, डीएम व एडीएमएफ ने की स्व-गणना की शुरूआत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त डा. रूपेश व जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने स्वयं आनलाइन स्वगणना कर अभियान की शुरूआत की।



भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना उत्तर प्रदेश में 22 मई से 20 जून तक निर्धारित हैं। जनगणना अधिकारियों द्वारा घर-घर की गणना से पहले, नागरिकों को 15 दिनों की स्व-गणना (एसई) की चरण 7 से 21 मई तक निर्धारित है। विगत दिवस राजस्व एवं प्रशासन/जनप्रतिनिधि दिवस के अवसर पर जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम, नगर विधायक राजीव गुम्बर, नकुड विधायक मुकेश चौधरी, रामपुर मनिहारान विधायक देवेन्द्र निम, मेयर डॉ अजय कुमार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वयं ऑनलाईन स्व-गणना की गयी थी। इसी प्रकार आयुक्त सहारनपुर मण्डल, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि/रा.) द्वारा स्वयं ऑनलाइन स्वगणना कर अभियान की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों एवं कलेक्ट्रेट, एवं समस्त तहसीलों के अधिकारीगण व कर्मचारीगण ने भी स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना की गयी।

# विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने में जुटें: प्रिंस

**सहारनपुर।** मंडी निर्यात निगम 33/11 के.वी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता प्रिंस जायसवाल क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को बेहतर एवं सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं। उनके द्वारा विद्युत लाइनों के मेंटेनेंस कार्य को गंभीरता से लेते हुए नियमित निरीक्षण कराया जा रहा है, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके।

जानकारी के अनुसार जब से अवर अभियंता प्रिंस जायसवाल ने उक्त कार्यभार संभाला है, तब से क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। जर्जर विद्युत लाइनों की मरम्मत, फॉल्ट होने पर तत्काल कार्रवाई, ट्रिपिंग की समस्या को कम करने तथा ओवरलोड की स्थिति पर नजर रखने जैसे कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं। यही नहीं इसके अलावा टीम के साथ मिलकर विद्युत उपकरणों की नियमित रूप से जांच भी कराई जा रही है, जिससे अचानक होने वाली तकनीकी खराबियों को समय रहते दूर किया जा सके। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पहले जहां छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान में काफी समय लग जाता था, वहीं अब शिकायत मिलने के बाद विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर समस्या का निस्तारण कर रही है। उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिन-रात कार्य किया जा रहा है। अवर अभियंता प्रिंस जायसवाल का कहना है कि विभाग की प्राथमिकता उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध कराना है। विद्युत लाइनों के रखरखाव और समय-समय पर निरीक्षण के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति निर्बाध बनी रहे और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय नागरिकों एवं उपभोक्ताओं ने भी उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था में सुधार देखने को मिल रहा है तथा शिकायतों का समाधान पहले की अपेक्षा अधिक तेजी से किया जा रहा है, हालांकि अवर अभियंता प्रिंस जायसवाल ने इसका श्रेय अपने उच्च अधिकारियों को भी दिया है।

## कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में सीबीएसई के द्वारा यौन उत्पीड़न से बचाव विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कार्यस्थल पर होने वाली किसी भी अप्रिय घटना की पहचान करने, उसके खिलाफ आवाज उठाने और कानूनी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीबीएसई से आए अंकुर अग्रवाल, पूजा पांचाल, कोषाध्यक्ष संजय कांत गुप्ता, उमेश गोयल, नीरज अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधानाचार्य लिटिल अग्रवाल व शुभम गुप्ता ने पुष्प अर्पित किए।

# ग्लोकल यूनिवर्सिटी में एआई टूल्स वर्कशॉप का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी में एआई टूल्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन ग्लोकल यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन, अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति (अकादमिक) प्रो. डॉ. ओम कुमार हर्ष, प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ. जॉन फिनबे तथा रजिस्ट्रार प्रो. शिवानी तिवारी के संरक्षण में संपन्न हुआ। संचालन स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. मुहम्मद मजहर के मार्गदर्शन में किया गया। इस आयोजन को कोऑर्डिनेटर सुश्री फातिमा परवीन आकिल एवं फैकल्टी कोऑर्डिनेटर सुश्री साक्षी लाम्बा के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।





कार्यशाला के दौरान वक्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एआई शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, आयुर्वेद एवं शोध जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन ला रहा है। रजिस्ट्रार प्रो. शिवानी तिवारी ने कहा कि एआई का वास्तविक महत्व उसके जिम्मेदार एवं बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग में निहित है।

वहीं, स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज की डीन डॉ. रेशमा ताहिर ने विद्यार्थियों को एआई के नैतिक एवं सही उपयोग के प्रति जागरूक करते हुए तकनीक के संतुलित प्रयोग पर बल दिया। कार्यशाला के मुख्य प्रस्तुतकर्ता बीसीए अंतिम वर्ष के छात्र मोहम्मद कैफ मलिक रहे। इस अवसर पर मोहम्मद जमीरुल इस्लाम, सुश्री नूर अफ्शा, जोगिंदर रोहिल्ला, डॉ. जुवेरिया, डॉ. अनम, डॉ. अतीक रहमान एवं डॉ. सुबिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रिमझिम, दानिश, प्रत्युष, सलोनी, साक्षी, फहद, फैजा राव एवं शोएब ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# शिविर में 33 यूनिट रक्त किया एकत्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विश्व रेड क्रॉस दिवस एवं विश्व थैलेसीमिया दिवस पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 32 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट एवं रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा जिला अस्पताल ब्लड बैंक में लगाये शिविर में युवाओं, महिलाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप 32 यूनिट रक्तदान किया गया। वहीं 10 से अधिक इच्छुक रक्तदाता स्वास्थ्य मानकों के अनुसार रक्तदान नहीं कर सके। संस्थापक तरुण भोला, संस्थापक सदस्य अर्जुन शर्मा, संरक्षक नीरू सिंह, विनीत रामपाल, अंकित तनेजा, कुलबीर चौहान, विनीत चौहान, रचना एवं गुरमेहर सिंह ने रक्तदान का महत्व बताया।

# पार्षदों व निगम कर्मचारियों से कराई डिजिटल स्व गणना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनगणना-2027 के तहत आज पार्षदों व निगम कर्मचारियों को डिजीटल स्व-गणना करायी गयी।

जनमंच में कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर डॉ. अजय कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त/जिला जनगणना अधिकारी सलिल कुमार पटेल, उपसभापति मयंक गर्ग ने किया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने जनगणना का विस्तार से महत्व समझाते हुए कहा कि जनगणना देश के विकास का आधार है। भविष्य में जो जनकल्याणकारी योजनाएं आनी है वह जनगणना के आधार पर ही तैयार की जायेंगी। उन्होंने कहा कि सबको अपनी स्व-गणना अपने मोबाइल से करनी है, इसमें वैधानिक प्रावधान किया गया है कि किसी का डाटा कोई चुरा नहीं सकता, उसका कोई दुरुपयोग नहीं कर सकता। उन्होंने लोगों से अपनी पूरी ऊर्जा और स्वेच्छा के साथ स्व-गणना करने का आह्वान किया। नगरायुक्त शिपू गिरि ने भी जनगणना कार्य में लोगों से उत्साह के साथ भागीदारी करने की अपील की।



अपर जिलाधिकारी/जिला जनगणना अधिकारी सलिल पटेल ने कहा कि जनगणना-2027 जनकल्याण की एक बड़ी गाइड लाइन है। उन्होंने बताया कि स्व-गणना पूरी तरह डिजीटल है, इसमें कोई पेपर वर्क नहीं है। कोई भी व्यक्ति कहीं से भी अपने मोबाइल से स्व-गणना कर सकता है।

ए डी जनगणना आशुतोष ने पार्षदों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया और डिजीटल स्व-गणना करायी। उन्होंने स्क्रीन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया और सभागार में उपस्थित सभी पार्षदों व कर्मचारियों को मोबाइल के माध्यम से डिजीटल स्व-गणना करायी। उन्होंने एक-एक कर पूछे जाने वाले सभी 33 सवालों का जवाब कैसे देना है, इसे स्पष्ट कर समझाया। उन्होंने बताया कि पूरी जानकारी भरने के बाद व्यक्ति सबमिट करने से पहले अपने द्वारा भरी गयी जानकारी चौक कर सकता है।

इससे पूर्व अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, सहायक नगरायुक्त जेपी यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता व कर निर्धारण अधिकारी श्रुति महेश्वरी ने अतिथियों को बुके भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया।

## शीघ्र होगा नवीनीकरण

**गंगोह।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिलाधिकारी सहारनपुर के समक्ष जिला व्यापार बंधु में गंगोह बाईपास मार्ग के नवीनीकरण का मुद्दा उठाया था।

संयोजक दीपांशु गोयल के अनुसार बाईपास मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से रोज जाम लगने के मुद्दे को गंभीरता से लिये जाने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर उक्त मार्ग की नवीनीकरण प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए निविदा आमंत्रित कर दी गयी है। शीघ्र ही मार्ग का नवीनीकरण किया जाएगा। उक्त जानकारी दूरभाष द्वारा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड 3 द्वारा दी गयी। व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप तायल, कोषाध्यक्ष नीरज गोयल, उपाध्यक्ष रमेश मौजूद रहे।

# अधिवेशन सफल बनाने को बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ ने कल (आज) होने वाले वार्षिक अधिवेशन को सफल बनाने के लिये रणनीति बनाई।

यूनिवर्सल अकैडमी में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक ने कहा की वार्षिक अधिवेशन में पश्चिम उत्तर प्रदेश के लगभग 10 से 15 जनपदों के प्रतिनिधि भाग लेंगे जिसमें नेशनल इंडिपेंडेंस स्कूल एयरलाइंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा मुख्य अतिथि रहेंगे। यह वार्षिक अधिवेशन निजी स्कूलों के हितों की रक्षा के लिए मिल का पत्थर साबित होगा सरकार को चाहिए कि एक देश और एक कानून लागू होना चाहिए आर टी ई भारत सरकार की गरीब दुर्बल वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाने की एक नीति है तो इसकी फीस प्रतिपूर्ति भी अलग-अलग प्रदेशों में अलग-अलग नीति क्यों चलाई जा रही है।



प्रदेश सचिव अमजद अली एडवोकेट, वजाहत अली खान, जिला अध्यक्ष योगेश शर्मा, वीरेंद्र पवार, प्रदेश महामंत्री अरविंद शर्मा धनंजय शर्मा, प्रवीण गुप्ता अशोक सैनी सरफराज खान मुदस्सिर हसन वजाहत अली खान महानगर अध्यक्ष अजय सिंह रावत महानगर प्रभारी गययूर आलम उस्मान थानवी फरीद अहमद वजाहत शरीफ नौशाद अली मोहम्मद शादाब नूर अहमद मुजाहिद नदीम सलमान थानवी मसरूर मिर्जा राशिद जावेद महामंत्री अरविंद शर्मा उपाध्यक्ष केपी सिंह महामंत्री हंस कुमार संगठन मंत्री मुजाहिद नदीम दिनेश रुपडी ब्लॉक सरसावा के अध्यक्ष सचिन कुमार कुलदीप प्रकाश पांडे बरहन अली आदि ने संबोधित किया।

## जयंती मनाई

**सहारनपुर।** रविदास विद्वत सभा के तत्वावधान में शुक्रवार को रविदास आश्रम चमारीखेड़ा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर समरसता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के आदर्शों, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभा के संरक्षक ठाकुर सूर्यकांत सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, संघर्ष, सामाजिक समरसता और मातृभूमि के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया।

# गुफरान ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सुहैलदेव भारतीय समाज पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हाफिज गुफरान ने एनसीपी छोडकर आये कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

प्रदेश कार्यालय काजमी कॉम्प्लेक्स में प्रदेश अध्यक्ष हाफिज गुफरान अली ने पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों के संबंध मैं विस्तार पूर्वक अपनी बात रखी, सभी सदस्यों को आह्वान किया कि वह राष्ट्रीय अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री, पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ बोर्ड तथा हज विभाग के मंत्री ओ पी राजभर द्वारा अल्पसंख्यकों, पिछड़ों, दलितों के लिए किए जा रहे कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करे। जिला अध्यक्ष डॉ. रईस कमाल ने पार्टी संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया तथा सभी वर्गों के लोगों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए कमर कसने को कहा। पार्टी में शामिल होने वालों में मो. कलीम, नफीस अहमद, मो. अदनान,





मो.वसीम, गुलनवाज, तैयब मिर्जा, हारिस मिर्जा, मो. जावेद, फिरोज मलिक, उमर खान, शोएब खान मौजूद रहे।

# बच्चों के स्वास्थ्य का रखें ख्याल





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मदर्स डे पर ट्यूलिप वैली प्री स्कूल में न्यूट्रिशनल अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं बच्चों की सही देखभाल के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर विशेषज्ञों द्वारा संतुलित आहार, बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास तथा स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

विद्यालय की प्रिंसिपल डा. ममता चौधरी ने सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माँ परिवार की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति होती है और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय है।

कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक गतिविधियाँ, माताओं एवं बच्चों के साथ सहभागिता कार्यक्रम तथा सम्मान समारोह भी आयोजित किए गए। उपस्थित सभी अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना की।

## कमिश्नरी पर प्रदर्शन

**सहारनपुर।** सफाई कर्मचारियों ने सफाई व्यवस्था के निजीकरण के विरोध में मंडलायुक्त कार्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा संयुक्त मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपकर सफाई व्यवस्था को निजी हाथों में न सौंपने की मांग की।

शुक्रवार को भारी संख्या में सफाई कर्मचारी मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे और जोरदार नारेबाजी के बीच प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने संयुक्त मंडलायुक्त भानुप्रसाद यादव को ज्ञापन सौंपकर सफाई व्यवस्था को निजी कंपनी के हाथों में सौंपे जाने की तैयारी का विरोध जताया। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान सोनी आजाद वाल्मीकि ने कहा कि सफाई व्यवस्था निजी कंपनी को दिए जाने से कर्मचारियों का उत्पीड़न और शोषण बढ़ेगा।

# बारिश व ओलावृष्टि से आम पालकों में निराशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** क्षेत्र में पिछले दिनों हुई लगातार बारिश व ओलावृष्टि ने आम पालकों, बाग स्वामियों और ठेकेदारों को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज बारिश ओर ओलों की मार से आम की तैयार हो रही फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। काफी संख्या में कच्चे आम जमीन पर धाराशाही हुए। जिन्हें ओनपोन दामों में बाजार का रास्ता दिखाना पड़ा। इतना ही नहीं पेड़ पर लगे आम भी चोटिल होकर गलने लगे है। कुदरत की इस मर से आम कारोबार से जुड़े लोगों के आर्थिक संकट ग्रस्त हो गए और उन्हें अभी से आर्थिक मर आशांका संतानें लगी है।




क्षेत्र के बाग मालिक नौशाद, यामीन, ठेकेदार मशकूर, जिशान आदि का कहना है कि पिछली बार नुकसान आने के बाद उन्होंने इस, बार बेहतर फसल की उम्मीद में लाखों रुपए निवेश कर दिए। अचानक बदले मौसम और ओलावृष्टि ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बीचकुची फसल खराब होने से इस बार सीजन में भारी नुकसान का नजर आ रहा है। ठेकेदार मशकूर और शाहबाज ने बताया कि वह पिछले करीब 20 वर्षों से आम के बागों का ठेका लेते आ रहे हैं। आम की फसल खरीदने के लिए उन्हें आढ़तियों से ब्याज पर रकम लेनी पड़ती है। आढ़तियों की शर्त होती है कि पूरी फसल उन्हीं की आढ़त पर बेची जाए। इस बार फसल बर्बाद होने से न तो आम बचा है और न ही निवेश की गई रकम निकलने की उम्मीद दिखाई दे रही है। बाग मालिक सुहैल ख्वाजा, अशोक मेहता ने बताया कि ओलावृष्टि से आम की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। पेड़ों पर लगे कच्चे आम बुरी तरह चोटिल हो गए हैं और लगातार गिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बागों की देखरेख, दवाइयों और सिंचाई पर पहले ही काफी खर्च किया जा चुका था, लेकिन अब लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। मौसम की मार ने किसानों और बाग मालिकों की चिंता बढ़ा दी है। प्रभावित बाग ठेकेदारों का कहना है कि एक ओर बाग मालिक भुगतान की बाकि रकम का दबाव बना रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ सरकार और प्रशासन की ओर से कोई आश्वासन नहीं मिला है। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन तत्काल नुकसान का सर्वे कराकर आम उत्पादकों, बाग मालिकों और ठेकेदारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए, ताकि वे इस आर्थिक संकट से उबर सकें।

## सुवेन्दु की ताजपोशी

कोलकाता स्थित कन्वेंशन सेंटर में भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। जिसमें देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भी शिरकत की। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही थी कि इसमें यह तय होना था कि पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री कौन होगा। बैठक के बाद अमित शाह ने ऐलान किया कि सुवेन्दु अधिकारी पश्चिमी बंगाल के नए मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि इसमें कुछ भी अप्रत्याशित नहीं है। सुवेन्दु अधिकारी का जिस तरह भाजपा के साथ समर्पण रहा है, उससे साफ था कि वह ही पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री होंगे। एक बात यह भी उनके पक्ष में जाती है कि सुवेन्दु अधिकारी ने पहले 2021 में ममता बनर्जी को नंदीग्राम में हराया और अब उन्होंने दूसरी बार भवानीपुर में ममता को भारी मतों से शिकस्त दी। निश्चित रूप से यह कोई कम उपलब्धि नहीं है कि कोई व्यक्ति 15 साल से जमे किसी प्रदेश के मुख्यमंत्री को दो बार हरा दे। ऐसे में यही माना जा रहा था कि सुवेन्दु अधिकारी के कद का कोई दूसरा नेता पश्चिम बंगाल में नहीं है और भाजपा भी नहीं चाहती थी कि कोई बाहरी नाम बंगाल पर थोंपा जाए। बैठक के बाद अपने संबोधन में अमित शाह ने राज्य के लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी पार्टी ने जो संकल्प पत्र जारी किया है उस पर पूरी तरह अमल किया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर भरोसा कर बंगाल की जनता को धन्यवाद भी दिया। शनिवार को सुवेन्दु अधिकारी कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह एक भव्य आयोजन होगा, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि इस समारोह में 50 हजार लोग शिरकत करेंगे। अमित शाह का यह कहना बिल्कुल सही है कि जहां भाजपा के विधायकों का औसत मार्जिन जीत 28 हजार रहा, वहीं 3 से 77 और 77 से 207 की यात्रा अभूतपूर्व ही कही जाएगी। अब जबकि मुख्यमंत्री बनने के साथ ही सरकार बनाने का रास्ता साफ हो गया है ऐसे में अधिकारी के सामने सबसे बड़ी चुनौती तो इस समय वहां हिंसा को रोकना होगी। जो बड़े पैमाने पर जारी है और खुद उनके पीए की भी हत्या हो चुकी है। उन्होंने कहा भी है कि किसी भी लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। होनी भी नहीं चाहिए, लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि भारी संख्या में सुरक्षाबल राज्य में तैनात होने के बावजूद व्यापक स्तर पर हिंसा का तांडव देखने में आया है।

# अफसोसनाक है राजनीति में बदले की भावना

करीब पांच साल की बात रही होगी एक जगह पर सभासद का चुनाव हुआ जाहिर सी बात है कि उसमें एक ही को जीतना था और एक उम्मीदवार जीत गया और बाकी वहां पर आधा दर्जन से ज्यादा लोग खड़े थे उनको पराजय मिलनी थी तो वो हार गए। जिसकी चुनाव में जीत हुई थी उसने खुशी मनाई उसके समर्थकों ने ढोल वगैरा बजा मिठाई बांटी और बाकी को निराशा हुई। यह सब नॉर्मल बात है इसमें कोई बुराई नहीं क्योंकि जो जीतता है वह खुशी मनाता है और जो हारते हैं उनको गम होता है लेकिन इन्हीं लोगों में से कुछ ऐसे लोग भी थे कि जिन्होंने चुनाव में हारने के बाद लोगों को कसूरवार ठहराना शुरू कर दिया कि हमने इलेक्शन में उसको चाय पिलाई थी उसको मिठाई खिलाई थी लेकिन उसने हमें वोट नहीं दिया कुछ ने अपने रिश्तेदारों को ही जिम्मेदार ठहरा दिया कि उन्होंने मुझे हराया है। किसी के चुनाव हारने पर उसके भाइयों ने कुछ लोगों को सामने ना आकर आपस में बैठकर बुरा भला कहा कि उन्होंने वोट नहीं दिया तो इसलिए हमारे भाई की हार हुई है।






शिबली रामपुरी

बहरहाल यह सभी नॉर्मल सी बात थी कि इसमें दिल की बात है किसी का दिल हल्का होता है और कोई बड़े से बड़ा दुख दर्द गम हार भी बर्दाश्त कर लेता है क्योंकि उसको पता है कि हार भी हो सकती है तो अगर हार हो जाती है तो इसमें वह किसी पर इस तरीके के इल्जाम नहीं लगाता और ना किसी को अपनी हार के लिए जिम्मेदार ठहराता है। लेकिन अब सियासत में जिस तरीके का एक चलन बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है उसको देखकर अफसोस होता है। यह चलन है पॉलिटिक्स में बदला लिए जाने की राजनीति का। पहले के दौर में ऐसा होता था कि जो कामयाब होता था वह हारने वाले को गले लगाता था और उसके घर जाकर भी अपनी कामयाबी की बधाई देता था और कहता था कि भले ही आप हार गए हैं लेकिन आपके अनुभव का हमें सम्मान है और हम आपके जज्बे और अनुभव को अहमियत देते हुए जनता का विकास करेंगे। लेकिन अब ऐसा नहीं देखने को मिल रहा है अब तो अधिकतर जगह यह होता है कि जो कामयाब होता है वह हारने वाले को बहुत ही हीनभावना से देखता है और उसका अपमान करने में भी वह पीछे नहीं रहता और मौका मिलते ही वह अपमान भी करता है और इसमें चुनावी मैदान में उतरने वाले लोग आपस में भले ही एक दूसरे से ना उलझे लेकिन उनके साथ काम करने वाले और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता एक दूसरे से उलझना शुरू कर देते हैं। राजनीति में सफलता और असफलता मिलना कोई नई बात नहीं है। यह हमेशा से होता आया है, क्योंकि एक को सफलता मिलती है तो बाकी को असफलता मिलना स्वाभाविक है। लेकिन अब राजनीति में बदले की भावना जिस तरह बढ़ रही है, वह किसी भी तरह से सही नहीं है। इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है और राजनीतिक पार्टियों तथा उनके बड़े नेताओं को इस पर ध्यान देना चाहिए। कई जगहों से ऐसी खबरें सामने आती हैं कि जब एक राजनीतिक पार्टी सत्ता से जाती है और दूसरी सत्ता में आती है, तो वरिष्ठ नेताओं में तो ऐसा कम देखने को मिलता है, लेकिन पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच आपसी झड़प और लड़ाई-झगड़े तक हो जाते हैं। कई बार बदले की यह भावना इतनी बढ़ जाती है कि इसके गंभीर नुकसान सामने आते हैं। पहले ऐसा नहीं होता था। जब एक पार्टी जाती थी और दूसरी आती थी तब इस तरह की बदले की राजनीति देखने को नहीं मिलती थी कि हारने वालों के साथ दुर्व्यवहार किया जाए या उनके कार्यकर्ताओं को परेशान किया जाए। लेकिन मौजूदा दौर में यह सब देखने को मिल रहा है, जो पूरी तरह से चिंताजनक है। अगर यह प्रवृत्ति आगे बढ़ती रही, तो इसके भविष्य में गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। इसलिए इस तरह की राजनीति पर रोक लगनी चाहिए। तभी समाज के योग्य और बेहतर लोग राजनीति में आने की को. शिश करेंगे और माता-पिता भी चाहेंगे कि उनकी संतान एक अच्छा नेता बने।

## श्रीमुख से...

### एनसीआरबी ने खोली मोदी सरकार की पोल



महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर पिछले 12 वर्षों में सरकार के दावों की वास्तविकता देश के सामने आ चुकी है, 2013 के बाद से महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 42.6 प्रतिशत, बच्चों के खिलाफ अपराधों में 204.6 प्रतिशत, दलितों के खिलाफ अत्याचारों में 41.3 प्रतिशत तथा आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में 46.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, इस अवधि में साइबर अपराधों में 1,689 प्रतिशत का भारी इजाफा हुआ है। उनका यह भी कहना था कि 2024 में 10,546 किसानों, 52,931 दिहाड़ी मजदूरों और 14,488 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की है, मोदी सरकार कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करती रही, लेकिन वास्तविक आंकड़े इन दावों की पोल खोलते हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे**
**अध्यक्ष, कांग्रेस**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

# अब विपक्ष को गंभीर चिंतन की जरूरत

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और केरल के विधानसभा चुनाव परिणामों पर हर टीवी चौनल पर चुनावी पंडित और राजनैतिक वुशेषज्ञ गहन टिप्पणी कर रहे हैं। कुल मिलाकर इन विशेषज्ञों ने इन नतीजों को महज साधारण चुनावी उलटफेर नहीं, बल्कि लोकतंत्र की दिशा में एक बड़े बदलाव के रूप में चित्रित किया। चुनाव विश्लेषकएक ओर इसे बंगाल की विजय मानते हैं और दूसरी ओर विपक्षी दलों के लिए गंभीर आत्मचिंतन का क्षण मानते हैं। नतीजों से यह बात तो स्पष्ट है कि परिणाम केवल मतदाता रुझान नहीं, बल्कि प्रक्रियागत सवालों और विपक्ष की रणनीतिक कमजोरियों का मिश्रण हैं। लेकिन विपक्ष के लिए सबसे महत्वपूर्ण सबक यह है कि भविष्य के चुनावों के लिए उन्हें कुछ नया सोचना होगा और बेहतर रणनीति बनानी पड़ेगी। पश्चिम बंगाल की बात करें तो बीजेपी के वोट शेयर में मात्र 3 प्रतिशत की बढ़त के साथ काफी मात्रा में सीटें जीती। लेकिन तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि राज्यव्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण SIR प्रक्रिया में लगभग 90 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए, जिनमें अधिकांश मुस्लिम और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पारंपरिक वोटर थे। यदि ए 4.3 प्रतिशत मतदाता वोट डाल पाते तो शायद नतीजा अलग होता। कुछ चुनवी विश्लेषक इसे क्यूरेटेड चुनाव कहते हैं। यानी परिणाम पहले से तय करने वाली प्रक्रिया। इसी तरह असम में भी बीजेपी की बड़ी जीत को चुनावी विश्लेषक सीमा-समस्या,

**बंगाल में टीएमसी को हिंसा-मुक्त प्रशासन और औद्योगिक विकास का वादा करना चाहिए। तमिलनाडु में डीएमके को डीएमके-विरोधी लहर को 'क्षेत्रीय गौरव' में बदलना होगा। विपक्ष को महिला, युवा और किसान योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर देना चाहिए।**

ध्रुवीकरण और मतदाता सूची संशोधन से जोड़ कर देख रहे हैं। यदि तमिलनाडु की बात करें तो टीवीके की सफलता को सकारात्मक विकास माना जाए। डीएमके की सत्ता-विरोधी लहर और स्टालिन की अपनी सीट हारने जैसी घटना ने साबित किया कि पुरानी पार्टियां जनता से दूर हो चुकी हैं।

टीवीके की जीत नए चेहरे, युवा अपील और क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतीक है। वहीं केरल में कांग्रेस-नेतृत्व वाले यूडीएफ की जीत ने विपक्षी खेमे को कुछ राहत दी, लेकिन कुछ जानकर ऐसा मानते हैं कि क्या यह राष्ट्रीय स्तर पर बीज. पी के टेम्प्लेट का हिस्सा बन सकता है, जहां मतदाता सूची प्रबंधन, ध्रुवीकरण और संगठनात्मक ताकत एक साथ काम करती हो? गौरतलब है कि विशेष गहन पुनरीक्षण जैसी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी और मतदाता सूची से नाम कटने के आरोप निश्चित रूप से जांच के योग्य हैं। चुनाव आयोग को इन सवालों का जवाब देना चाहिए, लेकिन केवल प्रक्रियागत दोषों पर जोर देकर विपक्ष अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकता। बंगाल में टीएमसी की 15 साल की सत्ता में भ्रष्टाचार, हिंसा और विकास की अनदेखी ने जनता को बीजेपी की ओर धकेला। तमिलनाडु में डीएमके का परिवारवाद और प्रदर्शन की कमी ने टीवीके जैसे नए विकल्प को रास्ता दिया। असम और केरल के नतीजे भी साबित करते हैं कि स्थानीय मुद्दे, विकास और नेतृत्व की विश्वसनीयता निर्णायक हैं। ऐसे में विपक्ष के लिए यह आत्मचिंतन का क्षण है, लेकिन विपक्ष को इसे केवल शिकायत में नहीं बदलना चाहिए। विपक्षी दलोंऔर इंडिया गठबंधन को भविष्य की रणनीति पर गंभीरता से काम करना होगा। पहलारू आंतरिक सुधार- पुरानी पार्टियां परिवारवाद, सत्ता-केंद्रित संस्कृति और भ्रष्टाचार से ग्रस्त हैं। टीएमसी और डीएमके को युवा, नए चेहरों और स्थानीय मुद्दों पर आधारित नेतृत्व विकसित करना चाहिए, जैसा टीवीके ने किया। कांग्रेस को अपने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना होगा, न कि केवल गठबंधनों पर निर्भर रहना। विपक्ष को सिर्फ बीजेपी-विरोध की राजनीति छोड़कर सकारात्मक एजेंडे पर काम करना चाहिए, जैसे कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान कल्याण और क्षेत्रीय अस्मिता। विपक्ष को विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे को राष्ट्रीय आंदोलन बनाना चाहिए। पारदर्शी मतदाता सूची, वीवीपीएटी की पूरी जांच,



रजनीश कपूर

डिजिटल निगरानी और चुनाव आयोग की स्वायत्तता के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी जाए। लेकिन यह लड़ाई केवल अदालतों तक सीमित न रहे, जमीनी स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं। मुस्लिम और पिछड़े वर्गों के मतदाताओं को सूची में शामिल कराने के लिए विशेष ड्राइव चलाई जाए, ताकि भविष्य में कोई क्यूरेटेड नतीजा न निकले। तीसरा, गठबंधन और रणनीतिक एकता - इंडिया गठबंधन को बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में सीट बंटवारे की बजाय विचारधारा आधारित साझेदारी पर जोर देना चाहिए। जहां टीवीके जैसी नई पार्टियां उभर रही हैं, वहां उन्हें सहयोगी बनाएं, न कि प्रतिद्वंद्वी। डिजिटल कैंपेनिंग, डेटा एनालिटिक्स और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके युवा वोटरों को जोड़ा जाए। विजय जैसे सेलिब्रिटी नेताओं की सफलता से सीखें, भावनात्मक जुड़ाव, साफ-सुथरी छवि और विकास-केंद्रित संदेश देना। चौथा, क्षेत्रीय मुद्दों पर फोकस-राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी की हिंदुत्व और विकास की दोहरी रणनीति का मुकाबला स्थानीय एजेंडे से करें।

# एक नाम, जिसमें पूरा जीवन सिमट जाता है वह है मां

जब जीवन पहली बार ममता की छाया में सांस लेना सीखता है, तभी मां का अर्थ समझ आता है। मई के दूसरे रविवार पर आने वाला यह दिन मां के निस्वार्थ प्रेम और अथाह त्याग का वह उजाला है, जिसमें हमारे अस्तित्व का सच्चा अर्थ साफ दिखाई देता है। भारत समेत अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला मदर्स डे (मातृ दिवस) औपचारिक नहीं, उस मूल शक्ति का सम्मान है जो हर जीवन की नींव है। मां वह दीप है, जो स्वयं जलकर अंधकार हरती है, और वह आसमान है, जो हर तूफान समेट लेता है। सूरज बाद में उगता है, पर मां का स्नेह पहले ही रास्ता दिखा देता है। इसलिए यह दिन किसी रिश्ते का नहीं, उस दिव्यता का उत्सव है, जिसमें सृजन, संरक्षण और समर्पण एक साथ बसते हैं।

जहां शब्द रुक जाते हैं और समझ की सीमाएं छोटी पड़ जाती हैं, वहीं मां के प्रेम की असली गहराई शुरू होती है। विज्ञान भले बहुत आगे बढ़ जाए, पर इस अनुभूति को पूरी तरह समझ नहीं पाता। गर्भ में शिशु की पहली हलचल के साथ ही मां के तन-मन में अद्भुत बदलाव आते हैं। ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोन उसे पीड़ा सहने की शक्ति देते हैं, पर यह सिर्फ शरीर का विज्ञान नहीं, आत्मा का स्पंदन है। रात-रात जागकर



बच्चे की देखभाल करना, अपने हिस्से का भोजन त्याग देनाकृए सामान्य नहीं, प्रेम की चरम अभिव्यक्ति हैं। भारतीय परंपरा में माता वही है जो सहेजती है, संरक्षण देती है और स्वयं को समर्पित कर देती है। रामायण की कौशल्या से महाभारत की कुंती तक और आज की हर मां तक, यह त्याग और समर्पण की धारा अनवरत बहती रही है।

जब प्रेम अपनी अंतिम सीमा पार कर त्याग में ढल जाता है, तब मां की ममता इतिहास नहीं, अमर सत्य बन जाती है। 1952 के कोरिया युद्ध की वह घटना आज भी संवेदनाओं को झकझोर देती है, जब एक मां ने अपने नवजात को ठंड से बचाने के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। बर्फ से जमे पुल के नीचे जन्मे उस शिशु को जीवित रखने के लिए उसने अपने शरीर की आखिरी गर्मी तक उसे ओढ़ा दी। वर्षों बाद जब उस बेटे को यह सच्चाई पता चली, तो उसकी पीड़ा हर संवे. दनशील मन में गूंज उठी। यह कोई कथा नहीं, मातृत्व का वह कठोर सच है, जहां मां खुद मिटकर भी जीवन बचा लेती है। इसलिए मां की कोई तुलना संभव नहीं कृ वह हर उपमा से परे है। जब बाहरी जगमगाहट बढ़ती है और भीतर की गर्माहट कम होने लगती है, तब मां का मौन संघर्ष और गहरा हो जाता है। वह घर की सीमाओं से परे, समय और समाज के हर दबाव से लड़ते हुए बच्चों का भविष्य गढ़ती है। कभी अपने सपनों और करियर को पीछे रखकर, तो कभी बीमारी में भी मुस्कान के साथ वह हर जिम्मेदारी निभाती है। कठिन परिस्थितियों में भी बच्चों की सुरक्षा उसका अडिग संकल्प रहता है। वर्षों की मेहनत से उन्हें सफलता दिलाना और अपनी पीड़ा छुपाकर उनके सपने पूरे करनाकृयही मां की पहचान है। वह सच में ऐसी योद्धा है, जो बिना हथियार हर लड़ाई जीत लेती है। जब भावनाएं बाजार की चमक में सिमटती हैं, तब मातृ-दिवस का अर्थ धुंधला पड़ जाता है। समय के



कृति आरके जैन

साथ यह अवसर उपहारों, कार्डों और औपचारिकताओं तक सीमित हो गया है, जबकि इसकी आत्मा कहीं गहरी है। मातृ-दिवस की पहल करने वाली अन्ना जार्विस ने इसके व्यावसाईकरण पर खेद जताया था। उनका मानना था कि मां के प्रति सच्चा सम्मान एक दिन नहीं, बल्कि रोजमर्रा के व्यवहार में झलकता है। मां के साथ बिताए गए सच्चे पल, उसकी बातों को ध्यान से सुनना और उसकी भावनाओं को समझना ही वास्तविक श्रद्धांजलि है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मां के प्रति कृतज्ञता कोई क्षणिक भावना नहीं, बल्कि जीवनभर निभाया जाने वाला भाव है।

जहां से भविष्य की दिशा तय होती है, वहां मां की छाप सबसे गहरी होती है। वह सिर्फ परिवार की धुरी नहीं, बल्कि राष्ट्र की असली नींव है। एक शिक्षित और जागरूक मां अपने बच्चों के साथ समाज को भी सही राह दिखाती है। खेतों से शहरों तक, अनगिनत माताएं बिना वेतन और बिना विश्राम निरंतर राष्ट्र निर्माण में लगी हैं। उनका परिश्रम भले मौन हो, पर उसका प्रभाव असीम है। जब मां अपनी बेटी को शिक्षित करती है, तो वह एक नहीं, कई पीढ़ियों को सशक्त बना देती है। इसलिए मां की भूमिका इतनी विशाल है कि उसे शब्दों में पूरी तरह बांध पाना संभव नहीं। जब कृतज्ञता शब्दों से आगे बढ़कर संकल्प बन जाती है, तभी मातृ-दिवस का अर्थ पूर्ण होता है। 10 मई 2026 हमें केवल उत्सव नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पहचानने का अवसर देता है। मां के लिए एक स्नेहभरा फोन, उसके साथ बिताया गया थोड़ा-सा समय या एक सच्ची मुस्कान कृ ए छोटे कदम उसके जीवन में गहरी खुशी भर देते हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि उसके चेहरे की मुस्कान कभी फीकी न पड़े और उसकी आंखों में आंसू न आएं। क्योंकि मां की प्रसन्नता ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है, और उसकी संतुष्टि से बड़ा कोई पुरस्कार नहीं। जब हर रिश्ता समय के साथ बदलता है, तब भी एक सत्य अडिग रहता है मां। उसका प्रेम वह सूक्ष्म धागा है, जो टूटे सपनों को फिर से जोड़ देता है और बिखरे जीवन को संवार देता है। 10 मई 2026 का यह मातृ-दिवस हमें याद दिलाता है कि हम उसी के अंश हैं, उसके त्याग और स्नेह का विस्तार हैं।



ठाणे। महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (एमएसबीएसएचएसई) की कक्षा 10 के परिणाम घोषित होने के बाद जश्न मनाते छात्र व छात्राएं।

## दक्षिण कोरिया में पहले रोबोट भिक्षु 'गाबी' को बौद्ध दीक्षा दी गई

**सोल।** दक्षिण कोरिया में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर से पहले बौद्ध दीक्षा देकर पहले रोबोट भिक्षु 'गाबी' को आधिकारिक रूप से आध्यात्मिक सेवा में शामिल किया है। देश की राजधानी सोल स्थित जोग्येसा मंदिर के ह्युंगजेयोन हॉल में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान बुधवार को 130 सेंटीमीटर ऊंचे इस रोबोट ने पारंपरिक बौद्ध वस्त्र धारण कर भिक्षुओं के साथ प्रार्थना में भाग लिया। चीनी कंपनी यूनिट्री रोबोटिक्स द्वारा विकसित इस ह्यूमनॉइड रोबोट 'जी1' को जोग्ये ऑर्डर ऑफ कोरियन बुद्धिज्म द्वारा आयोजित दीक्षा समारोह में 'गाबी' नाम दिया गया। 'सुग्ये' नामक इस अनुष्ठान में रोबोट ने बुद्ध की शिक्षाओं और मठवासी समुदाय के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। दक्षिण कोरिया के इतिहास में यह अपनी तरह का पहला मामला है जब किसी ह्यूमनॉइड रोबोट को बौद्ध दीक्षा दी गई है।

# भारत के सामने कमजोर साबित हुआ पाक रक्षा नेटवर्क

## अफगान डायस्पोरा नेटवर्क की रिपोर्ट में बड़ा दावा: पाक के एयरफील्ड हैंगर और रडार सिस्टम को काफी नुकसान पहुंचा

**काबुल।** भारत का ऑपरेशन सिंदूर इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण था कि पाकिस्तान की रक्षा व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं निकली जितना दावा किया जाता था। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले साल भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, जब पाकिस्तान के रक्षा प्रणालियों को रियल-टाइम टारगेटिंग, एकीकृत वायु रक्षा और इलेक्ट्रानिक युद्ध के विरुद्ध परखा गया तो वे उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे।

अफगान डायस्पोरा नेटवर्क की रिपोर्ट में कहा गया कि आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम से यह उम्मीद नहीं होती कि वह हर हमला रोक दे, लेकिन उससे कम से कम अहम सैन्य ठिकानों को बार-बार और एक साथ होने वाले हमलों से बचाने की उम्मीद जरूर की जाती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ऐसा करने में नाकाम रहा। रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय हमलों से पाकिस्तान के एयरफील्ड, हैंगर और रडार सिस्टम को काफी नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान का एचक्यू-9 लंबी

**■ पाकिस्तान की तरफ से किए गए दावों को समर्थन देने वाला कोई ठोस सबूत अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में साझा नहीं किया गया**



दूरी वाला सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम भी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाया। इसे चीन के एक हाई-एंड सिस्टम के तौर पर पेश किया गया था, जो पश्चिमी और रूसी सिस्टम को टक्कर देने वाला माना जाता था। माना जा रहा था कि यह भारतीय एयर आपरेशंस को मुश्किल बना देगा और रणनीतिक एयर बेस की रक्षा करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पाकिस्तान और चीन ने मिलकर विकसित किया जेएफ-17 मल्टीरोल फाइटर विमान भी कमजोर साबित हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि यह भारतीय हमलों को संवेदनशील सैन्य ठिकानों तक पहुंचने से नहीं रोक पाया। साथ ही शुरुआती हवाई लड़ाई के बाद भारतीय एयरबेस को किसी बड़े नुकसान का कोई साफ सबूत भी सामने नहीं आया। रिपोर्ट में कहा गया, जिस विमान को पाकिस्तान की सस्ती और मजबूत एयर पावर की रीढ़ बताया जाता था, उसके लिए यह प्रदर्शन भरोसा बढ़ाने वाला नहीं था। जे-10सी लड़ाकू विमान और पीएल-15 लंबी दूरी की एयर-टू-एयर मिसाइल के बारे में भी रिपोर्ट में कहा गया कि इनके किसी बड़े सामरिक सफलता के पक्के सबूत नहीं मिले। पाकिस्तान की तरफ से किए गए दावों को समर्थन देने वाला कोई ठोस सबूत अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में साझा नहीं किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि जे-10सी की कथित रणनीतिक सफलता अब तक बड़े निर्यात में नहीं बदली है। पेंटागन की 2025 की चीन सैन्य रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि पाकिस्तान अभी तक जे-10सी का इकलौता विदेशी ग्राहक बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान लंबे समय से चीनी सैन्य उपकरणों के परीक्षण के लिए एक भरोसेमंद प्रयोगशाला की तरह काम करता रहा है, और उनकी कमियों का असर भी उसे ही झेलना पड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान के सैन्य उपकरणों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगातार भरोसे की कमी का सामना करना पड़ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर ने सिर्फ कुछ सिस्टम को नुकसान नहीं पहुंचाया, बल्कि पाकिस्तान के इस दावे को भी कमजोर कर दिया कि उसकी रक्षा व्यवस्था पूरी तरह भरोसेमंद और युद्ध के लिए तैयार है।

# अमेरिका ने फिर की ईरान पर बमबारी

## वॉशिंगटन ने कहा: ईरानी सेना ने उसके जंगी जहाजों पर मिसाइल, ड्रोन और छोटी नावों से हमला किया था

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका ने सीजफायर के बावजूद ईरान पर फिर बमबारी की। अमेरिका ने कहा कि ईरानी सेना ने उसके जंगी जहाजों पर मिसाइल, ड्रोन और छोटी नावों से हमला किया था। इसके जवाब में अमेरिकी सेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने डील नहीं की तो अमेरिका आगे भी हमले करेगा।

वहीं, ईरान का दावा है कि अमेरिकी हमले में सैन्य ठिकानों नहीं, नागरिक इलाकों को निशाना बनाया गया। ईरानी सेना ने कहा कि उसने जवाबी कार्रवाई में होर्मुज स्ट्रेट और चाबहार पोर्ट के पास मौजूद अमेरिकी सैन्य जहाजों को निशाना बनाया। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में उसके तेल टैंकरों को निशाना बनाया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि ईरान के मिसाइल भंडार खत्म हो चुके हैं। अराघची ने कहा कि अमेरिकी सीआईए की इंटेलिजेंस गलत है। उन्होंने दावा किया कि ईरान का मिसाइल रिजर्व 120 प्रतिशत पर है और देश अपनी जनता की रक्षा के लिए 1000 प्रतिशत तैयार है। अराघची ने एक्स पर लिखा कि हर बार जब कूटनीतिक समाधान सामने आता है, अमेरिका सैन्य रास्ता चुनता है। ईरानी कभी दबाव में नहीं झुकेंगे। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और ईरान 30 दिन तक लड़ाई रोकने और होर्मुज स्ट्रेट खोलने के प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे हैं। इसी दौरान स्थाई डील पर बातचीत जारी रहेगी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज से गुजर रहे अमेरिकी जंगी जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमले हुए, लेकिन अमेरिकी सेना ने उन्हें मार गिराया और हईरानी छोटी नावों को तबाह कर दिया। संयुक्त राष्ट्र की समुद्री एजेंसी आईएमओ के मुताबिक, होर्मुज संकट के कारण खाड़ी क्षेत्र में करीब 1500 जहाज फंसे हुए हैं। तेल, गैस और सप्लाई चेन पर असर बढ़ रहा है, जबकि सोमालिया जैसे देशों में खाद्य संकट और गहरा गया है। इजरायल ने दावा किया कि उसने हिजबुल्लाह की रदवान यूनिट के कमांडर अहमद बलूत समेत कई बड़े कमांडरों को बेरूत हमले में मार गिराया। जवाब में हिजबुल्लाह ने दक्षिणी लेबनान में इजरायली टैंक और सैन्य ठिकानों पर हमलों का दावा किया। अमेरिका ने ईरान से जुड़े नेटवर्क पर नए प्रतिबंध लगाए। इनमें इराक के डिप्टी आयल मिनिस्टर अली मारीज अल-बहादली और कई कंपनियां शामिल हैं। अमेरिका का आरोप है कि ये लोग तेल कारोबार के जरिए ईरान और उसके समर्थित समूहों की मदद कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा-अमेरिका के तीन बड़े युद्धपोत सुरक्षित तरीके से होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर गए, जबकि उन पर हमला किया गया था। ट्रम्प के मुताबिक, इन जहाजों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन जवाबी कार्रवाई में ईरान के हमलावर पूरी तरह तबाह हो गए। कई छोटी नावें भी समुद्र में डुबो दी गईं, जिनका इस्तेमाल ईरान अपनी कमजोर पड़ चुकी नौसेना की जगह कर रहा था। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिकी युद्धपोतों पर मिसाइलें और ड्रोन दागे गए, लेकिन अमेरिकी सेना ने सभी हमलों को हवा में ही नष्ट कर दिया।



**■ ईरान का मिसाइल रिजर्व 1 प्रतिशत पर है और देश अपनी जनता की रक्षा के लिए 1000 प्रतिशत तैयार है: अराघची**

### ट्रम्प ने तुलना में ईरान युद्ध को बहुत छोटा बताया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक चार्ट साझा करते हुए दावा किया है कि ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष, द्वितीय विश्व युद्ध और वियतनाम युद्ध जैसे ऐतिहासिक युद्धों की तुलना में काफी छोटा रहा है। ट्रम्प द्वारा 'ट्रूथ सोशल' पर साझा किए गए ग्राफिक में इस संघर्ष को ईरान अभियान (ईरान एक्सकर्शन) का नाम दिया गया है और इसके छह सप्ताह से जारी होने का दावा किया गया है। हालांकि, आंकड़ों के अनुसार ईरान के साथ यह युद्ध 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए संयुक्त मिसाइल हमलों के बाद शुरू हुआ था, जिसे अब नौ सप्ताह से अधिक का समय हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस संघर्ष को 'अविश्वसनीय रूप से सफल' बताते हुए कहा है कि यह बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ईरान शांति समझौते को स्वीकार नहीं करता है, तो वे और भी बड़े स्तर के हमले के आदेश दे सकते हैं। ट्रम्प के इस चार्ट में अफगानिस्तान युद्ध (543 सप्ताह), इराक युद्ध (457 सप्ताह) और वियतनाम युद्ध (439 सप्ताह) की तुलना में ईरान संघर्ष की कम अवधि पर गर्व जताया गया है।

## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी में विस्फोट तीन पर्वतारोहियों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक सुदूर हलमहेरा द्वीप पर स्थित माउंट दुकोनो में शुक्रवार सुबह अचानक हुए विस्फोट से तीन पर्वतारोही मौत हो गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा तब हुआ, जब ज्वालामुखी से अचानक राख की मोटी परत और ज्वालामुखीय मलबा निकलने लगा। इससे क्रेटर के पास मौजूद पर्वतारोहियों का एक समूह फंस गया। अन्य जीवित बचे लोगों से मिली सूचना के बाद तड़के बचाव दल मौके पर पहुंचा। जहां ट्रैकिंग समूह के कई सदस्य भारी राख के कारण लगी मामूली चोटों और सांस संबंधी समस्याओं के साथ सुरक्षित निकलने में सफल रहे, वहीं तीन लोगों की मौत ज्वालामुखीय चट्टानों की चपेट में आने से हुई। स्थानीय अधिकारियों ने पुष्टि की कि जब विस्फोट हुआ, तब ये पर्वतारोही शिखर के पास प्रतिबंधित क्षेत्र में थे। माउंट दुकोनो के अलावा माउंट इबू में भी बड़ा विस्फोट हुआ है। उत्तरी मालुकु में स्थित इस ज्वालामुखी में स्थानीय समय के अनुसार आज दोपहर लगभग 1:41 बजे धमाका हुआ।

## होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका-ईरान युद्धविराम बरकरार: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि गुरुवार देर रात अमेरिका और ईरान दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी के बाद भी युद्धविराम बरकरार है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि पहले गोली किसने चलाई। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार ईरान के शीर्ष सैन्य कमान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर आ रहे एक ईरानी तेल टैंकर और एक अन्य पोत को निशाना बनाया और कई तटीय क्षेत्रों पर 'हवाई हमले' किए।

इस बीच अमेरिका ने कहा कि उसने जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसेना के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोतों पर ईरानी हमलों का जवाब 'आत्मरक्षा' के तौर पर दिया। ट्रम्प ने कहा कि ईरान ने 'आज हमसे खिलवाड़ किया'। ईरानी सरकारी मीडिया ने शुरू में होर्मुज जलडमरूमध्य में 'विस्फोटों' की सूचना दी, जिसे 'शत्रुता' के साथ 'गोलीबारी' बताया गया। इस बीच, स्थानीय मीडिया ने तेहरान में विस्फोटों की आवाजें सुनने की सूचना दी। इसके कुछ ही समय बाद, ईरान के शीर्ष सैन्य कमान के एक बयान में कहा गया कि अमेरिकी 'हवाई हमलों' ने बंदर खमीर, सिरिक और केशम द्वीप के तटों को निशाना बनाया। ईरान ने कहा कि उसने अमेरिकी सैन्य जहाजों पर तत्काल हमला करके जवाबी कार्रवाई की, जिससे 'काफी नुकसान' हुआ, और अमेरिका पर 'युद्धविराम का उल्लंघन' करने का आरोप लगाया। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने ईरान के हमलों को 'बिना किसी उकसावे के' बताया और कहा कि जब अमेरिकी नौसेना के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक स्ट्रेट से गुजर रहे थे, तब ईरानी सेना ने कई मिसाइलों, ड्रोन और छोटी नौकाओं से हमले किए। सेंटकॉम ने कहा कि उसने आने वाले खतरों को खत्म कर दिया है और अमेरिकी सेना पर हमला करने के लिए जिम्मेदार ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

**■ ईरान ने अमेरिकी सैन्य जहाजों पर तत्काल हमला करके जवाबी कार्रवाई की जिससे 'काफी नुकसान' हुआ**

# युद्धविराम के बीच इजरायल की कार्रवाई तेज

## लेबनान के गांव को खाली करने का दिया आदेश

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के अल-अब्बासियाह गांव में इजरायली सेना ने जबरन विस्थापन का आदेश जारी किया है। यह गांव टायर शहर के पूर्व में स्थित है। इजरायली सेना के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर गांव के निवासियों से तुरंत अपने घर खाली करने को कहा।

पोस्ट में कहा गया कि अल-अब्बासियाह के लोग बिना देरी किए गांव छोड़ दें और कम से कम 1000 मीटर दूर खुले इलाकों की ओर चले जाएं। लेबनान में फिलहाल युद्धविराम लागू होने के बावजूद इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। दक्षिणी लेबनान में इजरायली सैन्य कार्रवाई और हवाई हमलों के चलते कई इलाकों से लोगों का पलायन जारी है। वहीं, हिजबुल्लाह और इजरायली बलों के बीच रुक-रुक कर संघर्ष भी जारी है। लेबनान में भारतीय दूतावास ने खाड़ी क्षेत्र में फंसे पांच भारतीयों को निकाला और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की। इस मिशन के लिए दूतावास ने लेबनान की सरकार का आभार जताया है। दूतावास ने सोशल मीडिया में कहा, पांचों भारतीयों की सुगम वापसी में सहयोग व समर्थन के लिए लेबनानी अधिकारियों का हार्दिक धन्यवाद। वहीं अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल ने दक्षिण लेबनान के नबातियेह जिले में हवाई हमले किए हैं।



**■ दक्षिण लेबनान पर इजरायली हवाई हमले, 11 लोगों की मौत**

# हंतावायरस वाले जहाज पर 2 भारतीय, अब तक 3 की मौत

**प्राया।** अटलांटिक महासागर में क्रूज शिप डट होंडियस पर 2 भारतीय नागरिक शामिल है। यह वही शिप हैं, जिस पर हंतावायरस फैला है। बीबीसी के मुताबिक अब तक जहाज पर हंतावायरस संक्रमण के पांच मामलों की पुष्टि हुई है और 3 लोगों की मौत हो चुकी है।

वहीं, नीदरलैंड की लीडेन यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में भर्ती हंतावायरस मरीज का इलाज कर रहीं डाक्टर करिन एलेन वेल्डकैंप ने कहा कि यह वायरस कोरोना जैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि हंतावायरस का इंसान से इंसान में फैलना आसान नहीं है। इसका ट्रांसमिशन कोरोना की तुलना में काफी मुश्किल है। डच फ्लैग वाला यह जहाज स्पेन जा रहा है। यह 10 मई तक स्पेन के कैनरी आइलैंड तक पहुंच सकता है, जहां जहाज पर मौजूद सभी यात्रियों की जांच होगी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि घटना गंभीर है, लेकिन फिलहाल आम लोगों के लिए खतरा कम माना जा रहा है।

**■ डाक्टर बोले: यह कोरोना की तरह तेजी से नहीं फैलता, संक्रमण के पांच मामलों की पुष्टि हुई**

## जर्मनी में भारतीय कामगारों की मांग

**संयुक्त राष्ट्र।** जर्मनी के बहुपक्षीय मामलों के कमिश्नर फ्लोरियन लाडी के अनुसार जर्मनी की देश-विशिष्ट माइग्रेशन नीति के तहत भारत पसंदीदा देश है। उन्होंने भारत को स्किल्ड कामगारों के सबसे महत्वपूर्ण सोर्स में से एक बताया। भारत के यूएन मिशन की ओर से आयोजित 'माइग्रेशन गवर्नेंस में डिजिटल इनोवेशन का फायदा उठाना' विषय पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरा लाउडी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहतरीन सहयोग एक ट्रिपल विन है- माइग्रेंट्स के लिए, मेजबान जर्मनी के लिए जहां श्रमिकों की कमी है, और भारत के लिए जिसके पास बड़ी संख्या में कार्यबल उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि 'यह उन हजारों युवा भारतीय श्रमिकों के लिए जीत है, जो जर्मनी आए हैं। मैं इसे हर दिन बर्लिन की सड़कों पर देखता हूं। कुल मिलाकर, जर्मनी में भारतीय माइग्रेंट्स बेहद क्वालिफाइड हैं, खासकर विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में। उनकी असाधारण योग्यता उनकी औसत आय में भी दिखती है, जो जर्मनी की औसत आय से अधिक है। उन्होंने कहा कि अकेले 2025 में 1,80,000 भारतीयों ने जर्मनी के वर्कफोर्स में योगदान दिया है, जो पिछले दस वर्षों में 656 फीसदी की बढ़ोतरी दर्शाता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

# प्रवासन पर भारत का दृष्टिकोण समग्र और व्यावहारिक

**न्यूयार्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में कहा कि वह प्रवासन के लिए एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के लिए तैयार ढांचा बनाने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा, अनियमित प्रवासन और मानव तस्करी जैसी समस्याओं से भी निपट रहा है।

केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने न्यूयार्क में ग्लोबल काम्पैक्ट फार माइग्रेशन (जीसीएम) के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन समीक्षा मंच (आईएमआरएफ) की पूर्ण बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा प्रवासन असल में लोगों, उनकी आकांक्षाओं, उनकी मेहनत और समाज में उनके योगदान के बारे में है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसा ढांचा बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जो समावेशी, मानवीय और भविष्य के लिए हो। साथ ही अनियमित प्रवासन, मानव तस्करी और सामाजिक सुरक्षा की कमियों जैसी चुनौतियों का भी समाधान करे। सिंह ने बताया कि भारत प्रवासन को एक 'समग्र और व्यावहारिक' ढांचे (फ्रेमवर्क) के जरिये प्रबंधित करता है, जिसमें प्रवासियों की सुरक्षा, प्रवासन प्रक्रिया के हर चरण की निगरानी और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े और सक्रिय प्रवासी समुदायों में से एक का घर है, जिसमें 3.4 करोड़ से अधिक लोग शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत वैश्विक धन प्रेषण (रेमिटेंस) प्राप्त करने वाला प्रमुख देश है, यह देखता है कि प्रवासन जीवन, समुदायों और राष्ट्रों को कैसे बदल सकता है।

**■ प्रवासन के लिए एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के लिए तैयार ढांचा बनाने की कोशिश जारी: विदेश राज्य मंत्री**

उ.प्र. शासन एवं उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रदेश के निजी क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में होम्योपैथिक भैषजिक (फार्मासिस्ट) के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी
प्रवेश परीक्षा 2026-27
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज
देवबन्द जिला सहारनपुर (उ0प्र0) सीटें 100
मो. 9368119199, 7983332502
शैक्षिक योग्यता एवम शर्तें-इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग अथवा मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता इण्टर मीडिएट परीक्षा में सम्मिलित छात्र भी पात्र होगे अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से जारी देना होगा। अभ्यर्थी की आयु 31 अगस्त 2026 को 17 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। अन्य विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्रशिक्षण केन्द्रो से या वेबसाईट www.mcgcdeoband.com के द्वारा दिनाँक 31 मई 2026 सायं 5.00 बजे तक 500.00 (परीक्षा शुल्क सहित) नकद अथवा डी.डी. के माध्यम से जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।
प्रवेश परीक्षा 2026-27 डी.एच.पी. (संयोजक)
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज देवबन्द जिला सहारनपुर (उ0प्र0)

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)